

## तुमची मदत ही एका पक्ष्यापुरती मदत नाही

वर्षभर सारसांच्या अधिवासाची पाहणी करणे, घरटी शोधणे, गणना करणे, शेतकऱ्यांशी संपर्क ठेवणे, 'सारस मित्र' तयार करणे, शाळा-महाविद्यालयांमध्ये जनजागृती करणे, गावांमध्ये संवर्धनाची चळवळ उभी करणे. या प्रत्येक कामासाठी मनुष्यबळ आणि निधी लागतो. एवढेच नाही तर आता संस्थेने अधिवास व्यवस्थापन, तलावाचा जीर्णोद्धार ही कामेही हाती घेतली आहेत. आजवर संस्थेतील अनेकांनी हे काम स्वतःच्या खिशातून पैसे खर्च करून पुढे नेले. मात्र, आता ती क्षमता संपत चालली आहे. संस्थेकडे निधीचा नियमित स्रोत नाही. कामाची गरज वाढत असताना साधनांची कमतरता आहे. एका सारसाचे घरटे वाचविणे म्हणजे एका पक्ष्याचे आयुष्य वाचविणे. पण त्याचबरोबर त्या घरट्याभोवतीचा पाणथळ अधिवास, शेतकरी, शेतीतील जैवविविधता आणि संपूर्ण परिसंस्था वाचविण्याचा तो प्रयत्न असतो. गोंदियातील सारस हा महाराष्ट्राच्या जैवविविधतेचा वारसा आहे. चारवरून ३५ पर्यंत पोहोचलेली ही संख्या पुन्हा शून्याकडे जाऊ नये, यासाठी संस्थेला पाठबळाची गरज आहे. 'सेवा'ला दिलेली देणगी थेट क्षेत्रातील संवर्धनाच्या कामाला बळ देईल. अगदी छोट्या योगदानातूनही एखादे घरटे वाचू शकते, एखादा शेतकरी संवर्धनाच्या प्रवाहात राहू शकतो आणि एखाद्या सारसाच्या पिल्लाला सुरक्षित आकाश मिळू शकते.




# सारस पक्ष्यांच्या संवर्धनाची 'सेवा'

**नामशेष होऊ घातलेल्या सारस पक्ष्याचे अस्तित्व आपल्या राज्यातून कायमचे मिटून जाऊ नये यासाठी २० वर्षांपूर्वी सुरू झालेल्या प्रयत्नांना 'सेवा'च्या माध्यमातून संस्थात्मक रूप मिळाले. त्यामुळे गोंदिया परिसरातील या देखण्या पक्ष्यांची संख्या आता चारवरून ३५ वर पोहोचली आहे. फक्त सारस पक्षीच नव्हे तर त्याला आवश्यक असलेली परिसंस्था टिकवण्यासाठी धडपडणाऱ्या या हातांना पाठबळ गरजेचे आहे.**

सारस' हा पक्षी कधीकाळी संपूर्ण राज्यातूनच नामशेष होण्याची वेळ आली होती. गोंदिया जिल्हा हा या पक्ष्यासाठी शेवटची आशा होती, पण याही जिल्ह्यात सारस पक्ष्यांची संख्या इतकी रोडावली होती की, महाराष्ट्रातून हा पक्षी कायमचा नाहीसा होणार की काय, अशी भीती निर्माण झाली होती. २००४-०५ च्या सुमारास गोंदिया जिल्ह्यात अवघे काही सारस आढळत होते. त्या वेळी काही संवेदनशील व्यक्तींनी हा पक्षी शोधण्यापासून त्याच्या घरट्यांचे संरक्षण करण्यापर्यंतची मोहीम हाती घेतली. पुढे त्याच प्रयत्नांना संस्थात्मक रूप मिळाले आणि २०१२ मध्ये 'सस्टेनिंग एन्व्हायर्नमेंट अँड वाइल्डलाईफ असेंब्लेज' अर्थात 'सेवा' ही संस्था उभी राहिली. आज गोंदिया जिल्ह्यातील सारसांची संख्या ३५ च्या घरात पोहोचली आहे.

चारपासून ३५ पर्यंतचा हा प्रवास केवळ संख्येत झालेली वाढ नाही. तर तो स्थानिकांच्या सहभागातून उभ्या राहिलेल्या संवर्धनाच्या प्रयत्नांचा परिणाम आहे. मात्र, ही वाटचाल ज्या बळावर झाली, तेच बळ आता कमी पडू लागले आहे. 'सेवा'चे काम थांबले, तर महाराष्ट्रातील सारस संवर्धनाची उरलीसुरली आशाही धोक्यात येऊ शकते. राज्यातून हा पक्षी कायमचा नामशेष होऊ शकतो. त्यामुळे त्याचे अस्तित्त्व राज्यात टिकवून ठेवण्यासाठी 'सेवा'च्या या कार्याला आता समाजाच्या मदतीची गरज आहे.

गोंदिया आणि लगतच्या भागातील सुमारे ५५ ते ६० गावे आज सारसांचा अधिवास आहेत. वैनगंगा नदी आणि त्यालगतचा परिसर, तलाव, पाणथळ जागा आणि भातशेती या भागाशी सारसांचे नाते जोडलेले आहे. एक सारस जोडी अनेक गावे फिरते. त्यामुळे सारसांचे संवर्धन केवळ जंगलात करता येत नाही; त्यासाठी गाव, शेतकरी आणि शेतीच्या बांधापर्यंत पोहोचावे लागते. सारस हा मुळात जंगलात राहणारा पक्षी नाही. अधिवास नष्ट होत गेल्याने त्याने भातशेतांचा आधार घेतला आणि शेतांमध्येच घरटी बांधण्यास सुरुवात केली. साहजिकच शेतकऱ्यांचे नुकसान होऊ लागले. त्यामुळे काही ठिकाणी त्यांची घरटी नष्ट केली जात. अंडी पळवली जात आणि शिकारीचाही धोका होता. याच ठिकाणी 'सेवा'ने संवर्धनाची खरी लढाई सुरू केली. संस्थेचे कार्यकर्ते वर्षभर सारसांचा अधिवास शोधतात, जोड्या ओळखतात, घरट्यांची नोंद करतात आणि त्यांना असलेले धोके शोधून काढतात. गावातील पोलीसपाटील, सरपंच, विद्यार्थी आणि ग्रामस्थांना या सगळ्या प्रक्रियेत सहभागी करून घेतले जाते. यासाठी गावागावांतून 'सारस मित्र' तयार करण्यात आले आहेत. पावसाळ्यात भातशेतात घरटे सापडले की त्याची माहिती घेण्यापासून ते शेतकऱ्याला शासनाकडून मोबदला मिळवून देण्यापर्यंतची प्रक्रिया 'सेवा'चे कार्यकर्ते करतात. सारसाच्या घरट्याचे संरक्षण करणाऱ्या शेतकऱ्याला संस्थेच्या पाठपुराव्यामुळे सुरूवातीला एका घरट्यामागे १० हजार रुपये मिळायला लागले. आज ते वाढून २५ हजार रुपयांपर्यंत गेले आहेत. 'सेवा'ने सातत्याने केलेल्या पाठपुराव्यामुळे हा बदल झाला आहे.





संस्थेचे कार्यकर्ते सारसांचा अधिवास शोधतात, जोड्या ओळखतात, घरट्यांची नोंद करतात आणि त्यांना असलेले धोके शोधून काढतात. गावातील पोलीसपाटील, सरपंच, विद्यार्थी आणि ग्रामस्थांना यात सहभागी करून घेतले जाते. यासाठी गावागावांतून 'सारस मित्र' तयार करण्यात आले आहेत.

शेतकऱ्यांमध्ये सारसामुळे होणारे नुकसान सहन करण्याची मानसिकता निर्माण करणे सोपे नव्हते. सुरुवातीच्या काळात संस्थेचे कार्यकर्ते स्वतःच्या खिशातून पैसे देऊन शेतकऱ्यांना मदत करीत. हळूहळू त्यांच्याबरोबरच्या संवादातून शेतकऱ्यांची मानसिकता बदलत गेली. सारसाचे घरटे आपल्या शेतात असणे हे आता अनेक शेतकऱ्यांना अभिमानाचे वाटू लागले आहे. याच सहभागातून 'सारस फ्रेंडली राईस' हा अभिनव उपक्रम सुरू झाला. त्याअंतर्गत सारसाच्या घरट्यांचे संरक्षण करणाऱ्या शेतकऱ्यांचा गट तयार करण्यात आला. सुमारे ८० एकर क्षेत्रात सेंद्रिय पद्धतीने धानाची शेती केली जात आहे. सेंद्रिय खत तयार करण्यापासून ते तयार तांदूळ चांगल्या दराने विकण्यापर्यंत 'सेवा' शेतकऱ्यांना मदत करते. यामुळे एकाच वेळी दोन उद्दिष्टे साध्य होत आहेत. शेतीतील रासायनिक फवारणी कमी होण्याबरोबरच सारसांचा विषबाधेमुळे होणारा मृत्यू रोखण्यास मदत होत आहे. त्याचबरोबर सेंद्रिय शेती आणि सुरक्षित अन्नाचा मार्गही खुला होत आहे.

सारसाच्या संवर्धनाचे काम करताना 'सेवा'ने त्याच्या अधिवासाशी जोडलेल्या इतर प्रजातींकडेही लक्ष दिले. २०१५ पासून ग्रामसभांच्या सल्ल्याने पाणथळ जागांमधील तण काढणे, स्थानिक माशांच्या प्रजाती वाढविणे आणि अधिवास सुधारणे यासाठी विविध उपाय करण्यात आले. विशेष म्हणजे व्याघ्रसंवर्धनातही या संस्थेची भूमिका अतिशय मोलाची आहे. गवताळ प्रदेशाच्या पुनर्संचयितीकरणाच्या प्रयत्नांतून काळवीट, लांडगे आणि गवताळ अधिवासावर अवलंबून असलेल्या पक्ष्यांना पुन्हा आधार मिळाला. माळरानाचे महत्त्व अधोरेखित करणारे हे काम आहे. मात्र, एकीकडे माळरान तयार करण्याचे प्रयत्न होत असताना दुसरीकडे वृक्षलागवडीच्या मोहिमांमुळे असे गवताळ अधिवास नष्ट होत आहेत, हा विरोधाभासही या कामाच्या निमित्ताने पुढे आला. 'सेवा'ने आपले कार्य गोंदिया जिल्ह्यापुरते मर्यादित ठेवले नाही. लगतच्या भंडारा जिल्ह्यासह मध्यप्रदेशातील बालाघाटमध्येही सारस संवर्धनाचे काम त्यांनी सुरू केले. त्यामुळे या भागातील सारसांची संख्या वाढण्यास मदत झाली आणि त्यांची ये-जा गोंदिया परिसरातही वाढली. विविध जिल्हे आणि दोन राज्यांमध्ये समन्वय साधणाऱ्या या कामातून संस्थेच्या कार्याची व्याप्ती स्पष्ट होते.

खरं तर सारस हा पक्ष्यांमध्ये सर्वाधिक वजनाचा म्हणजेच सहा ते आठ किलो वजनाचा, साडेतीन ते साडेपाच फूट उंचीचा आणि आठ फुटांचे पंख असलेला पक्षी. याच सारसांच्या अस्तित्वापुढे आज अनेक धोके आहेत. वीजवाहक तारांना धडकून होणारे मृत्यू, कीटकनाशकांचा वापराचा त्यांच्या जीविताला असलेला धोका, विषारी गवत खाल्ले जाणे, मोकाट कुत्र्यांचे हल्ले, अधिवासाचा ऱ्हास, घरट्यांना असलेला धोका आणि अंडी चोरी यांचा त्यात समावेश आहे. मुंबई उच्च न्यायालयाच्या नागपूर खंडपीठानेही या प्रश्नाची दखल घेतली आहे. 'सेवा'च्या अहवालाची दखल घेत न्यायालयाने सारस संवर्धनासाठी धोरणात्मक उपाययोजना करण्याच्या सूचना दिल्या. त्यानुसार गोंदिया, भंडारा आणि चंद्रपूर जिल्ह्यांत सारस संवर्धन समित्या स्थापन करण्याचे निर्देशही देण्यात आले. मात्र, न्यायालयीन दखल आणि शासकीय यंत्रणा यांच्याइतकेच प्रत्यक्ष गावपातळीवर वर्षभर काम करणारे हातही महत्त्वाचे आहेत. ते हात म्हणजे 'सेवा'चे कार्यकर्ते आणि त्यांचे स्वयंसेवक. सावन बाहेकर यांनी 'सेवा' ही संस्था जन्माला घातली, पण संस्थेच्या कार्याची व्याप्ती वाढवण्यासाठी चेतन जेसानी, अभिजीत परिहार, कन्हैय्या उदापुरे, शशांक लाडेकर यासारखे असंख्य हात समोर आले.

**-राखी चव्हाण**

## संस्थेपर्यंत कसे जाल?




गोंदिया शहरातील रामनगर मार्गावरील कालीमाता मंदिराजवळ 'सालासार एन्क्लेव्ह' येथे तळमजल्यावर 'सेवा' संस्थेचे कार्यालय आहे.

### 'सेवा' गोंदिया

**SEWA**

या नावाने धनादेश काढावा. धनादेशामागे किंवा त्याबरोबर देणगीदाराने आपले संपूर्ण नाव, पत्ता, दूरध्वनी तसेच भ्रमणध्वनी क्रमांक लिहावा. संस्था ८० जी करसवलत पात्र आहे.

### ऑनलाइन देणगीसाठी तपशील

- **बँकेचे नाव :** कॉसमॉस को-ऑपरेटिव्ह बँक, नागपूर शाखा
- **चालू खाते क्रमांक :** ०३७१००१०७४०५
- **आयएफएससी :** सीओएसबी००००३७




**धनादेश येथे पाठवा... एक हजार किंवा त्याहून अधिक रुपयांची देणगी देणाऱ्यांची नावे 'लोकसत्ता'त प्रसिद्ध केली जातील.**

| मुंबई कार्यालय | महापे कार्यालय | ठाणे कार्यालय | पुणे कार्यालय | नागपूर कार्यालय | दिल्ली कार्यालय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| **लोकसत्ता, संपादकीय विभाग,** मफतलाल सेंटर, सातवा मजला, नरिमन पॉइंट, मुंबई - ४०००२१, ०२२-६७४४०२५० | **संपादकीय विभाग,** प्लॉट नं. ईएल १३८, टीटीसी इंड. एरिया, एमआयडीसी, महापे, नवी मुंबई - ४००७१०. ०२२-२७६३९९०० | **संपादकीय विभाग,** फ्लॅट नं.५, तिसरा मजला, होशबानो मॅन्शन, तनिष्क शोरूमच्या वर, गोखले रोड, नौपाडा ठाणे (प.) ४००६०२. ०२०-२५३८५१३२ | **संपादकीय विभाग,** एक्स्प्रेस हाऊस, प्लॉट नं. १२०५/२/६, शिरोळे रस्ता, पुणे- ४११००४. ०२०-६७२४११२५ | **संपादकीय विभाग,** प्लॉट नं. ३८, अॅडिसन ट्रेड सेंटर, अंबाझरी, नागपूर - ४४००१०, ०७१२ - २२३०४२१ | **संपादकीय विभाग,** द इंडियन एक्स्प्रेस बिल्डिंग, बी१/ बी, सेक्टर १०, नॉएडा- २०१३०१. ०१२०- २०६६५१५०० |

---

कुतूहल

# कडक उन्हात का जाऊ नये?

**आपण सर्वजण** कडक उन्हाळ्याचा अनुभव घेतच असतो. नागरिकांनी दुपारी ११ ते ४ या काळात कडक उन्हात जाऊ नये अशा सूचना अगदी सरकारी पातळीवरूनही देण्यात येतात. कडक उन्हात गेल्यामुळे आरोग्याचे अनेक गंभीर प्रश्न निर्माण होऊन बऱ्याचदा जीवावरही बेतू शकतं.



कडक उन्हाचा पहिला परिणाम आपल्या शरीराच्या तापमानावर होतो. सर्वसाधारणपणे आपल्या शरीराचं तापमान ९८.६ फॅरेनहाईट किंवा ३७ अंश सेल्सियस असतं. कडक उन्हात गेल्यावर सूर्याच्या उष्णतेमुळे आपल्या आजूबाजूच्या वातावरणाचं तापमान वाढतं. त्यामुळे साहजिकच आपल्या शरीराचं तापमानही वाढतं. हे वाढलेलं तापमान कमी व्हावं म्हणून आपलं शरीरच काही उपाययोजना करतं. आपल्या घर्मग्रंथी कार्यरत होतात आणि आपल्याला घाम येतो. हा घाम त्वचेवर पोचला की शरीराच्या वाढलेल्या तापमानामुळे त्याचं बाष्पीभवन होतं. बाष्पीभवनामुळे शरीराचं तापमान कमी होतं. बऱ्याचदा हा घाम त्वचेखालच्या आवरणात अडकतो आणि आपल्याला त्रासदायक घामोळं येतं.

खूप घाम येणंही शरीराला योग्य नसतं. याचं कारण म्हणजे खूप घाम आला तर आधी शरीरातलं पाणी कमी होतं. इतकंच नाही तर घामावाटे शरीरातले सोडियम, पोटॅशियम, मॅग्नेशियम असे क्षार शरीरातून बाहेर टाकले जातात. यामुळे आपल्याला गळून गेल्यासारखं वाटतं. कडक उन्हात आपण चालत असू किंवा काही कष्टाचं काम करत असू तर शरीरातले क्षार घामावाटे बाहेर गेल्यामुळे आपल्या हातापायात गोळे येऊ शकतात. यालाच आपण 'निर्जलीकरण (डिहायड्रेशन)' असं म्हणतो. कडक उन्हात अतिनील किरणांचं प्रमाण जास्त असल्यामुळे त्वचेवर भाजल्यासारखे चट्टे पडतात. डोळ्यांनाही या अतिनील किरणांचा त्रास होऊ शकतो.

शरीराचं तापमान ४० अंश सेल्सियसच्या वर गेलं तर मात्र उष्माघात होऊ शकतो. उलटी होणं, डोक्यात गोंधळ उडणं, बरळल्यासारखं बोलणं, आकडी येणं आणि शेवटी शुद्ध हरपणं अशा गोष्टी कडक उन्हात फार काळ गेलं तर सहन कराव्या लागतात. उष्माघात झाल्यास संबंधित व्यक्तीला त्वरित सावलीत आणून तिच्या शरीराचं तापमान कमी व्हावं म्हणून थंड पाणी घेऊन तिचं शरीर ओल्या फडक्याने पुसावं.

उष्णतेमुळे हृदयावरचा ताण वाढू शकतो आणि हृदयविकार असलेल्या लोकांमध्ये गंभीर गुंतागुंत होऊ शकते. कडक उन्हात जाणं अपरिहार्य असेल तर डोक्यावर घेरदार टोपी घालणं, छत्री घेणं, डोक्याला रुमाल बांधणं अशी काळजी घ्यावी. कडक उन्हामुळे निर्जलीकरण होतं आणि कधीकधी लघवीचं प्रमाणही कमी होऊ शकतं. त्यामुळे सतत पाणी, लिंबूपाणी, नारळपाणी, ताक असे द्रवपदार्थ पीत राहणं असे उपाय करून आपण कडक उन्हापासून स्वतःला वाचवू शकतो.

**-डॉ. माधवी ठाकूरदेसाई**
**मराठी विज्ञान परिषद**
**ईमेल :** office@mavipa.org
**संकेतस्थळ :** www.mavipa.org

---

राजवाडे विचारविश्व

# गाथासप्तशतीच्या कालनिश्चितीसाठीचे पुरावे

**गाथासप्तशतीमधील दोन** श्लोक पुराव्यादाखल उद्धृत करून राजवाडे गणपतीचा काळ निश्चित करू पाहात आहेत, परंतु त्या दोन्ही श्लोकांचे मूळ असणाऱ्या गाथेच्या कालनिश्चितीबाबतच घुलेशास्त्री साशंक आहेत, असे चित्र त्यावेळी निर्माण झाले होते. त्याबद्दलची आपली साधार, भरभक्कम भूमिका मांडताना राजवाड्यांनी लिहिले, 'मी उद्धृत केलेल्या दोन्ही श्लोकांचे गणगोत व वयउमर यथातथ्याने सांगणे जरूर आहे. गाथा, श्लोक वगैरेंच्या जन्मपत्रिका व कुळकट तयार करणारे काही प्रख्यात ज्योतिषी आमच्या माहितीतले आहेत. त्यांच्या शब्दांवर विश्वास ठेवण्यास शास्त्रीबुवांनी तयार व्हावे, अशी त्यांना विनंती आहे...'



ज्या पहिल्या ज्योतिष्यांची साक्ष त्यांनी काढली ते होते राजाराम रामकृष्ण भागवत. 'न्यायमूर्तींचे पायी वाहिलेली माळ' या शीर्षकाची त्यांनी एक लेखमाला लिहिली होती, त्यातील फूल २ मध्ये सप्तशतीच्या काळाबद्दल त्यांनी जे लिहिले होते, तेच राजवाड्यांनी उद्धृत केले. 'शालिवाहनाच्या नावावर सप्तशती खपते, त्याअर्थी त्या वंशातल्या कोणत्या तरी राजाच्या कारकीर्दीतच ही बनली असावी. दीडशेच्या सुमारास शालिवाहनशक ह्या वंशाची समाप्ति झालेली दिसते म्हणून त्या सुमाराच्या फार अलीकडे गाथासप्तशती ओढून आणणे बरोबर ठरणार नाही'... या उद्धरणानंतर राजवाड्यांनी प्रा. भांडारकर यांनी लिहिलेल्या 'हिस्टरी ऑफ दि डेक्कन' या ग्रंथाच्या सहाव्या प्रकरणातील एक मोठा इंग्रजी परिच्छेद उद्धृत केला आणि पाठोपाठ त्याचा संक्षिप्त गोषवारा दिला, तो असा - 'डॉ. भांडारकरांच्या मते, शातवाहनांनी ख्रिस्तापूर्वी ७३ व्या वर्षापासून ख्रिस्तानंतर २१८ वर्षापर्यंत महाराष्ट्रात व तैलंगणात राज्य केले. सप्तशतीचा जो संकलक त्या हालाने ख्रिस्ताच्या १५० वर्षांच्या सुमारास राज्य केले असावे...'

तिसरे प्रमाण म्हणून राजवाड्यांनी 'काव्यमाला'काराचे संस्कृत भाष्य उद्धृत केले ते असे होते - 'वात्स्यायनस्मृतः कथासरित्सागरवर्णितश्च सातवाहन एक एव । तेनैव इयं गाथासप्तशती प्राचीनग्रंथेभ्यः संकलिता। स च ख्रिस्ताब्दस्य प्रथमशतक आसीदित्याधुनिकानां विद्वद्वराणां निश्चयः।' अगदी सहजगत्या ज्याचा अर्थ समजू शकेल, असे हे संस्कृत उद्धरण देऊन झाल्यावर राजवाड्यांनी एक शेरेवजा वाक्य लिहून मुद्दा निकालात काढला. 'लॅस्सेन, विल्सन, हॉल वगैरेंची मते डॉ. भांडारकरांच्या मतापुढे देण्यात विशेष हशील नाही. डॉक्टरांच्या पूर्वी त्यांनी लिहिले असून डॉक्टरांच्या मताला त्यांची मते पोषकच आहेत... तेव्हा सप्तशतीचा काल शालिवाहनाच्या पहिल्या शतकात पडतो, हे निश्चित. शिवाय त्या ग्रंथातील ज्या गाथा हालाने जमविल्या, त्यांचे कर्ते त्याच्यापूर्वी किंवा सप्तशतीगुंफनाच्या पूर्वीच झाले असले पाहिजेत. 'हेलाकरण अट्टिठअ' इत्यादि गाथा पोट्टिस नामक कवीची आहे. त्यानेच ही सप्तशती हालमहाराजांच्या नावाने रचिली, अशी कथा आहे. सारांश, ह्या गाथेचा काल पूर्णपणे निश्चित आहे. येणेप्रमाणे एकटीदुकटी गाथा नव्हे, गणपतीचा उल्लेख करणाऱ्या दोन गाथा शास्त्रीबुवांपुढे मांडल्या आहेत. ह्याप्रमाणाने सिद्ध काय झाले की, सोंडेचा गणपति १८०० वर्षांचा जुना आहे....'

**- आनंद हर्डीकर**
anand47.hardikar@gmail.com

---

व्यक्तिवेध

**धर्मेंद्र, राजेश** खन्ना, जितेंद्र या त्या काळच्या यशस्वी नटांपेक्षा संजीवकुमार आवडणारे प्रेक्षक ज्या १९७० च्या दशकात होते, त्या दशकात 'आर्ट फिल्म'ची सुरुवात होणे अपरिहार्यच होते आणि या चित्रपटांतही अनंत नाग यांच्यासारखा- स्वतःच्या लकबी वगैरे काहीही न पाळता आहे त्या भूमिकेत जाऊन ती करणारा- अभिनेताही असणे आवश्यकच होते. अमोल पालेकरही याच काळातले; पण पालेकरांचा आवाज, त्यांची नजर, त्यांचे स्मितहास्य... सारेच लक्षणीय. अशा काळात 'साधेपणा'ची दिग्दर्शकीय गरज अनंत नाग यांनी पुरेपूर भागवली. विशेषतः श्याम बेनेगल यांच्या अंकुर (१९७४), निशांत ('७५), मंथन, भूमिका (दोन्ही '७७), कोंडुरा ('७८) आणि कलयुग ('८१) या हिंदी चित्रपटांत ते दिसले. त्यानंतरच्या काळात मात्र मिळतील ते व्यावसायिक कन्नड, तेलुगु, क्वचित तमिळ, मल्याळमसुद्धा चित्रपट त्यांनी स्वीकारले; तिथेही अभिनयच केला, तो मात्र हळुहळू शैलीदारपणाकडे जाऊ लागला! डॉ. श्रीराम लागू 'लावारिस'मध्ये जशी छाप पाडतात; तसे अलीकडच्या 'राजद्रोही'सारख्या काही कन्नड चित्रपटांमध्ये अनंत नाग यांचे वावरणे असते. पडद्यावरल्या साधेपणापासून ते हुकमी- हमखास यशस्वी प्रभावापर्यंतचा त्यांचा प्रवास अर्धशतकभराचा आहे.



अनंत नाग

संकल्प (१९७३) या कन्नड चित्रपटात छोटी भूमिका मिळण्यापूर्वी, मूळचे कारवारचे अनंत नागरकट्टी महाविद्यालयात असतानाच कन्नड आणि कोंकणी नाटकांत भूमिका करू लागले. तिथे गिरीश कार्नाड भेटले आणि अभिनयाच्या ओढीमुळे सत्यदेव दुबे यांच्या नाट्यशिक्षण शिबिरात पोहोचले. ही श्याम बेनेगल यांच्या चित्रपटांकडे नेणारी पायरी ठरली. पण कन्नडमध्येही गांभीर्यपूर्वक काम करण्याच्या ऊर्जेमुळे त्यांना १९७५ सालचा 'हंसगीते' हा चित्रपट मिळाला, तिथे बी. व्ही. कारंत यांच्याशी सूर जुळले. प्रायोगिक नाटकांतून प्रायोगिक चित्रपटांकडे या प्रवासाची शिदोरी पुढले व्यावसायिक यश मिळवतानाही उपयोगी पडलीच. धाकटे बंधू आणि बहुगुणी पटकथाकार/ दिग्दर्शक शंकर नाग यांच्या दिग्दर्शनाखाली 'दूरदर्शन'वरल्या हिंदी 'मालगुडी डेज'मध्ये विविध भूमिकाही त्यांनी केल्या. कर्नाटकात जनता दलाचा जोर असताना, जे. एच. पटेल यांच्या आग्रहामुळे अनंत नाग आमदार आणि मंत्रीही झाले होते.

अर्धशतकाहून अधिक काळाची कारकीर्द असलेल्या या अभिनेत्याला वयाची ७८ वर्षे पार केल्यानंतर केंद्र सरकारचा 'दादासाहेब फाळके पुरस्कार' मिळणे ही आनंदाचीच गोष्ट. या आनंदक्षणाला अनंत नाग यांनीच, 'आधी केवळ वशिलेबाजी होती, मोदीकाळातलेच पुरस्कार बावनकशी'- अशा कुरकुरीचे पार्श्वसंगीत गेल्या वर्षी 'पद्मभूषण' मिळाल्यावर दिल्याचे काहीजणांना आठवेल; पण एकेकाळी देविकाराणी, व्ही. शांताराम, मृणाल सेन, गुलजार यांना मिळालेला फाळके पुरस्कार मनोज कुमार (२०१५), विनोद खन्ना ('१७), आशा पारेख ('२०), मिथुन चक्रवर्ती ('२२) यांच्यानंतर अनंत नाग यांना मिळतो आहे!

# लौंदासी आणून भिडवावा...

## आपले पहिले मित्र ट्रम्प हे आपले दुसरे मित्र पुतिन यांस धडा शिकवू इच्छितात आणि फटका बसतो आपणास! यातून या अशा मैत्र्यांतील पोकळपणा दिसतो...

**आपल्याला लागत** असलेला तेलाचा तळतळाट काही कमी होताना दिसत नाही. यात ताजी आणि अत्यंत महत्त्वाची भर अमेरिकेची. जगातील या एकमेव महासत्तेच्या प्रमुखास, म्हणजे आपले जीवश्च मित्र जे की डोनाल्ड ट्रम्प यांस, त्या देशातील सत्ताधारी आणि विरोधी अशा उभय बाजूंनी एका विशेष कायद्यान्वये सर्वाधिकार बहाल केले असून त्याआधारे रशियाकडून तेल खरेदी करणाऱ्या देशावर ते १०० टक्के आयात शुल्काचा बडगा उगारू शकतील. रशियास ही शिक्षा करण्यामागे अमेरिकेचा हेतू युक्रेनला मदत करणे हा आहे. जवळपास पाच वर्षे झाली; रशियाने युक्रेनवर युद्ध लादले. त्या युद्धाचा शेवट अजूनही दृष्टिपथात नसल्याने रशियाची अडचण करण्यासाठी हे पाऊल अमेरिकेकडून उचलले जात आहे. अमेरिकेच्या अशा प्रयत्नांची ही पहिलीच खेप नाही. याआधीही ट्रम्प यांनी अनेक देशांस अशा आयात शुल्काने धमकावण्याचा प्रयत्न केला. काहींच्या बाबत तो अमलातही आला. पण त्यात आणि आताच्या निर्णयात फरक आहे. तो असा की ट्रम्प यांना १०० टक्के आयात शुल्क लादण्याचा अधिकार देण्यास या वेळी त्यांच्या सत्ताधारी रिपब्लिकन पक्षाचा पाठिंबा तर आहेच; पण विरोधी पक्षीय डेमॉक्रॅट्सदेखील अध्यक्षांच्या पाठीशी आहेत. या मुद्द्यावर डेमॉक्रॅटिक पक्षात फूट पडली असून त्या पक्षातील ५८ सदस्यांस रशियाविरोधात अशी कारवाई हवी आहे. तथापि प्रश्न फक्त रशियाविरोधातील कारवाई हा आणि इतकाच नाही. त्या कारवाईचा बडगा प्रत्यक्षात रशियास किती आणि अन्य देशांस किती सहन करावा लागणार; हा यातील महत्त्वाचा मुद्दा. या 'अन्य' देशांत दोन देश महत्त्वाचे. एक चीन आणि दुसरे आपण. चीन हा रशियन तेलाचा पहिल्या क्रमांकाचा खरेदीदार.

आणि भारत दुसऱ्या. अलीकडच्या एकट्या जून महिन्यात आपण रशियाकडून जवळपास ५५० कोटी युरो इतक्या मूल्याचे तेल खरेदी केले. हे प्रमाण आपल्या एकूण गरजेच्या ३६ टक्के इतके आहे. आपल्यापेक्षा पुढे असलेला चीन जवळपास ५० टक्के खनिज तेल रशियाकडून घेतो. परिणामी या दोनही देशांतील आयातीवर १०० टक्के शुल्क ट्रम्प आता आकारू शकतात. म्हणजे शंभर रुपये किमतीच्या आपल्या निर्यातीवर तितक्याच रकमेचे आयात शुल्क अमेरिका लादू शकेल. त्यामुळे अर्थातच भारतीय उत्पादने अमेरिकेत अतिशय महाग होतील आणि किमतींच्या मुद्द्यावर अन्यदेशीय उत्पादनांपेक्षा ती मागे पडू शकतील. अमेरिकेच्या या संभाव्य कारवाईची पूर्वकल्पना असल्यामुळे किंवा काय, जून महिन्याच्या तुलनेत आपली रशियन तेल खरेदी ऑगस्ट महिन्यात लक्षणीयरीत्या कमी झाली. तेव्हा या ताज्या १०० टक्के आयात शुल्काच्या इशाऱ्याचा काहीच परिणाम होणार नाही, असे नाही. सद्यःस्थितीत भारत आणि अमेरिका यांच्यातील व्यापार व्यवहारांत कमालीची असमानता आहे, असे ट्रम्प मानतात. म्हणजे आपण अमेरिकेकडून जितके काही घेतो त्यापेक्षा अधिक त्या देशास विकतो. आपल्या देशाची उलाढाल आहे ती फक्त ४१०० कोटी (४१ बिलियन) डॉलर्सची. यात सेवा क्षेत्रातील व्यवहार मूल्याची भर घातल्यास या व्यवहारात आणखी इतक्याच रकमेची वाढ होऊन तो ८००० कोटी (८० बिलियन) डॉलर्स इतका होईल. म्हणजे इतक्या रकमेच्या वस्तू आणि सेवा आपण अमेरिकेकडून घेतो. त्या तुलनेत यापेक्षा ६३०० कोटी डॉलर्स अधिक किमतीचा माल वा सेवा आपण अमेरिकेस विकतो. म्हणून ट्रम्प हे भारत आणि अमेरिका यांच्यातील व्यापारात 'समानता' आणू पाहतात. त्यांच्या या काहीशा हास्यास्पद मुद्द्यामुळे भारत आणि अमेरिका यांच्यातील बहुचर्चित, बहुप्रतीक्षित व्यापार करार अद्यापही होऊ शकलेला नाही. गेल्याच आठवड्यात आपल्याकडून या कराराचे सर्व काही

**रशियाकडून तेल खरेदी करणाऱ्या भारतावर १०० टक्के आयात शुल्क लावण्याचा अधिकार ट्रम्प यांना देण्यास या वेळी अमेरिकी लोकप्रतिनिधिगृहांतील रिपब्लिकन पक्षाचा पाठिंबा तर आहेच; पण विरोधी पक्षीय डेमॉक्रॅट्सदेखील अध्यक्षांच्या पाठीशी आहेत...**

ठरले आहे; स्वाक्षऱ्या तेवढ्या राहिल्या आहेत असा आव आणला गेला. या कराराबाबत होणार-होणार, झाला-झाला अशा हाळ्या आपल्याकडून अनेकदा दिल्या गेल्या. त्या आवई ठरल्या. त्यात आता अमेरिकेच्या या १०० टक्के आयात शुल्काच्या पावलाचा खोडा.

त्यावर भारताची प्रतिक्रिया नेहमीप्रमाणे, आणि अपेक्षेप्रमाणेही, अत्यंत सावध आहे. ''देशातील १४० कोटी नागरिकांचे हित आमच्यासाठी अधिक महत्त्वाचे'', अशा अर्थाचे विधान परराष्ट्रमंत्री एस जयशंकर यांनी अमेरिकी घडामोडींवर प्रतिक्रिया देताना केले. यात विशेष ते काय? देशातील नागरिकांच्या हिताचा विचार करणे हे आपल्या मायबाप सरकारचे कर्तव्य आहेच. ते सांगण्याची गरज नाही. पण त्या कर्तव्यपूर्तीच्या आड येणाऱ्या अमेरिकेचे आपण काय करणार हा यातील खरा प्रश्न आहे. आपले राज्यकर्ते त्या प्रश्नास थेट भिडण्यास तयार नाहीत असे दिसते. किंवा तयार असले तरी ट्रम्प यांच्या हृदयास घरे पडतील असे काही भाष्य करण्यास ते तयार नसावेत. याआधी चीनवर असे १०० टक्के आयात शुल्क लादण्याचा इरादा ट्रम्प यांनी व्यक्त केल्या केल्या चीननेही तोडीस तोड उत्तर देत अमेरिकेवरही तितकेच आयात शुल्क जाहीर केले. आपण असे काही करण्याच्या मनःस्थितीत दिसत नाही. खरे तर ''काय करायचे ते करा... आम्ही रशियाकडून तेल खरेदी करणार म्हणजे करणार'', इतक्या स्पष्टपणे भूमिका घेण्यात आपणास कोण आडवे येते कळत नाही. एक सार्वभौम देश या नात्याने आपण कोणाकडून काय खरेदी करावे आणि कोणास काय विकावे हा आपला अधिकार. तो ट्रम्प यांच्या हाती दिला कोणी? तेव्हा स्पष्ट शब्दांत व्यक्त होण्यात भले आपल्या काही अडचणी असतील; पण आपण ट्रम्प म्हणतात म्हणून रशियन तेल खरेदीबाबत हात आखडता घेण्यास अजिबात तयार नाही; ही बाब पुरेशी स्पष्ट केली, ते महत्त्वाचे.

आता मुद्दा ट्रम्प यांनी खरोखरच असे आयात शुल्क आकारण्यास सुरुवात केल्यास त्यास तोंड कसे द्यावयाचे हा. आधीच माहिती तंत्रज्ञान उद्योगांतील कर्मचाऱ्यांना 'व्हिसा' देण्यास अमेरिकेने हात आखडता घ्यायला सुरुवात केली आहे. या क्षेत्रातील कर्मचाऱ्यांच्या जोडीदारांसही आतापर्यंत अमेरिकेत सहज वास्तव्य व चाकरी मिळत असे. त्यालाही ट्रम्प यांनी कात्री लावलेली आहे. त्यात आता ही नवी डोकेदुखी. आपली अडचण झाली आहे ती इराण-अमेरिका युद्धामुळे. आपले दुसरे एक जिगरदोस्त इस्रायलचे पंतप्रधान नरसंहारी नेतान्याहू यांनी इराणवर युद्ध लादले आणि त्यास प्रत्युत्तर म्हणून इराणने होर्मुझच्या खाडीची नाकेबंदी केली. म्हणजे आपल्या अडचणीस आपले शत्रू नव्हे; तर मित्र जबाबदार ठरतात. या दोन मित्रांच्या बरोबरीने रशियाचे अध्यक्ष व्लादिमीर पुतिन हेही आपले मित्र. आपले पहिले मित्र ट्रम्प हे दुसरे मित्र पुतिन यांस धडा शिकवू इच्छितात आणि फटका बसतो तो आपणास. यात आपला दोष अजिबातच नाही. पण हे असे कोणास मित्र वगैरे मानण्यातील पोकळपणा तेवढा त्यातून दिसतो.

तेव्हा आपण रशियाकडून तेल खरेदी सुरूच ठेवावी. कोणा अमेरिकी अध्यक्षाच्या मनात आले आणि त्यास अन्य कोणास शिक्षा करावी असे वाटले तर त्याने तसे खुशाल करावे. पण आपला वापर आपण त्यासाठी होऊ देऊ नये. 'ठकासी व्हावे ठक। उद्धटासी उद्धट। लौंदासी आणून भिडवावा। दुसरा लौंद।।', असे समर्थ रामदास म्हणतात. त्याचे स्मरण ठेवावे, हे बरे. अमेरिकेच्या लौंदास भिडू शकेल अशा दुसऱ्या लौंदाचा शोध सुरू ठेवणे मात्र गरजेचे.

# थाळीतील उथळ मुत्सद्देगिरी!

लेख

**पंकज फणसे**
तंत्रज्ञान आणि राजकारण यांच्या अंतःसंबंधांचे विद्यापीठीय संशोधक
phanasepankaj@gmail.com

**ब्रिक्स परिषदेसाठी आलेल्या देशोदेशीच्या पाहुण्यांवर शाकाहारवाद लादून आपण नेमके काय मिळवले ही चर्चा आता सुरू झाली आहे. कारण अन्न हे एक सर्वसमावेशकतेचे साधन असते आणि आंतरराष्ट्रीय व्यासपीठांवर संवाद वाढवण्यासाठी त्याचा अत्यंत मुत्सद्दीपणे वापर केला जातो. आपण मात्र ब्रिक्स परिषदेत संवादाचे पूल उखडून भिंती बांधण्याचा प्रकार केला आहे.**

**डिसेंबर १९५५.** सोव्हियत राष्ट्रप्रमुख निकिता ख्रुश्चेव्ह भारत दौऱ्यावर आले होते. नेहरू शाही मेजवानीसाठी त्यांना थेट श्रीनगरला घेऊन गेले. ३६ व्यंजनांनी युक्त सामिष काश्मिरी पाहुणचार घेऊन ख्रुश्चेव परतले. त्याची पावती काश्मीर प्रश्नावर सोवियतने संयुक्त राष्ट्रांमध्ये वापरलेल्या नकाराधिकाराच्या स्वरूपातच मिळाली. मेजवानीचा हेतूच मुळात आलेल्या पाहुण्याला तृप्त करणे असतो. आणि मुत्सद्देगिरीसारख्या बेरकी क्षेत्रात तर जरा जास्तच! मात्र नुकत्याच पार पडलेल्या ब्रिक्स परिषदेत जेवणाच्या बाबतीतील शाकाहाराचा देशांतर्गत प्राधान्यक्रम विदेशी पाहुण्यांवर थोपवला गेला. मांसाहार हेच प्रमुख अन्न असणाऱ्या पाहुण्यांच्या आवडीनिवडी लक्षात न घेता, पर्याय न देता यजमान देशाने 'संस्कृती'च्या नावाखाली मूठभर उच्चवर्णीयांच्या आवडीनिवडी देशाच्या म्हणून खपवल्या आणि खाणाऱ्यांना त्या सहन कराव्या लागल्या.

या घटनेनंतर समाजमाध्यमांवर दोन्ही बाजूंनी चर्चा झाल्या. पण खरा प्रश्न शाकाहार किंवा मांसाहार हा नसून एखादा देश अधिकृत मेजवानीचा वापर आपली देशांतर्गत वैचारिक निवड बहुपक्षीय मंचावर प्रदर्शित करण्यासाठी करत असेल, तर त्याला मुत्सद्देगिरी म्हणायचे का हा आहे. पाक मुत्सद्देगिरी (Gastro Diplomacy) म्हणजे परस्पर संवाद आणि सहकार्य वाढवण्याच्या उद्देशाने दोन भिन्न संस्कृतींमध्ये सामंजस्य निर्माण करण्यासाठी अन्न आणि खाद्यसंस्कृतीचा साधन म्हणून केलेला वापर! अन्न हे एक सर्वसमावेशकतेचे साधन असते. ते भिन्न लोकांमध्ये संवादाचा दुवा बनते. मात्र ब्रिक्समध्ये जे काही घडले ते पूल उखडून भिंती बांधण्याच्या प्रकारात गणला जाणारा प्रसंग म्हणता येईल.

### इतिहासाचे धडे

इतिहासात डोकावल्यास असे दिसून येईल की अगदी धार्मिक कट्टर गणली जाणारी साम्राज्येदेखील मुत्सद्दी धोरणांमध्ये पाहुण्यांच्या निवडींना प्राधान्य देत होती. खलिफा म्हणजेच जागतिक मुस्लीम साम्राज्याचे प्रमुख अशी पदवी धारण करूनही काही ऑटोमन सम्राट परदेशी पाहुण्यांसाठी अधिकृत मेजवान्यांमध्ये नियमितपणे मद्याचा समावेश करायचे. १९व्या शतकातील ऑटोमन सम्राट अब्दुलहमीद दुसरा हा इतिहासात पूर्व आणि पश्चिम यांच्यात संतुलनाचे राजकारण करणारा म्हणून प्रसिद्ध आहे. तो तुर्की पदार्थांबरोबरच फ्रेंच व्यंजने, विंडसर सूप, व्हिक्टोरियन शैलीतील अननस वगैरे पदार्थांचा समावेश करून मेन्यूची व्यूहात्मक रचना करत असे. खलिफा असल्याच्या इस्लामिक जबाबदाऱ्यांमुळे, गैर-मुस्लिम पाहुण्यांच्या आहाराविषयक अपेक्षा पूर्ण करण्यात त्याला कोणतीही आडकाठी आली नाही. राजकीय पातळीवर त्यांचा दृष्टिकोन व्यावहारिक होता. या मेजवानीतून असा संदेश दिला जात असे की ऑट्टोमन साम्राज्य इतरांच्या परंपरांचा सन्मान करण्याइतके प्रगल्भ आहे आणि त्याच वेळी त्याला स्वतःच्या परंपरांबद्दलही पुरेसे आत्मभान आहे.

एका सहस्रकाहून अधिक काळ, जपानमध्ये चार पायांच्या प्राण्यांचे मांस खाण्यावर कडक बंदी होती. इसवी सन ६७५ मध्ये सम्राट तेन्मू यांनी सुरू केलेली ही बंदी बौद्ध धर्मातील अहिंसेच्या आणि शिंतो धर्मातील अशुद्धतेच्या संकल्पनेवर आधारित होती. तथापि, १८७२ मध्ये, सम्राट मेजी यांनी सार्वजनिकरित्या गोमांस खाण्याचा निर्णय अत्यंत विचारपूर्वक घेतला आणि राजनैतिक शासकीय मेजवानीत फ्रेंच-शैलीतील मांसाहारी पदार्थ वाढण्यास सुरुवात केली. देशांतर्गत परंपरेपेक्षा राजनैतिक व्यवहारवाद गरजेचा आहे हे जपानने १९ व्या शतकात जाणले आणि तिथून जपानने टाकलेली कात सर्वज्ञात आहे!

स्वतःला कामगारांचे राज्य म्हणविणाऱ्या सोव्हियतने साधेपणावर भर देऊन झारशाहीची उधळपट्टी आणि भांडवलशाही प्रवृत्ती झुगारून दिली होती. असे असूनही, दुसऱ्या महायुद्धाच्या काळात विन्स्टन चर्चिल आणि फ्रँकलिन डी. रुझवेल्ट यांसारख्या मित्र राष्ट्रांच्या नेत्यांचे आदरातिथ्य करताना जोसेफ स्टालिन यांनी हे वैचारिक निर्बंध पूर्णपणे झुगारून दिले. भांडवलशाही साम्राज्यांकडून भू-राजकीय पातळीवर समान वागणूक मिळवायची असेल, तर साम्यवादी साधेपणा तात्पुरता गुंडाळून विलासाचे प्रदर्शन करावे लागेल हे जाणण्याएवढा चाणक्याचा बाणा स्टालिनमध्ये होता.

१८१४ मध्ये नेपोलियनचे पतन झाल्यानंतर युरोपचे पुनर्गठन करण्यासाठी आयोजित केलेल्या व्हिएन्ना काँग्रेसमध्ये फ्रान्सला पुनर्प्रतिष्ठा मिळवून देण्यासाठी टॅलीरँड या फ्रेंच मुत्सद्द्याने तेथे स्वतःचा आचारी नेला विविध खाद्यपदार्थ त्या परिषदेत पद्धतशीरपणे पेरले. चीजवरील वाटाघाटी राष्ट्रीय प्रतिष्ठेचे प्रतीकात्मक माध्यम बनल्या, तेव्हा टॅलीरँडच्या 'ब्री डी मो' (Brie de Meaux) या चीजने बाजी मारली, आणि त्यासोबतच युरोपमध्ये फ्रान्सचे स्थान पुन्हा प्रस्थापित झाले. अर्थात खाद्यपदार्थ पेरणीचा हेतू आवळा देऊन कोहळा काढण्याचा होता. वरील सर्व नेत्यांना आपण बैठक का बोलावतो आहोत याची जाण होती आणि त्या हेतूंचे सुयोग्य व्यवस्थापन करण्यासाठी यजमानाबद्दल 'फील गुड' वातावरण तयार करण्यात खाद्यपदार्थ भूमिका बजावू शकतात याची जाणीव होती.

### नव्या युगाच्या मेजवान्या

जागतिकीकरणाच्या प्रभावानंतर गेल्या दोन दशकांत मेजवानीतील पदार्थांबाबतचा राजनैतिक शिष्टाचार सर्वांना सामावून घेण्याच्या प्रघाताकडे वळला आहे. २०१९ मधील जी-२० ओसाका शिखर परिषदेच्या मेजवानीचे जपानने केलेले व्यवस्थापन हा याचा एक आदर्श मापदंड आहे. अधिकृत मेन्यूमध्ये ताजिमा बीफ, 'पाईक कॉन्जर' (एक प्रकारचा मासा) आणि इतर जपानी पक्वान्नांचा समावेश होता मात्र त्याचवेळी शाकाहारी किंवा हलाल निवड असणाऱ्यांसाठी संयोजकांनी कुराकाकोइ केल्प ब्रोथ, कामोनासू वांगे असे पदार्थही बनवले होते. त्यात सर्व आहार परंपरांचा सन्मान केला गेला. यजमानाला जे आवडते तेच खाण्याची कोणावरही सक्ती केली गेली नाही आणि कोणालाही त्यांच्या गरजेच्या पदार्थांपासून वंचित ठेवले गेले नाही. २०१४ मध्ये व्हाइट हाऊसमध्ये फ्रेंच राष्ट्राध्यक्ष ओलांद यांच्या सन्मानार्थ झालेल्या मेजवानीचा भर अमेरिकन खाद्यसंस्कृतीवर आधारित असला तरी, त्यात फ्रेंच पाककलेलाही योग्य महत्व दिले गेले होते. बायडेन यांनी जून २०२३ मध्ये व्हाईट हाऊसमध्ये मोदींचे आदरातिथ्य केले, तेंव्हा मोदींच्या शाकाहारी निवडीला अनुसरून व्हाईट हाऊसच्या इतिहासात पहिल्यांदाच शुद्ध शाकाहारी मेजवानीचे नियोजन केले गेले होते. एवढ्या एका कृतीमुळे पाहुण्यांचे आणि त्यांच्या देशवासीयांचे मन जिंकण्याची खेळी अमेरिकी धोरणकर्त्यांनी केली.

शाकाहार आणि मांसाहार यांवर चर्चा केवळ भारतातील परिषदेतच होतात असे नाही. ग्लासगो येथे झालेल्या 'कॉप २६'(COP 26) या जागतिक हवामान परिषदेत मांसाहाराच्या समावेशावरून जोरदार टीका झाली होती. १.५ अंश तापमानवाढीच्या उद्दिष्टाशी सुसंगत मेनूची मागणी केल्यानंतर दुबईतील 'कॉप २८' मध्ये दोनतृतीयांश मेन्यू व्हेगन किंवा शाकाहारी ठेवला गेला. बाकू येथील 'कॉप २९' ने मात्र पहिले पाढे पंचावन्न ही भूमिका कायम ठेवली. मात्र, कॉप परिषदांमधील हे वाद धोरणात्मकदृष्ट्या तर्कसंगत असतात. कर्ब उत्सर्जन कमी करण्यासाठी समर्पित असलेल्या परिषदेने स्वतःच्या अन्नव्यवस्थेतही पशुपालनावरील अवलंबित्व कमी करून एक आदर्श प्रस्थापित केला पाहिजे असा आग्रह त्यामागे असतो. मात्र ब्रिक्स ही काही अन्न धोरणावरील परिषद किंवा पर्यावरणविषयक शिखर परिषद नाही. २०२६ मधील तिच्या विषयपत्रिकेवर बहुध्रुवीयता, व्यापार आणि जागतिक प्रशासन व्यवस्थेतील सुधारणा हे विषय होते. ब्रिक्सच्या विषयपत्रिकेवरील कोणत्याही महत्त्वाच्या मुद्द्यासाठी शाकाहारी मेनूची आवश्यकता नव्हती, किंवा त्यातून तसा कोणताही अर्थ ध्वनित होत नव्हता. त्यामुळे, अन्नावरील हा निर्बंध धोरणात्मक उद्देशाने लादलेला नसून, विशिष्ट विचारसरणी लादण्यासाठी फुरफुरणाऱ्यांचा कंड शमविण्याचा, अस्मितेसाठी संपूर्ण परिषद दावणीला बांधण्याचा प्रकार होता.

### चूल माझी वेगळी

बहुपक्षीय मेळाव्यांमध्ये यजमान राष्ट्रे आहारावरील निर्बंधांचा कशा प्रकारे वापर करतात याचे ऐतिहासिक नोंदींमधून तीन प्रकार दिसून येतात. पहिला, म्हणजे सामावून घेणारे निर्बंध. बायडेन यांनी मोदींसाठी केले होते तसे यजमान पाहुण्यांच्या गरजांचा सन्मान करण्यासाठी स्वतःच्या मेनूमध्ये कपात करतो. यातून पाहुण्यांकडे दिलेले विशेष लक्ष दिसून येते आणि संबंध अधिक दृढ होतात. दुसरा, धोरणात्मकदृष्ट्या तर्कसंगत निर्बंध. या प्रकारात कॉप परिषदांमध्ये घडते तसे मेनूमधील निवडी शिखर परिषदेच्या मुख्य विषयपत्रिकेशी सुसंगत असतात. तिसरा, म्हणजे प्रक्षेपित निर्बंध! यजमान कोणत्याही हेतूशिवाय किंवा धोरणात्मक तर्काशिवाय, आपल्या स्वतःच्या शुद्धतेच्या आणि सांस्कृतिक आवडीनिवडी पाहुण्यांवर लादतो. २०२६ मधील ब्रिक्सची मेजवानी याच तिसऱ्या श्रेणीत मोडते.

२०२३ मध्ये जी २० परिषदेनंतर शाकाहाराचा आग्रह धरल्यावर विदेशी मुत्सद्द्यांमध्ये शाकाहारवादाबद्दल नाराजी होती. अर्थात आपण चुकू शकतो आणि ती चूक सुधारू शकतो हे मान्य करण्यासाठी जी व्यावहारिकता लागते ती सत्ताधाऱ्यांकडे दिसणे दुर्लभच! ब्रिक्स परिषदेतील मेन्यूची निवड असे सुचवते की, अन्न ही खरोखरच एक भाषा आहे – परंतु भाषा जितक्या ताकदीने सामावून घेते, तितक्याच प्रभावीपणे ती दूरही लोटू शकते. फरक असतो तो केवळ हेतूचा! कोल्हा आणि करकोच्याच्या गोष्टीत कोल्ह्याने उथळ ताटात जेवण दिल्यानंतर, करकोचा त्याला जेवायला बोलवून एका सुरईत अन्न वाढतो आणि कोल्ह्याला उपाशी राहावे लागते. उपाशी राहणे आपल्याला परवडणार आहे का याचा विचार करणेदेखील गरजेचे आहे. आंतरराष्ट्रीय परिषदा या पाहुण्यांच्या खांद्यावरून देशांतर्गत जनतेशी संवाद साधण्याची जागा नसते, हा धडा भारतीय धोरणकर्त्यांनी शिकणे हेच ब्रिक्स परिषदेचे फलित ठरेल.

## लोकमानस

loksatta@expressindia.com

### टाटांइतके औदार्य कुठे?

''**अ'द्योगपतींना आंदण?**' हा अग्रलेख (१७ सप्टेंबर) वाचला. टाटा सन्समध्ये ६६ टक्के वाटा टाटा ट्रस्टचा आहे. त्यामुळे टाटांच्या वेगवेगळ्या संस्थांमार्फत टाटांचा समाजसेवेचा यज्ञ अखंडपणे सुरू असतो. रिझर्व्ह बँकेने भांडवली बाजारात उतरण्याची सक्ती टाटा सन्सवर केल्यामुळे आता 'अ'द्योगपतींनी समभाग ओरपून टाटा सन्समध्ये शिरकाव केला तरीही, समाजासाठी सढळ हस्ते देण्याची नैतिकता त्यांच्याकडे असण्याची सुतराम शक्यता नाही. अन्य 'अ'द्योजकांची तिरपी नजर टाटा ट्रस्टच्या मालकीच्या विस्तीर्ण भूखंडांकडे आणि अफाट निधीकडे असेल. आपल्या नफ्यातील जास्तीत जास्त वाटा समाजाला अर्पण करण्याचे औदार्य फक्त टाटाच दाखवू शकतात, म्हणून टाटा सन्ससारख्या कंपन्या 'अ'उद्योजकांना आंदण द्यायचा प्रयत्न हाणून पाडला पाहिजे.

■ **प्रशांत कुळकर्णी,** कांदिवली (मुंबई)

### ...तर दोनच 'अ'द्योगपती!

''**अ'द्योगपतींना आंदण?**' या अग्रलेखातून रिझर्व्ह बँकेच्या निर्णयांवर केलेले प्रहार पटण्यासारखेच आहेत. एखादी स्पर्धक विरोधी कंपनी अडचणीत आणण्यासाठी विविध क्लृप्त्या वापरल्या जातात. त्यात रिझर्व्ह बँकेने सहभागी होणे धक्कादायक आहे. दुसरा मुद्दा असा की, उद्योगपतींकडून हजारो कोटी रुपये बुडवले जात असताना कंपन्या ताब्यात घेण्यासाठी देण्यात येणाऱ्या कर्जाचा नियम रद्द करायला हवा. अन्यथा, आणखी पाचसहा वर्षांनंतर भारतात दोनच 'अ'उद्योगपती उरतील!

■ **राजलक्ष्मी प्रसाद,** मुलुंड (मुंबई)

### देवाकडे भेदभाव का?

'**अंबानींचा गणपती** लाडका?' हे खासदार अरविंद सावंत यांच्या स्वीय सचिवांचे पत्र (लोकमानस- १७ सप्टेंबर) वाचनात आले. गिरगाव चौपाटीवर घरच्या गणपतीचे विसर्जन कृत्रिम तलावात करण्याचा नियम असताना महापालिकेने अंबानींचा अपवाद केला, असे त्यांना म्हणायचे आहे का? तसे असेल तर, गरीब आणि श्रीमंत असा भेदभाव का करण्यात आला? देव गरीब आणि श्रीमंत असा भेदभाव करत नाही. मग तुम्ही का करता?

■ **दत्ताराम गवस,** कल्याण

### फुकट पैसे देण्यापेक्षा...

'**शासनाने जावे** विद्यार्थ्यांच्या दारी...' हा लेख (१६ सप्टेंबर) वाचला. कोविडकाळात विद्यार्थ्यांचे झालेले शैक्षणिक नुकसान भरून काढण्यासाठी तमिळनाडू राज्याने इलम रेडी कलवी हा उपक्रम हाती घेतला. यासाठी फक्त एक हजार रुपयांवर स्वयंसेवक (विशेषतः महिला) शाळा सुटल्यानंतर विद्यार्थ्यांच्या वेळेनुसार त्यांना मार्गदर्शन करीत होते. पुरोगामी महाराष्ट्रात लाडकी बहीण योजनेमध्ये फुकट पैसे देण्यापेक्षा अशी काही तरतूद केली तर मोठे काम होईल आणि त्याला समाजाचाही पाठिंबा मिळेल.

■ **रामरतन दशरथ चापले,** राजुरा (चंद्रपूर)

### प्रशासनाकडूनच आबाळ

'**शासनाने जावे** विद्यार्थ्यांच्या दारी...' हा मिलिंद मुरुगकर यांचा लेख वाचला. महाराष्ट्रात सरकारी शाळांची अवस्था दयनीय आहे. काही ठिकाणी पाणी नसते, स्वच्छतागृहाची साफसफाई तीन-चार महिन्यांतून एकदा होते, 'वॉटर फिल्टर'मधल्या 'कँडल' वर्षानुवर्षे बदलल्या जात नाहीत, पंखे/ विजेची बटणे तर विचारूच नका. अधिकारी कधीच या गोष्टी बघत नाहीत. फक्त शिक्षकांवर डाफरण्यात त्यांची धन्यता. अगदी प्रशिक्षणाचा विषय घेतला, त्यातही नन्नाचा पाढा. शिक्षकांना अशा प्रशिक्षणापेक्षा, वैयक्तिक समुपदेशन, व्यक्तिमत्त्वाची जडणघडण यांची गरज आहे. पण प्रशासनाला गरिबांची मुले शिकावी असे वाटतच नसावे...

■ **सुनील बोंडे,** अमरावती

### विकासाऐवजी हे फुगे!

'**हा कसला** 'समान' नागरी कायदा?' हा 'अन्वयार्थ' (१७ सप्टेंबर) वाचला. समान नागरी कायदा लागू झाल्यास देशातील सर्वच समाजांच्या परंपरामध्ये अडथळे येतील आणि पर्यायाने गोंधळ निर्माण होईल. १२ वर्षांत प्रस्थापित केलेले 'नॅरेटिव्ह' जेन-झी ने १२ आठवड्यांत उधळून लावल्याने पुन्हा 'समान नागरी कायद्या'ची राळ उडवण्यात आली आहे. विकासावर बोलण्यासारखे काहीच नसले की असले उद्योग सुचतात. सध्या या कायद्याचे कुठलेही प्रारूप समोर नाही; तरीही हवेत फुगे सोडले जात आहेत.

■ **प्रा. डॉ. गिरीश नाईक,** कोल्हापूर

अन्वयार्थ

# नक्षलींना शिक्षा व्हायला हवीच; पण म्होरके मोकळे!

**गनिमीकाव्याने घडवून** आणलेला हिंसाचार ही सध्या अस्ताला गेलेल्या नक्षल चळवळीची खासियत. यात तपास यंत्रणांनी दोषारोपपत्र दाखल केले तरी प्रचलित कायद्यानुसार आरोप सिद्ध करणे तसे कठीण. या पार्श्वभूमीवर छत्तीसगडमधील जिरम घाटीमध्ये २०१३ सालात घडलेल्या हत्याकांडासंदर्भात जगदलपूरच्या विशेष न्यायालयाने दहा नक्षलींना सुनावलेली फाशीची शिक्षा यात जीव गमावणाऱ्यांच्या कुटुंबीयांना दिलासा देणारी म्हणावी लागेल. त्यावेळच्या विधानसभा निवडणुकीआधी परिवर्तन यात्रेत सहभागी होऊन परत येत असलेल्या काँग्रेस नेत्यांच्या ताफ्यावर नक्षलींनी याच घाटीत हल्ला चढवला. त्यात माजी केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला यांच्यासह २७ जण ठार झाले. नक्षलींच्या हिंसाचाराविरुद्ध २००५ मध्ये सलवा जुडूम हे अभियान सुरू करणारे बस्तरचे आदिवासी नेते महेंद्र कर्मा, तेव्हाचे पक्षाचे प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार पटेल हेही जिवास मुकले. या हत्याकांडाने सारा देश हादरला. तेव्हा नव्यानेच स्थापन झालेल्या राष्ट्रीय तपास यंत्रणेकडे याचा तपास दिला गेला. या यंत्रणेने वर्षभराच्या आत आरोपपत्र दाखल करूनसुद्धा हा निकाल तब्बल १२ वर्षांनी आला. यात दुर्दैवाची बाब अशी की, ज्या दहा नक्षलींना शिक्षा ठोठावण्यात आली ते चळवळीतील अगदी तळाचे शिलेदार. पण त्यांचे बोलविते धनी मोकळेच आहेत. हा हल्ला ज्यांच्या काळात घडवून आणला गेला ते पापाराव, हिडमा, देवजी, बारसू देव व गणेश उईके हे तेव्हा मोठ्या पदावर काम करणारे नक्षली. यातले पापाराव, देवजी, बारसू देव आता आत्मसमर्पण करून शांततेत जीवन जगत आहेत, तर त्यांच्या मार्गदर्शनाखाली हत्याकांड घडवून आणणाऱ्या दहा नक्षलींना आता तुरुंगात राहून या शिक्षेविरुद्धची लढाई लढावी लागणार आहे. जवळपास सर्वच नक्षलप्रभावित राज्यांत आत्मसमर्पण योजनेत सामील झाल्यास कायदेशीर कारवाईतून सूट दिली जाते. त्यामुळे या हत्याकांडाचे म्होरके मोकळेच राहणार आहेत. हा प्रकार मृतांच्या कुटुंबीयांना आणखी वेदना देणारा. प्रारंभी आदिवासींच्या उत्स्फूर्त सहभागातून सुरू झालेले सलवा जुडूम अभियान नंतर सरकारी शस्त्रपुरवठ्यामुळे हिंसक झाले. त्याचा मोठा फटका नक्षलींना बसला. त्याचा बदला म्हणून हे हत्याकांड घडवून आणले गेले तरीही काँग्रेसच्या नक्षलींविषयीच्या दृष्टिकोनात फार बदल झाला नाही. त्याची मोठी किंमत या पक्षाला छत्तीसगडमध्ये सत्ता गमावून चुकवावी लागली. दुसरीकडे या हत्याकांडानंतर नक्षली आणखी आक्रमक झाले. हिंसाचाराच्या अनेक घटना या राज्यात नित्यनेमाने घडू लागल्या.

या निकालाच्या निमित्ताने नक्षलींच्या कार्यपद्धतीविषयीची पुन्हा एकदा चर्चा करणे गरजेचे. घनदाट जंगलात राहून



गनिमी पद्धतीने हिंसा घडवून आणण्यात माहीर असलेल्या या चळवळीने कायद्याला चकवा देण्यासाठी अनेक प्रयोग केले. बनावट नावाने चळवळीत वावरणे, पोलिसांच्या तावडीत सापडले तरी त्याच नावाने कारवाईला सामोरे जाणे, हिंसाचार घडवून आणताना कुठलाही पुरावा मागे राहणार नाही याची काळजी घेणे, वेळ आलीच तर सामूहिक जबाबदारी घेणे, यामुळे पोलिसांनी कुणाला अटक केली तरी त्यानेच गुन्हा केला हे सिद्ध करणे कठीण. याचा फायदा घेत अनेक नक्षलींची निर्दोष सुटका झाली. याच छत्तीसगडमध्ये २०१० मध्ये ताडमेटला गावाजवळ नक्षलींनी केंद्रीय राखीव पोलीस दलाच्या ७८ जवानांना गोळ्या घालून ठार केले. यात पकडण्यात आलेल्या दहा आरोपींना २०१३ मध्ये सत्र न्यायालयाने पुराव्याअभावी निर्दोष सोडले. त्यानंतर तब्बल १३ वर्षांनी म्हणजे गेल्या ५ मे रोजी उच्च न्यायालयाने हाच आदेश कायम ठेवला. त्यामुळे या चळवळीच्या समाप्तीनंतरसुद्धा हे हत्याकांड केले कुणी हा प्रश्न आजही अनुत्तरित आहे. काही प्रकरणांत नक्षलींना शिक्षा झाली. 'शहरी नक्षल' असा आरोप असलेल्या साईबाबा या प्राध्यापकाचे उदाहरण यासंदर्भात ताजे. त्यांना गडचिरोलीच्या न्यायालयाने सुनावलेली जन्मठेपेची शिक्षा उच्च तसेच सर्वोच्च न्यायालयाने नंतर रद्द ठरवली. श्रीधर व व्हर्नान गोन्साल्विस या नक्षलसमर्थकांना मात्र सात वर्षांची सक्तमजुरी भोगूनच बाहेर पडावे लागले. या पार्श्वभूमीवर जगदलपूर न्यायालयाने ठोठावलेली ही फाशी वरच्या न्यायालयात कायम राहील यासाठी तपास यंत्रणांना डोळ्यात तेल घालून काम करावे लागणार आहे. आज नक्षलींचा हिंसाचार संपुष्टात आला आहे. 'जंगलात एकही सशस्त्र नक्षली शिल्लक नाही,' या सरकारी दाव्यावर विश्वास ठेवावा असेच सध्याची शांतता सांगते. या निकालामुळे भूतकाळात घडलेल्या हिंसक घटनांच्या आठवणी पुन्हा ऐरणीवर आल्या आहेत. वरच्या न्यायालयात या प्रकरणाचा निकाल काहीही लागो; पण हिंसाचार हे कुठल्याही समस्येवरचे उत्तर नाही. जो कुणी या मार्गाचा अवलंब करेल त्याच्यावर कारवाई तसेच शिक्षा अटळ आहे असा संदेश या निकालातून सर्वत्र गेला आहे एवढे निश्चित!

दैनिक जागरण
योजना बनाने के बाद उसके अनुरूप कार्य भी करना होता है

# अमेरिका की मनमानी

आखिरकार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भी रूस से तेल आयात करने वाले भारत समेत पांच प्रमुख देशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले बिल को स्वीकृति दे दी। इससे पहले सीनेट भी इस विधेयक को मंजूरी दे चुकी है। यदि अमेरिकी राष्ट्रपति इस पर हस्ताक्षर कर देते हैं तो भारत, चीन के अतिरिक्त हंगरी, स्लोवाकिया और अजरबैजान पर अमेरिकी टैरिफ और अधिक बढ़ जाएगा। देखना है कि यह सौ प्रतिशत होता है या उससे कम? देखना यह भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस विधेयक पर हस्ताक्षर करते हैं अथवा उसे रूस से तेल खरीदने वाले देशों को केवल दबाव में लेने का जरिया बनाना चाहते हैं। जो भी हो, यदि अमेरिका भारत पर मनमाने तरीके से टैरिफ लगाता है तो अपने अहंकार का ही परिचय देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति और उक्त विधेयक का समर्थन करने वाले पक्ष-विपक्ष के सांसदों का यह मानना है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों को टैरिफ के जरिये दंडित करने से वह यूक्रेन के खिलाफ अपना युद्ध जारी रखने में असमर्थ हो जाएगा। यह सही है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ एक अंतहीन और एक तरह से निरर्थक लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन यह कहना समस्या का सरलीकरण ही है कि यह युद्ध भारत, चीन जैसे देशों के कारण जारी है। क्या यह विचित्र नहीं कि अमेरिका अपने ही द्वारा ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध को तो रोक नहीं पा रहा है और भारत, चीन आदि पर इसका दोष मढ़ रहा है कि वे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में रूस की सहायता कर रहे हैं?

यह अच्छा हुआ कि भारत ने अमेरिका की मनमानी का परिचय देने वाले विधेयक पर दो टूक कहा कि वह अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि वह अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हरसंभव उपाय करेगा। इसका संकेत यही है कि यदि अमेरिका रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर सचमुच टैरिफ बढ़ाता है तो उसे इसका जवाब भी दिया जाएगा। यह संभव नहीं कि अमेरिका मनमानी करता रहे और भारत चुपचाप उसे सहता रहे। यदि अमेरिका ने अपना रवैया नहीं बदला तो भारत के साथ उसके संबंध और अधिक बिगड़ने तय हैं। यह भी संभव है कि अमेरिका के साथ होने वाला व्यापार समझौता अंतिम रूप न ले सके। अमेरिका को यह समझना होगा कि ताली एक हाथ से नहीं बजती। यदि वह भारत से संबंध सुधारना चाहता है तो उसे मित्रवत व्यवहार करना होगा। उसे इसका भी आभास होना चाहिए कि यदि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो एक तो उसके ऊर्जा हित खतरे में पड़ जाएंगे और दूसरे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम और अधिक बढ़ जाएंगे। ध्यान रहे पश्चिम एशिया संकट के कारण ये पहले से ही बढ़े हुए हैं और यह संकट अमेरिका ने ही खड़ा किया है।

# चिट्टे के विरुद्ध

हिमाचल प्रदेश में चिट्टे का बढ़ता चलन भयावह तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। कई युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ है और कुछ परिवारों ने असमय अपने बच्चे खोए हैं। यह कानून-व्यवस्था के साथ पूरे समाज के समक्ष गंभीर चुनौती है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने नशे के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। बड़ी संख्या में तस्करों की गिरफ्तारी और नशीले पदार्थों की बरामदगी होना इसका प्रमाण है। नशा तस्करी से अर्जित संपत्ति को जब्त करना समाज में सार्थक संदेश देता है। सबसे महत्वपूर्ण नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाकर जनांदोलन का रूप दिया जा रहा है, लेकिन जब तक समाज स्वयं इस अभियान का सक्रिय हिस्सा नहीं बनता, तब तक नशा तस्करों के लिए युवाओं तक पहुंच बनाना आसान बना रहेगा। नशे के आदी युवाओं को अपराधी मानकर अलग-थलग करने के बजाय उन्हें उपचार और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध करवाना भी उतना ही आवश्यक है, जितना नशा तस्करों के नेटवर्क को तोड़ना। परिवार में बच्चों के व्यवहार, दिनचर्या और बदलावों पर ध्यान देना होगा। ऐसा वातावरण देना होगा कि बच्चा परेशानी या तनाव के बारे में बिना डर के बता सके। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नशे के नुकसान बताना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक तनाव से निपटने के लिए भी तैयार करना होगा। नशे के खिलाफ लड़ाई लंबी है। सरकार, पुलिस, शिक्षण संस्थान एवं समाज मिलकर काम करें तो इस बुराई से पार पाना मुश्किल नहीं होगा।

> युवाओं की भागीदारी से सरकार हिमाचल में चिट्टे के खात्मे की राह प्रशस्त करेगी

# समय की मांग है यूपीआइ को सक्षम बनाना



प्रो. गौरव वल्लभ

**यह सुनिश्चित करना होगा कि यूपीआइ के जरिये नागरिकों को मुफ्त भुगतान, छोटे दुकानदारों को संरक्षण और समूचे तंत्र को सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन मिलते रहें**




अवधेश राजपूत

वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआइ से 24,162 करोड़ लेनदेन हुए। यानी रोज औसतन 66 करोड़ से अधिक भुगतान। इसकी सेवाएं अब 11 अन्य देशों तक पहुंच चुकी हैं। भारत में बनी यह व्यवस्था हमारी रोजमर्रा की जरूरत बन गई है। अब चुनौती है कि नागरिकों को यह सुविधा मुफ्त मिलती रहे और इसे सुरक्षित एवं भरोसेमंद बनाए रखने के लिए पर्याप्त धन भी उपलब्ध हो। यूपीआइ पर शुल्क की बहस को इसी नजरिये से समझना चाहिए। सबसे पहले आम लोगों की चिंता दूर करना जरूरी है। नई व्यवस्था में बैंक खाते से होने वाला सामान्य यूपीआइ भुगतान ग्राहकों के लिए मुफ्त रहेगा। परिवार या मित्रों को पैसे भेजने पर न भेजने वाले से शुल्क लिया जाएगा, न ही पाने वाले से। मुफ्त उपयोग का कोई मासिक कोटा नहीं है। अधिक रकम भेजने या बार-बार भुगतान करने से शुल्क नहीं लगेगा। सुरक्षा के लिए तय लेनदेन सीमाएं अपनी जगह हैं। दो हजार रुपये की सीमा कुछ दुकानदारों से लिए जाने वाले शुल्क से जुड़ी है। नागरिकों के लिए मुफ्त सुविधा पर कोई सीमा नहीं है।

इसे मीरा की खरीदारी से समझिए। वह एक बड़े दुकानदार से 10,000 रुपये का फ्रिज खरीदती है। दोनों के खाते भारतीय बैंकों में हैं। मीरा का एप भुगतान का निर्देश भेजता है। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया यानी एनपीसीआइ इसे बैंकों के बीच पहुंचाता है। एक बैंक मीरा के खाते से पैसे काटता है और दूसरा दुकानदार के खाते में जमा करता है। एप इस पूरी बैंकिंग व्यवस्था की मदद से भुगतान कराता है। डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के बदले दुकानदार जो सेवा शुल्क देता है, उसे मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर कहते हैं। यदि मीरा का दुकानदार छूट वाली श्रेणी में नहीं आता, तो 15 अक्टूबर 2026 से इस खरीद पर 0.4 प्रतिशत अर्थात 40 रुपये एमडीआर लगेगा। मीरा के लिए फ्रिज की कीमत 10,000 रुपये ही रहेगी। दुकानदार उसके बिल में एमडीआर नहीं जोड़ सकता और एप भी छिपा हुआ शुल्क नहीं वसूल सकता। इसी श्रेणी में एक लाख रुपये की खरीद पर एमडीआर अधिकतम 300 रुपये होगा। मीरा अपनी मां को 10,000 रुपये भेजे, तो दोनों के लिए शुल्क शून्य रहेगा। मीरा की खरीद में दुकानदार के 40 रुपये एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी यानी 7.20 रुपये जुड़ेगा। कुल खर्च 47.20 रुपये होगा। पात्र दुकानदार को चुकाए गए इस कर का समायोजन यानी इनपुट टैक्स क्रेडिट भी मिल सकता है। पूरे 10,000 रुपये के भुगतान पर अलग से 18 प्रतिशत कर नहीं लग रहा। मीरा का यूपीआइ लेनदेन शुल्क शून्य ही रहेगा।

सवाल है कि यूपीआइ पर शुल्क क्यों लगाया गया? शुरुआत में प्राथमिकता लोगों को यूपीआइ से जोड़ना थी। सरकारी सहायता ने इसमें मदद की। अब हजारों करोड़ लेनदेन संभालने के लिए ज्यादा क्षमता वाले सर्वर, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और ग्राहक सहायता पर खर्च बढ़ा है। इन जरूरतों पर लगभग 20,000 करोड़ रुपये सालाना खर्च होते हैं। इसे जांच-परख कर तय किया गया घाटा समझना गलत होगा। नकदी संभालने का खर्च घटने से होने वाली बचत और दूसरी संबंधित आय भी हिसाब में शामिल होनी चाहिए। फिर भी, बैंकों का मुनाफा या सरकारी सहायता इस संचालन खर्च को समाप्त नहीं करती।

इस बहस का राजनीतिक पक्ष भी है। वित्तीय मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने 12 अगस्त को लेनदेन की अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार शुल्क से आय जुटाने का समर्थन करने वाली रिपोर्ट स्वीकार की। इनमें कांग्रेस के पांच सांसद भी थे। किसी ने आपत्ति नहीं की। समिति में यूपीआइ के लिए नियमित आय का समर्थन करना और बाहर उसे नागरिकों पर बोझ बताना विरोधाभासी है। अमेरिकी दबाव का आरोप भी प्रमाण मांगता है। रिजर्व बैंक ने 17 अगस्त 2022 को ही यूपीआइ की लागत वसूली पर चर्चा के लिए दस्तावेज जारी किया था। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की 2026 की रिपोर्ट भारत की उस प्रस्तावित सीमा पर आपत्ति करती है, जिसके तहत किसी एक गैर-बैंक भुगतान एप की हिस्सेदारी यूपीआइ के कुल लेनदेन की संख्या में 30 प्रतिशत से अधिक न हो। यह एप की बाजार हिस्सेदारी की सीमा है, ग्राहकों के भुगतान की नहीं। रिपोर्ट यूपीआइ के जरिये उधार आधारित भुगतान पर पाबंदियों का भी विरोध करती है। उसमें भारत द्वारा 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाने का कोई वादा दर्ज नहीं है। अमेरिकी आपत्ति से यह साबित नहीं होता कि भारतीय फैसला उसके ही दबाव में हुआ। इसी रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत में अमेरिकी स्वामित्व वाले दो एप से 80 प्रतिशत से अधिक यूपीआइ लेनदेन हो रहे थे। उनका दबदबा शून्य एमडीआर के दौर में बना। किसी एप से ज्यादा भुगतान होने का अर्थ यह नहीं कि शुल्क का सबसे बड़ा हिस्सा भी उसे मिलेगा। उद्योग के शुरुआती अनुमानों में एमडीआर का करीब 60 प्रतिशत बैंकों, 25 प्रतिशत एप कंपनियों और 15 प्रतिशत दुकानदारों को भुगतान स्वीकार करने की सुविधा देने वाली कंपनियों को मिलता है।

मीरा का उपरोक्त ही उदाहरण लें तो उनकी खरीद के 40 रुपये में बैंकों को 24, एप कंपनियों को 10 और अन्य संबंधित कंपनियों को छह रुपये मिलेंगे। यहां ग्राहक और दुकानदार, दोनों के बैंक भारतीय हैं। सबसे बड़ा हिस्सा उन्हीं का होगा। वे भुगतान की जांच, खातों में रकम पहुंचाने और शिकायतें सुलझाने का काम करते हैं। ये हिस्सेदारियां अनुमान हैं, लेकिन अधिकांश शुल्क अमेरिकी एप को मिलने वाले दावे का समर्थन नहीं करतीं। यूपीआइ का संचालन भी भारतीय नियामकीय निगरानी में एनपीसीआइ ही करता है।

दुकानदार यूपीआइ की सफलता के साझेदार हैं। उनकी सुविधा का ध्यान रखना जरूरी है। छूट और रियायती दरों के साथ छोटे दुकानदारों के लिए बनने वाला कोष भी मददगार होगा, जिसमें कुल एमडीआर वसूली के पांच प्रतिशत के बराबर राशि दी जाएगी। शुल्क का बंटवारा स्पष्ट हो और समय-समय पर समीक्षा से व्यावहारिक दिक्कतें दूर की जाएं। नागरिकों को मुफ्त भुगतान, छोटे दुकानदारों को संरक्षण और पूरे तंत्र को सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन मिलते रहें। इसी से यूपीआइ पर लोगों का भरोसा आगे भी मजबूत रहेगा।

(लेखक एक्सएलआरआइ में वित्त के प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

# मजबूत होता सामाजिक सुरक्षा कवच



कुमार रोहित

**भविष्य निधि वह भरोसा हैं कि वर्षों के परिश्रम की पूंजी जरूरत पड़ने पर कामगार और परिवार के साथ खड़ी होगी**




भविष्य को बेहतर बनाने वाली पहल। प्रतीकात्मक

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया है। कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। महीने की पहली तारीख को वेतन मिलते ही एक आम कामगार के सामने कई जरूरतें कतार में खड़ी होती हैं। जैसे कि घर का किराया, राशन, बच्चों की स्कूल फीस, बिजली-पानी के बिल और घर के दूसरे खर्च। आज की कमाई से आज का घर चलाना उसकी पहली चिंता होती है, लेकिन एक सवाल हर महीने उसके साथ घर लौटता है कि कल का क्या होगा? बीमारी आ गई, काम प्रभावित हुआ या उम्र ढलने लगी तो परिवार का सहारा कौन बनेगा? सामाजिक सुरक्षा का असली अर्थ इसी अनिश्चितता को कम करना और मेहनतकश व्यक्ति को भविष्य के प्रति भरोसा देना है।

इस बदलाव की जरूरत को समझने के लिए पिछले एक दशक में हुए परिवर्तनों पर नजर डालना पर्याप्त है। अनिवार्य कवरेज की मौजूदा सीमा वर्ष 2014 में 15,000 रुपये निर्धारित की गई थी। तब से भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार और जीवन-यापन की लागत बढ़ी है। विनिर्माण, लाजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में काम शुरू करने वाले ऐसे कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक है। पुरानी सीमा के कारण इनमें से एक वर्ग अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर रह जाता था। यह अंतर केवल वेतन का नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का भी था। एक ही कार्यस्थल पर काम करने वाले दो कर्मचारियों की आय में मामूली अंतर होने पर उनके सामाजिक सुरक्षा कवरेज में अंतर पैदा हो रहा था। नई सीमा अधिक संख्या में युवा और मध्य आय वर्ग के कामगारों को औपचारिक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ने का अवसर देती है। इससे सामाजिक सुरक्षा का दायरा व्यापक होने के साथ कामगारों के भविष्य का संस्थागत आधार भी मजबूत होगा।

इस बदलाव का व्यावहारिक पक्ष भी है। जैसे कि भविष्य निधि में कर्मचारी का अंशदान होने से उसके हाथ में आने वाले मासिक वेतन में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन भविष्य निधि की मूल अवधारणा ही वर्तमान आय के एक हिस्से को भविष्य की वित्तीय सुरक्षा में बदलने की है। कर्मचारी के अंशदान के साथ नियोक्ता का योगदान भी जुड़ता है और समय के साथ यही राशि सेवानिवृत्ति के बाद उसका आर्थिक संबल बनती है। इसके साथ पेंशन और कर्मचारी बीमा से जुड़े प्रविधान सामाजिक सुरक्षा को व्यापक आधार देते हैं। यहीं सामाजिक सुरक्षा का अर्थ केवल बचत से आगे बढ़कर सम्मान और आत्मनिर्भरता से जुड़ जाता है। कामगार अपने श्रम से केवल परिवार की आज की जरूरतें ही पूरी नहीं करते, वे यह भी चाहते हैं कि नियमित आय सीमित होने पर उनके पास अपना सहारा हो। ऐसे समय में संस्थागत सुरक्षा व्यक्ति और उसके परिवार को आर्थिक कठिनाइयों से उबरने में सहारा देती है। इस अर्थ में सामाजिक सुरक्षा राज्य, नियोक्ता और श्रमिक की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें आज का श्रम भविष्य की सुरक्षा का आधार बनता है, लेकिन सामाजिक सुरक्षा का विस्तार केवल कवरेज बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। कामगारों को इसका लाभ आसानी और सम्मान के साथ मिले, यह भी उतना ही जरूरी है। पिछले वर्षों में ईपीएफओ की सेवाओं में डिजिटल माध्यमों, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) और आनलाइन सेवाओं का विस्तार हुआ है। इससे भविष्य निधि और पेंशन से जुड़ी अनेक प्रक्रियाएं सहज हुई हैं।

जैसे-जैसे अधिक कामगार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनेंगे, वैसे-वैसे ऐसी संस्थागत व्यवस्थाओं की जरूरत बढ़ेगी, जो वर्तमान रोजगार से आगे उनके भविष्य को भी सुरक्षा दें। भविष्य निधि सिर्फ जमा की गई रकम नहीं, बल्कि उस भरोसे का नाम है कि वर्षों की मेहनत की कमाई जरूरत के समय कामगारों और उनके परिवार के साथ खड़ी होगी। किसी देश की आर्थिक प्रगति को केवल जीडीपी, नए कारखानों या निवेश से नहीं मापा जा सकता। यह भी देखना होगा कि उस प्रगति में योगदान देने वाले लोगों के जीवन में कितनी सुरक्षा और स्थिरता आई है। आर्थिक विकास और सामाजिक सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। जब कामगारों के भविष्य को संस्थागत सुरक्षा मिलती है, तब श्रम की गरिमा और आर्थिक विकास का संबंध भी मजबूत होता है। वेतन सीमा को 25,000 रुपये तक बढ़ाने का महत्व इसी व्यापक संदर्भ में है। यह अधिक कामगारों को औपचारिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का अवसर है। इसकी सार्थकता केवल इस बात से नहीं तय होगी कि कितने नए खाते जुड़े, बल्कि इससे भी कि कितने कामगार अपने भविष्य को लेकर अधिक निश्चिंत हुए। मेहनत की कमाई का मूल्य केवल आज का घर चलाने में नहीं है। उसकी एक हिस्सेदारी उस भविष्य के लिए भी हो, जब उम्र, बीमारी या कोई बदलाव जीवन की दिशा बदल दे। सामाजिक सुरक्षा आज की मेहनत का इनाम है। यही मेहनत की कमाई का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

(लेखक अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## वीरता अथवा कायरता

साहस या पराक्रम एक श्रेष्ठ गुण है। जीवन में प्रगति हेतु यह आवश्यक है। साहस किस प्राप्ति हेतु हो, पराक्रम कहां प्रकट करना है, यह मनुष्य की बुद्धि और विवेक पर निर्भर करता है। जीवन में क्या हितकारी है, क्या अहितकर है इसकी स्पष्टता ही गुणों को दिशा देती है। अस्पष्टता अवगुणों को जन्म देती है। जीवन हित इसमें है कि मनुष्य संयम और सहजता में रहे इससे परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है और जीवन का उद्धार होता है। संयम और सहजता से दूर होना विनाशकारी सिद्ध होता है। रावण ने संयम खोया और क्रोध में आकर माता सीता जी को हर ले गया। परिणाम हुआ कि सोने की लंका राख में बदल गई। कौरवों ने सहजता खोई और राज्य के मोह में छल किया, जिससे महाभारत हुआ। फिर राज्य भी गया और जीवन भी। यह कैसी वीरता है, जो विनाश को जन्म दे। वीरता तो विनाश से बचने और जीवन सार्थक करने में है। वास्तविक वीर वह है जिसने अपने क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, काम को जीत लिया। अपने संयम और सहजता को बनाए रखना ही अपने आप को सुरक्षित रखना है। जो अपने आप को सुरक्षित न रख पाए, अपने ही अंदर के क्रोध, काम, लोभ, मोह, अहंकार से पराजित हो जाए, उससे बड़ा कायर और कौन होगा।

सद्गुण मनुष्य को सबल और अवगुण निर्बल बनाते हैं। निर्बल में न तो साहस होता है, न पराक्रम। किसी के अंदर महाभारत चल रहा है, किसी के अंदर लंका जीवंत हो रही है। जिह्वा पर राम हैं, पर मन में मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं। मनुष्य किसी भी धर्म का पालक हो शाश्वत गुणों से विरत होकर सुखी नहीं रह सकता। धर्म वीरता का नाम है, जो गुणों से उत्पन्न होती है। अब यह मनुष्य पर है कि वह वीरता, साहस को चुनता है अथवा कायरता और भीरुत्व को।

डा. सत्येंद्र पाल सिंह

# महिलाओं की सुरक्षा-सम्मान के लिए खतरा

डा. मोनिका शर्मा

> दुखद हैं कि एआइ से बनीं तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं

हाल में आपत्तिजनक वस्त्रों में गंगा स्नान करती एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। हरिद्वार के हरकी पैड़ी जैसे पवित्र स्थल से आए इस वीडियो को लेकर लोगों ने धार्मिक स्थलों पर मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की बात कही। बाद में सामने आया कि यह वीडियो नकली है। असली वीडियो में महिला सलवार सूट पहनकर स्नान करती दिखती है। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर एआइ से कपड़े बदलकर महिला को आपत्तिजनक कपड़ों में दिखाया गया।

वस्तुतः इस वीडियो ने महिलाओं की निजता और सुरक्षा को लेकर अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। किसी सार्वजनिक स्थल पर स्त्रियों का सभ्य पहनावे में उपस्थित होना भी अब जोखिमपूर्ण हो गया है। ध्यातव्य है कि तकनीक के गलत इस्तेमाल का चिंतनीय उदाहरण बना यह वीडियो एक इंटरनेट मीडिया कंटेंट क्रिएटर का है। उसने स्वयं इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर बताया कि वायरल वीडियो को एआइ की मदद से बनाया गया है। उसने असली वीडियो के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की है। दुखद है कि चर्चित चेहरों से लेकर आम महिलाओं तक, एआइ से बनीं तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते ऐसी घटनाएं डिजिटल यौन उत्पीड़न का रूप लेने लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के मुताबिक भी ऐसे मामले अब आनलाइन समस्या भर नहीं रहे। यह एक गंभीर मानवाधिकार मुद्दा बन गया है। भारत में भी राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं डीपफेक एवं एआइ-जनित कंटेंट को लेकर चिंता जताई जा चुकी है।

चिंतनीय है कि ऐसी नकली सामग्री की पहुंच भी बहुत अधिक होती है। मैकऐफी की 'सबसे खतरनाक सेलेब्रिटी-डीपफेक धोखे की सूची' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 75 प्रतिशत लोग डीपफेक कंटेंट देखते हैं। वहीं 2020 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में 118 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनमें महिलाओं की मार्फ की गई तस्वीरों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जबकि निजता का हनन करने वाले ऐसे वीडियो से किसी महिला के लिए सामाजिक-पारिवारिक जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नकली कंटेंट को हटाने की प्रक्रिया भी आसान नहीं है। असल में एआइ टूल्स की सहज उपलब्धता इस समस्या की जड़ है। इंटरनेट पर तस्वीरों को बदलने वाले एप्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहुंच में हैं, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़े हैं। जबकि सृजनशील सोच के साथ तकनीक उपयोग करने वालों के लिए एआइ वरदान से कम नहीं। आमजन स्त्रियों की निजता का मान करना सीखें। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग अपने विचारों को भी अपडेट करें।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मध्ययुगीन सोच पर मौन घातक

'अपना एजेंडा थोपने वाला इकोसिस्टम' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में राजीव सचान ने केरलम के मौलाना शेख अबूबकर अहमद के उस पितृसत्तात्मक बयान पर विमर्श छेड़ा है, जिस पर हाल में राहुल गांधी ने मनुस्मृति के हवाले से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महिलाओं की स्वतंत्रता की बात की थी। केरलम में मुस्लिम लीग के समर्थन से चलने वाली कांग्रेस की सरकार ने भले ही मध्ययुगीन सोच वाले मौलाना के बयान पर बहस छेड़ने वाले टीवी चैनल की एंकर पर कानूनी चाबुक चलाकर उनकी अभिव्यक्ति का गला घोंट दिया हो, लेकिन इस तालिबानी सोच के लिए उस भारत में कोई जगह नहीं है जहां की नारी पुरुष के साथ कंधा मिलाकर काम करने की हैसियत रखती हो। हैरत की बात है कि काकरोच जनता पार्टी के आंदोलन का हिस्सा बनने वाली मुखरित नारी शक्ति को भी मौलाना के मध्ययुगीन सोच पर गुस्सा नहीं आया और वह मुंह में दही जमा कर बैठ गई। मीडिया ने भी इस तालिबानी सोच पर विमर्श करने से कन्नी काट ली। कांग्रेस ने भी अपने नेता राहुल गांधी के 'नारी स्वातंत्र्य' वाले सोच को आगे रखकर इस तरह के मध्ययुगीन बयान की भर्त्सना नहीं की। केरलम के असरदार मौलाना के मध्ययुगीन बयान पर पसरा यह घातक 'मौन' उस इकोसिस्टम की पोल खोलने वाला है, जो अपने एजेंडे के अनुरूप लोगों के सोच प्रभावित करने में लगा हुआ है। देश का बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी आसानी से इस शातिराना इकोसिस्टम का शिकार बनता जा रहा है। तुष्टीकरण की नीति पर चलने वाला यह इकोसिस्टम देश की एकता और अखंडता के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है। ऐसे में देश को सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि यह इकोसिस्टम विकसित भारत की राह का रोड़ा बन सकता है।

डा. वीपी पांडेय, अलीगढ़ (उप्र)

## मेलबाक्स

## विकास के केंद्र में अंतिम व्यक्ति

'मोदी युग का मूल संदेश' शीर्षक से प्रकाशित विमर्श में राम नाथ कोविन्द ने विकास की उस अवधारणा को सामने रखा है, जिसमें शासन की सार्थकता सत्ता के केंद्र से नहीं, समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में आए परिवर्तन से मापी जाती है। उनके अनुसार मोदी युग की प्रमुख विशेषता ऐसी नीतियों और योजनाओं का विस्तार है, जिनका उद्देश्य गरीब, वंचित, ग्रामीण तथा महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा है। यह दृष्टि कल्याण को केवल सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी और गरिमा से जोड़ती है। किंतु योजनाओं की उपलब्धता और उनके वास्तविक सामाजिक परिणाम के बीच अंतर को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब चुनौती कल्याण से आगे बढ़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल, रोजगार और उद्यमिता के स्थायी अवसर पैदा करने की है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविध राज्य में इस परिवर्तन की सफलता स्थानीय प्रशासन की क्षमता और क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने पर निर्भर करेगी।

awanishg30@gmail.com

## उपभोक्ताओं का विश्वास

डिजिटल अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता की सहमति केवल एक क्लिक नहीं, बल्कि स्वतंत्र और सूचित निर्णय होनी चाहिए। विडंबना यह है कि टैक्सी बुक करते समय उपलब्धता, किराये या प्रतीक्षा-समय के बारे में अलग-अलग संकेतों से ग्राहक को आकर्षित या उलझाया जाता है। कभी किराया बदलता दिखाई देता है, तो कभी अधिक भुगतान को राइड मिलने की अधिक संभावना से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है। मूल प्रश्न है क्या यह पैटर्न डिजिटल मंच उपभोक्ता को पूरी जानकारी देकर निर्णय लेने दे रहा है या डिजाइन और एल्गोरिदम के माध्यम से उसे किसी खास विकल्प की ओर धकेल रहा है? यही चिंता ई-कामर्स में छिपे शुल्क और स्वतः जोड़ी गई वस्तुओं, भोजन-आपूर्ति में अतिरिक्त विकल्पों में भी दिखाई देती है।

brijbgoyal@gmail.com

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**10** प्रतिशत के आसपास हिस्सेदारी रही भारत के कुल बिजली उत्पादन में जलविद्युत की वर्ष 2024-25 में, जबकि भारत की चिह्नित जलविद्युत क्षमता लगभग 1.54 लाख मेगावाट है।





डा. अतुल अग्रवाल
भारतीय प्रबंधन संस्थान, सिरमौर, हिमाचल प्रदेश

आजकल

# केवल बिजलीघर न बन जाए हिमालय

**26 अगस्त को हिमालय में नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट जलप्रलय की घटना घटित हुई। इसके भयावह दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अब तक 1,400 से अधिक लोगों के मारे जाने और चार हजार से अधिक लोगों के लापता होने के समाचार हैं। हालांकि इस घटना के अनेक पहलू सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक है हिमालय को बिजली उत्पादन केंद्र के एक बड़े स्रोत के रूप में उपयोग में लाया जाना। इस घटना से यह सबक लिया जाना चाहिए कि हिमालय जैसे अपेक्षाकृत युवा पर्वत से छेड़छाड़ के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं**



हिमालय क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाओं के आरंभ से पूर्व जोखिम से जुड़े सभी कारकों को समझना होगा। फाइल

पिछले माह के अंतिम सप्ताह में नेपाल-तिब्बत सीमा के पास हिमनद से जुड़ी बाढ़ और भूस्खलन ने जो तबाही मचाई, उसने एक असहज सवाल हमारे सामने रख दिया है। जिस पर्वतीय भूभाग की नदियों को हम विकास और ऊर्जा का स्रोत मानते हैं, क्या हम उसकी प्रकृति और उसकी सीमाओं को उतनी ही गंभीरता से समझते हैं? भारत के लिए यह चेतावनी नई नहीं है। फरवरी 2021 में उत्तराखंड के चमोली में करीब 2.7 करोड़ घन मीटर चट्टान और हिमनद बर्फ नीचे गिरी। इससे ऋषिगंगा और धौलीगंगा घाटियां पानी, चट्टान और मलबे की प्रचंड धारा में बदल गईं। दो जलविद्युत परियोजनाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं और 200 से अधिक लोग मारे गए या लापता हुए। ऋषिगंगा परियोजना पूरी तरह नष्ट हो गई, जबकि एनटीपीसी की 520 मेगावाट की तपोवन-विष्णुगढ़ परियोजना का बैराज क्षतिग्रस्त हुआ।

बाद के आधिकारिक आंकड़ों में 80 शव बरामद होने और 124 लोगों के अब भी लापता होने की बात सामने आई। इनमें बड़ी संख्या उन श्रमिकों की थी जो भारत की ऊर्जा अवसंरचना खड़ी करने वहां पहुंचे थे। चमोली का सबक साफ था। हिमालयी जलविद्युत केवल बिजली का सवाल नहीं है। यह भूगर्भशास्त्र, आपदा प्रबंधन, श्रमिक सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और निचले क्षेत्रों में रहने वाले करोड़ों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि भारत जलविद्युत से किनारा कर ले। देश की ऊर्जा जरूरतें बड़ी हैं और सौर तथा पवन ऊर्जा के साथ संतुलन बनाने में जलविद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत की चिन्हित (पोटेंशियल) जलविद्युत क्षमता लगभग 1.54 लाख मेगावाट है।

वर्ष 2024-25 में देश के बिजली उत्पादन में जलविद्युत की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत रही। जुलाई 2026 तक स्थापित जलविद्युत क्षमता 57,246 मेगावाट थी। राष्ट्रीय विद्युत योजना के अनुसार, वर्ष 2031-32 तक बड़ी जलविद्युत क्षमता करीब 62.18 गीगावाट, लघु जलविद्युत 5.45 गीगावाट और पंप्ड-स्टोरेज क्षमता 26.69 गीगावाट तक पहुंच सकती है। जलविद्युत इसलिए भारत की ऊर्जा कहानी से बाहर नहीं होने वाली। सवाल यह है कि जोखिम समझ हमारी ऊर्जा महत्वाकांक्षा जितनी बड़ी हो रही है?

यहीं हमारी सोच में बदलाव की जरूरत है। किसी हिमालयी परियोजना की सफलता केवल इस बात से तय नहीं होनी चाहिए कि उसका बांध, सुरंग और पावरहाउस इंजीनियरिंग की तय कसौटियों पर सुरक्षित हैं या नहीं। असली सवाल होना चाहिए- क्या पूरा भू-दृश्य एक साथ आने वाली आपदाओं को झेल सकता है? हिमालय में आपदा अक्सर अकेली नहीं आती। हिमस्खलन भूस्खलन को जन्म दे सकता है। भूस्खलन नदी का रास्ता रोक सकता है। फिर वही नदी उस अवरोध को तोड़कर अचानक विनाशकारी बाढ़ ला सकती है। इस पूरी श्रृंखला में सड़क, पुल, बिजलीघर और सुरंग एक साथ निशाना बन सकते हैं। अलग-अलग खतरों के लिए तैयार किया गया कोई प्रोजेक्ट तब भी असुरक्षित हो सकता है, जब कई खतरे एक साथ टूट पड़ें।

**विशाल नदी प्रणालियां** : ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और हिमनदीय झीलों के फटने से अचानक बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। बारिश और हिमपिघलन के बदलते तौर-तरीके नदियों के प्रवाह की मात्रा और समय- दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। यानी जलविद्युत के लिए जो पानी सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है, बदलती जलवायु में वही पानी अचानक विनाशकारी शक्ति में भी बदल सकता है। और इसका असर केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं रहेगा। हिंदूकुश-हिमालय के ग्लेशियर सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी विशाल नदी प्रणालियों को पोषित करते हैं। विश्व बैंक के अनुसार, इन हिमनद और हिमपोषित नदियों पर 75 करोड़ से अधिक लोग निर्भर हैं। इसलिए हिमालय की किसी एक घाटी में आने वाली बड़ी आपदा का असर किसी बिजलीघर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहता। सड़कें टूटती हैं, संचार व्यवस्था चरमराती है, आजीविका प्रभावित होती है और वहां के समुदायों को भी उसकी कीमत चुकानी पड़ती है।

**विशेषज्ञ समिति** : जोशीमठ का उदाहरण इसी जटिलता को समझने का अवसर देता है। यह कहना आसान है कि तपोवन-विष्णुगढ़ परियोजना के कारण जोशीमठ धंसा। लेकिन उपलब्ध सरकारी साक्ष्य इस निष्कर्ष को इतना सरल नहीं बनाते। फरवरी 2023 में लोकसभा में दिए गए जवाब में विद्युत मंत्रालय ने कहा था कि जोशीमठ में भूमि धंसने की समस्या 1976 से दर्ज थी और शहर पुराने, अस्थिर भूस्खलन क्षेत्र पर बसा है। वर्ष 2022 में गठित विशेषज्ञ समिति में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आइआइटी रुड़की, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और वाडिया इंस्टीट्यूट आफ हिमालयन जियोलाजी शामिल थे।

लेकिन इससे एक और बड़ा सवाल पैदा होता है। यदि कोई शहर पुराने और अस्थिर भूस्खलन क्षेत्र पर बसा है, तो वहां और उसके आसपास नए निर्माण की सीमा क्या होनी चाहिए? वर्ष 2023 की शुरुआत में जोशीमठ के 863 भवनों में दरारें दर्ज की गईं और 296 परिवारों के 995 लोगों के पुनर्वास की बात सामने आई। बाद में केंद्र ने पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए 1,658.17 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी। ये आंकड़े बताते हैं कि भूगर्भीय जोखिम कोई अकादमिक चर्चा नहीं। जब पहाड़ अस्थिर होता है तो उसकी कीमत परिवारों और सरकारों को वर्षों तक चुकानी पड़ती है।

## चेतावनी को कार्रवाई में बदलने की इच्छाशक्ति

नेपाल की त्रासदी ने एक और कमजोरी उजागर को उजगार किया है कि श्रमिक सुरक्षा को परियोजना का केंद्रीय प्रश्न बनाने की जरूरत है। यदि किसी आपदा में सैकड़ों कर्मचारी सुरंगों में फंस सकते हैं तो परियोजना शुरू होने से पहले यह साबित करना होगा कि सड़क बह जाने पर उन्हें कैसे निकाला जाएगा, बिजली और संचार बंद होने पर क्या होगा, सुरंग में पानी भरने पर बचाव कैसे होगा और जब कई संकट एक साथ आएं, तब आपात योजना कैसे काम करेगी। सिर्फ कागज पर बनी आपदा योजना पर्याप्त नहीं हो सकती। उसका स्वतंत्र आडिट होना चाहिए, वास्तविक परिस्थितियों में अभ्यास होना चाहिए और बदलती जलवायु तथा भूगर्भीय परिस्थितियों के अनुसार उसे निरंतर अपडेट किया जाना चाहिए।

तकनीक इसमें हमारी मदद कर सकती है। उपग्रह निगरानी, जमीन पर सेंसर, वर्षा और नदी मापने वाले उपकरण, भूकंपीय नेटवर्क, ग्लेशियर और हिमनदीय झीलों की निगरानी तथा वास्तविक समय की संचार प्रणालियां आज उपलब्ध हैं। इनसार जैसी उपग्रह तकनीक पर्वतीय क्षेत्रों में जमीन के खिसकने और भूस्खलन के जोखिम का पता लगाने में उपयोगी हो सकती है। चुनौती तकनीक की कमी नहीं, बल्कि चेतावनी को कार्रवाई में बदलने की इच्छाशक्ति है। यदि चेतावनी मिलने के बाद निर्माण नहीं रुकता, श्रमिकों को नहीं निकाला जाता या सड़क बंद नहीं की जाती, तो वह चेतावनी महज सूचना बनकर रह जाती है।

यह सावधानी आर्थिक दृष्टि से भी जरूरी है। आपदा से बचाव कोई अतिरिक्त पर्यावरणीय खर्च नहीं, बल्कि परियोजना की वास्तविक लागत का हिस्सा है। टूटी सड़क, क्षतिग्रस्त सुरंग, बहा पुल, बंद बिजलीघर और विस्थापित परिवार- इनकी कीमत परियोजना की मूल लागत में दिखाई नहीं देती। नेपाल में आपदा के बाद प्रभावित क्षेत्रों की बिजली क्षमता में करीब 10 प्रतिशत की कमी की सूचना सामने आई है। इसलिए किसी परियोजना की कीमत केवल उसे बनाने में लगने वाला पैसा नहीं, वह सामाजिक कीमत भी है जो तब सामने आती है, जब हमारी मूल धारणाएं विफल होती हैं।

भारत को जलविद्युत चाहिए, लेकिन हर घाटी में हर कीमत पर जलविद्युत नहीं। कुछ क्षेत्र विकास के लिए उपयुक्त हो सकते हैं, कुछ नहीं। स्थानीय समुदायों और श्रमिकों की आवाज को जोखिम आकलन में वास्तविक स्थान देना होगा। विकास का अर्थ यह नहीं हो सकता कि लाभ का हिसाब आज हो और जोखिम की कीमत आने वाली पीढ़ियां चुकाएं। हिमालय हमें एक कठोर सच्चाई याद दिला रहा है- प्राकृतिक आपदा और मानवीय विफलता के बीच की रेखा बहुत पतली है। हिमनद का टूटना प्राकृतिक घटना है, लेकिन सुरंग में सैकड़ों श्रमिकों का फंसना हमारी योजना का सवाल है। भूस्खलन प्राकृतिक है, लेकिन अस्थिर ढलान पर बनाई गई वह सड़क जो किसी परियोजना तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता बन जाए, मानवीय निर्णय है। अत्यधिक वर्षा प्राकृतिक है, लेकिन महत्वपूर्ण ढांचे में वैकल्पिक व्यवस्था न रखना हमारी पसंद है।

इसलिए नेपाल की त्रासदी को जलविद्युत के पक्ष या विपक्ष की एक और तात्कालिक बहस में बदलना समस्या को छोटा करना होगा। सामान्य दिनों में बिजली पैदा करने की क्षमता नहीं है। असली परीक्षा उस दिन होगी जब हिमनद टूटेगा, पहाड़ खिसकेगा, नदी उफनेगी और सड़क गायब हो जाएगी। हिमालय से हम हमेशा पूर्वानुमेय व्यवहार की उम्मीद नहीं कर सकते। लेकिन हिमालय में रहने और काम करने वाले लोगों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि हमारा विकास माडल उनकी सुरक्षा को उस पूर्वानुमेयता पर निर्भर न बनाए। हमें यह समझना होगा कि हिमालय बिजलीघर नहीं है। वह एक जीवंत, संवेदनशील और अस्थिर भू-दृश्य है। उससे ऊर्जा लेना है तो पहले उसे समझना होगा।

(डा. अतुल अग्रवाल)

खरी-खरी

## भ्रष्टाचार की गंगोत्री

सूर्यदीप कुशवाहा

जब कोई सीधा-साधा नागरिक सरकारी दफ्तर जाता है, तो वह हैरान रह जाता है। उसे लगता है कि वह किसी भूलभुलैया में आ गया है। यहां काम की अर्जी सीधे रास्ते अंदर जाती है। मगर उसका समाधान पिछले दरवाजे से बाहर निकलता है। इस खेल को देखकर समाज ठंडी सांस लेता है। समाज दार्शनिक अंदाज में कहता है कि जब पानी ही ऊपर से गंदा आ रहा हो, तो नीचे की दीवारों को क्या कोसना? बस, इसी ऊपर के रहस्य को देखना होगा सरकार! तब जाकर दर्शन होते हैं भ्रष्टाचार की उस पावन गंगोत्री के, जहां से शुचिता नहीं, बल्कि सुविधा की डिजिटल और नकद धाराएं फूटती हैं।

इस अलौकिक गंगोत्री का निर्माण तीन अदृश्य धाराओं के संगम से होता है। पहली धारा है- फाइल की कछुआ गति। हमारे दफ्तरों में फाइलें संन्यासी की तरह ध्यानमग्न रहती हैं। उन्हें हिलाना एक बड़ी तपस्या है। जब तक इन पर वजन न रखा जाए, ये उड़ना नहीं सीखतीं। दूसरी धारा है- नीतिगत मोतियाबिंद। यह एक ऐसा चश्मा है जिसे पहनते ही जिम्मेदार कुर्सियों को नियम-कानून सिर्फ अपने प्रियजनों के पक्ष में दिखते हैं। तीसरी और सबसे तेज धारा है- मौन स्वीकृति की दक्षिणा। यह वह भाषा है जो बोली नहीं जाती, सिर्फ तिजोरियों में महसूस की जाती है। जब ये तीनों धाराएं मिलती हैं, तब भ्रष्टाचार की मुख्यधारा प्रकट होती है। फिर पूरा तंत्र बिना साबुन के ही मैल साफ करने में जुट जाता है।

यह अनूठी गंगोत्री विज्ञान के नियमों को चुनौती देती है। नदियां आमतौर पर पहाड़ों से नीचे आकर मैदानों को उपजाऊ बनाती हैं। मगर यह दिव्यधारा नीचे के मैदानी बजट और करदाताओं की गाढ़ी कमाई को सोख लेती है। इससे ऊपर बैठे शिखर और अधिक आलीशान और मजबूत हो जाते हैं। इस नदी में जो जितना गहरा गोता लगाता है, समाज में उसका कद उतना ही ऊंचा हो जाता है। लोग उसकी चमचमाती गाड़ियों और बंगलों को देखकर पवित्र विस्मय से कहते हैं कि देखो, ऊपर वाले की कैसी अपार कृपा बरस रही है! यहां ऊपर वाले का मतलब भगवान नहीं, बल्कि वही वातानुकूलित उद्गम स्थल है जहां नीतियां बनती और बदली जाती हैं।

पोस्ट

यूपीआइ के बाद करेंसी नोट की बड़ी संख्या में आवश्यकता कम हुई। छपाई का खर्च बचा है। रख-रखाव का खर्च घटा है। बैंकों पर बोझ कम हुआ है। नकदी निकासी और जमा हतोत्साहित हुआ है। लोगों की सुविधा और सुगमता बढ़ी है। यूपीआइ भुगतान की एक सीमा पर शुल्क लगाने का निर्णय ठीक नहीं है। डा. रमाकांत राय@RamaKRoy



टाटा संस में (नोएल) टाटा की ही हार। टाटा संस के बोर्ड ने एन. चंद्रशेखरन को पांच साल के लिए फिर चेयरमैन बना दिया है। यह नोएल टाटा की हार है। वे चंद्रशेखरन के खिलाफ थे और आइपीओ के भी। नोएल टाटा अब भी एजीएम में चंद्रशेखरन की नियुक्ति में अवरोध डाल सकते हैं। मिलिंद खांडेकर@milindkhandekar

एक जमाने में सिर्फ खलीफा को हटाए जाने की वजह से ही भारत के मुसलमानों ने खिलाफत आंदोलन कर दिया, जबकि उस तख्तापलट में तुर्किये के नेता कमाल पाशा की ही भूमिका थी। खिलाफत आंदोलन ने भारत विभाजन की पुख्ता जमीन तैयार की थी। आज मक्का पर ड्रोन अटैक हो रहे हैं, लेकिन देश में कोई सुगबुगाहट नहीं है। सुशांत झा@jhasushant

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**यूपीआइ से भुगतान पर शुल्क की सीमा दो हजार रुपये से अधिक होनी चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या टाटा संस के चेयरमैन पद पर एन. चंद्रशेखरन का ही बने रहना इस कारोबारी समूह के लिए बेहतर होगा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

पीएम लेकर चल रहे सेवा का संकल्प,
अरु विपक्ष के हाथ में है बस कोरी गल्प।
है बस कोरी गल्प छोड़ते रहो शिगूफा,
हो करके नाराज रहो तुम बैठे फूफा!
मोदी तेरह साल बिताए रहकर सीएम,
पाया उसके बाद राष्ट्र इक बढ़िया पीएम।
-ओम प्रकाश तिवारी



शशि शेखर
संपादकीय प्रभारी, रांची

झारखंड डायरी

# राशन पर सरकार की सख्ती



केवल जरूरतमंदों को ही मिले राशन, इसकी व्यवस्था में जुटी सरकार। फाइल

झारखंड की बदकिस्मती है कि जहां हाथ डालिए, वहीं कुछ गड़बड़झाला मिल जाता है। परीक्षा की स्थिति खराब है। जांच पर जांच चल रही है। कोर्ट में सुनवाई हो रही है। कहीं ईडी सक्रिय है तो कहीं सीबीआइ। पहले माओवाद की समस्या थी, अब कई समस्याएं हैं। इनमें एक समस्या राशन कार्ड की भी है। अपने यहां ऐसे-ऐसे लोगों ने राशन कार्ड बनवा लिए हैं, जो इसके कतई पात्र नहीं हैं। हो सकता है, कुछ अनजाने में बनवा लिए हों, लेकिन जो गरीब हैं, जिनके लिए जरूरी है, वही अपने प्रदेश में वंचित हो जा रहे हैं। उनके सामने समस्याएं भी बहुत हैं और सरकारी अमला तंत्र भी उनके प्रति बहुत संवेदनशील नहीं है।

अभी हाल में चार लाख से अधिक निष्क्रिय राशन कार्डों को सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों की पहचान और राशन वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नया सत्यापन अभियान शुरू किया गया है। यह काम पहले होना चाहिए था। अब सरकार जगी है। उसने सख्ती बरती है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पिछले छह माह से जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों से राशन नहीं उठाने वाले लाभार्थियों के राशन कार्ड एक अक्टूबर से अस्थायी रूप से निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। ऐसे लाभार्थियों को एक अक्टूबर से राशन नहीं मिलेगा। इससे जाहिर है कि ऐसे लोगों ने भी राशन कार्ड बनवा लिए थे, जिनको जरूरत नहीं थी। ऐसे लोगों को साइलेंट राशन कार्डधारक कहा गया है। इनके लिए 30 सितंबर तक राशन उठाने की अंतिम तिथि तय की गई है। इस तिथि तक राशन उठाने वाले लाभार्थियों के कार्ड सक्रिय रहेंगे। वहीं निर्धारित अवधि में राशन नहीं उठाने पर कार्ड निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

सरकार ने यह भी व्यवस्था दी है कि कार्ड निष्क्रिय होने के बाद उसे पुनः सक्रिय कराने के लिए लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए एक अक्टूबर 2026 से एक जनवरी 2027 तक तीन माह की समय सीमा निर्धारित की गई है। इस अवधि में फील्ड सत्यापन के माध्यम से लाभार्थियों की ई-केवाईसी पूरी कराई जाएगी। निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभार्थियों के कार्ड आगे भी निष्क्रिय रहेंगे और उन्हें राशन सुविधा से वंचित होना पड़ेगा।

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अनुसार बड़ी संख्या में ऐसे लाभार्थी हैं, जिन्होंने आयुष्मान भारत और मंइयां सम्मान योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के उद्देश्य से राशन कार्ड बनवाया है, लेकिन नियमित रूप से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं। ऐसे कार्डधारियों की पहचान कर व्यवस्था को वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक सीमित करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। यह व्यवस्था केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना और दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है। अधिसूचना में पिछले छह माह से पात्रता लाभ का उपयोग नहीं करने वाले लाभार्थियों के राशन कार्ड को अस्थायी रूप से निष्क्रिय करने तथा अगले तीन माह में फील्ड सत्यापन के माध्यम से ई-केवाईसी कराने का प्रविधान किया गया है।

हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याएं कुछ अलग तरह की हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में नेटवर्क बड़ी समस्या है। शहर 5जी पर चल रहे हैं और गांव-पहाड़ 2जी की रफ्तार से। इनके लिए ई-केवाइसी बड़ी चुनौती है। सबसे खराब स्थिति झारखंड की नौ आदिम जनजातियों की है, जो संकट में हैं। ये लुप्तप्राय हैं और सुदूर पहाड़ों पर रहती हैं। उनके पास सड़क तो पहुंची नहीं है, सरकार कैसे पहुंच जाएगी। इसलिए, उन्हें केवाइसी कराना एक बड़ी व्यावहारिक समस्या है। खासकर, संताल परगना में पहाड़िया जनजाति व छोटानागपुर में असुर जनजाति। सरकार ने राशन कार्ड बनवाने के मानक तय कर रखे हैं, लेकिन पहुंच वाले वहां भी सेंध लगा देते हैं।

झारखंड में 60 लाख से अधिक लोग खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े हैं। वर्ष 2017 से चल रही पीवीटीजी डाकिया योजना से 80 हजार परिवार जुड़े हैं। यह योजना आदिम जनजातीय समूहों के लिए है। झारखंड के 24 जिलों में 164 से अधिक प्रखंडों में यह योजना चल रही है। इस खाद्य सुरक्षा योजना का एक ही उद्देश्य है, भूख से किसी की मौत न हो। आज से कुछ साल पहले, झारखंड में इस तरह के कई चर्चित मामले सामने आए थे। अब ये मामले सुनाई नहीं देते। यह अच्छी बात है, लेकिन सरकार के साथ राज्य के नागरिकों का भी यह दायित्व है कि वह गरीबों के राशन पर अपना दावा न करें। जो पात्र हैं, उन्हें ही इसका लाभ मिले। इसके लिए हर व्यक्ति को सोचना चाहिए। उम्मीद है कि लोग स्वयं आगे आएंगे और सुपात्रों के लिए अपना कार्ड सरेंडर करने में सहयोग करेंगे।

मंथन



डा. शुभम केवलिया
असिस्टेंट प्रोफेसर, शहीद भगत सिंह कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

# भारत के मूल निवासी आर्य

**हड़प्पा सभ्यता से संबंधित हालिया शोध से ये तथ्य सामने आए हैं कि आर्य भारत के ही निवासी थे और सरस्वती वास्तव में एक नदी थी। लिहाजा इस दिशा में नए सिरे से शोध होना चाहिए**



भारत के मूल निवासियों से संबंधित कई भ्रांतियां हैं जिन पर व्यापक शोध की जरूरत है। फाइल

भारतीय समाज में कुछ तो यहां के मूल निवासी हैं और कुछ मध्य एशिया से आए थे। दीर्घकाल से भारतीय इतिहास में यह विषय चर्चित रहा तथा इन बाहरी लोगों को आर्य की संज्ञा प्रदान की गई। हाल में भारत में उपजी राजनीतिक परिस्थितियों ने इस विषय को फिर से हवा दी है। राखीगढ़ी के डीएनए विश्लेषण ने इसे और उलझा दिया है। राखीगढ़ी के कंकाल का डीएनए 2100 ईसा पूर्व के पहले का है और वह आर्य आगमन के सिद्धांत को धराशायी करने में कोई सहायक नहीं है। क्योंकि आर्य आगमन तो 1600-1500 ईसा पूर्व में हुआ है, ऐसा मानना है।

खैर इस मत के जनक तो यूरोपीय विद्वान ही हैं। फिलिप ससेटी से लेकर मैक्समुलर तक सभी ने एक स्वर में कहा कि आर्य नामक जाति 1500 ईसा पूर्व में भारत आई थी। प्रारंभ में इसे आर्य आक्रमण कहा गया, मोहनजोदड़ो के उत्खननकर्ता मार्टीमर व्हीलर ने उत्खनित साक्ष्यों के आधार पर इस बात को सिद्ध करने का प्रयास किया, परंतु शीघ्र ही डेल्स नामक विद्वान ने व्हीलर के मत को खारिज कर दिया। डेल्स के मत के बाद आर्य आक्रमण का सिद्धांत तो खत्म हो गया, परंतु एक नवीन मत को सृजित किया गया और इसे आर्य आगमन की संज्ञा प्रदान की गई। इस मत के अनुसार, भारत के प्राचीन हड़प्पा सभ्यता को आर्यों के आगमन के पूर्व की सभ्यता बताया गया और इस सभ्यता को भारत के मूलनिवासियों की सभ्यता बताका आर्यों से अलग कर दिया गया। यह मत भी दिया गया कि आर्य आगमन के कारण हड़प्पा सभ्यता के लोगों ने दक्षिण भारत की ओर पलायन कर दिया। ऐसे में प्रश्न यह है कि क्या पुरातात्विक और वैज्ञानिक साक्ष्य यूरोपीय विद्वानों के तर्क का समर्थन करते हैं?

**हड़प्पा सभ्यता** : यज्ञ पूजा आर्यों की संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। आश्चर्य का विषय है कि तथाकथित अनार्य हड़प्पा सभ्यता के कई पुरास्थल जैसे राखीगढ़ी, लोथल, कालीबंगा, बिंजौर, बनावली आदि से यज्ञकुंड उत्खनन में प्राप्त हुए हैं। यह इस बात के स्पष्ट द्योतक है कि इस सभ्यता में रहने वाले लोग आज से 4300 वर्ष पूर्व यज्ञ पूजा संपादित करते थे। ऐसी परिस्थिति में हड़प्पा सभ्यता को कैसे आर्यों से अलग किया जाए।

एक अन्य महत्वपूर्ण विषय डीएनए का है। आर्य नामक कोई जाति वास्तव में 1500 ईसा पूर्व में मध्य एशिया से आई थी तो उस समय के कंकालों के डीएनए में कोई मिश्रण तो होना ही चाहिए। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि मूर्धन्य मानवशास्त्री कैनेडी और लुकाक्स की प्रकाशित रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 4500 ईसा पूर्व से लेकर 800 ईसा पूर्व तक मानव जैविक बनावट एक जैसी है। ऐसी परिस्थिति में यह कैसे स्वीकार किया जाए कि 1500 ईसा पूर्व कोई विशाल माइग्रेशन भारत में मध्य एशिया से हुआ होगा। कुछ वर्ष पूर्व एक शोध और प्रकाश में आया जिसने आर्य आगमन के सिद्धांत को बल देने का प्रयत्न किया। उसमें एक भी कंकाल न तो भारत का है, न ही उस समय का है जब यह तथाकथित आगमन होना बताया जाता है।

**सरस्वती नदी** : वैदिक आर्यों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्रंथ ऋग्वेद में जिस नदी का सर्वाधिक उल्लेख है वह है सरस्वती। वर्तमान में तो भारत में सरस्वती नदी दिखाई नहीं देती। यही कारण है कि कुछ विद्वानों ने यह कह दिया कि अफगानिस्तान में बहने वाली हरकावती नदी ही सरस्वती है। परंतु यहां इस बात को उल्लेखित करना आवश्यक है कि ऋग्वेद में वर्णन है कि सरस्वती नदी पहाड़ों से निकलती है व समुद्र में समाहित होती है। अफगानिस्तान की हरकावती पहाड़ों से निकलती जरूर है, पर समुद्र में नहीं मिलती। इसके साथ ही आज भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों से यह सिद्ध है कि वर्तमान हरियाणा और राजस्थान में बहने वाली घग्गर नदी ही प्राचीन समय की सरस्वती है जिसके किनारों पर हड़प्पा सभ्यता के 64 प्रतिशत नगर विद्यमान थे।

उपरोक्त पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य इस बात के समर्थक हैं कि जिस आर्य आगमन के विचार की यूरोपीय विद्वानों ने रचना की थी, उसके कोई पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। हां, भाषा को लेकर आज भी कई प्रश्न हैं, निश्चित तौर पर लैटिन व संस्कृत में कुछ समानताएं हैं। लेकिन केवल भाषा को तवज्जो दी जाए व अन्य साक्ष्यों को दरकिनार कर दिया जाए, यह उचित नहीं। जहां तक विषय हड़प्पा सभ्यता के लोगों का दक्षिण भारत की ओर पलायन का है तो इसके कोई पुरातात्विक साक्ष्य नहीं हैं। दक्षिण भारत में हड़प्पा सभ्यता के परवर्ती काल का कोई पुरास्थल अवस्थित नहीं है। वहीं दूसरी ओर गंगा यमुना के दोआब में हड़प्पा सभ्यता के परवर्ती काल के सैकड़ों पुरास्थल विद्यमान हैं। ये इस बात का प्रमाण हैं कि हड़प्पा सभ्यता के लोगों ने 1900-1800 ईसा पूर्व बाद प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण दोआब की ओर पलायन किया था, इनमें मुख्य कारण सरस्वती नदी का सूख जाना था।

### पांच एनबीएफसी का पंजीकरण आरबीआइ ने रद किया

**मुंबई:** आरबीआइ ने गुरुवार को बताया कि उसने पांच गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का पंजीकरण प्रमाण पत्र रद कर दिया है। इनमें डार्स फाइनेंशियल सर्विसेज, रोल्टा होल्डिंग एंड फाइनेंस कारपोरेशन, वासुदेव सिक्योरिटीज, पारसोली कारपोरेशन और एसी चोकसी फाइनेंशियल सर्विसेज शामिल हैं। आरबीआइ के अनुसार, आठ अन्य एनबीएफसी ने अलग-अलग कारणों से अपना लाइसेंस सरेंडर कर दिया है। (प्रेट्र)



अगले चार सालों में कंपनी के लिए भारत सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा और दुनियाभर के राजस्व में उसकी हिस्सेदारी बढ़कर करीब 25 प्रतिशत हो जाएगी।
**- केनेथ बेनाइम कैंपबेल, ग्लोबल सीईओ, ओरिफ्लेम**

| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना (प्रति दस ग्राम) | चांदी (प्रति किलो ग्राम) | डालर | क्रूड (प्रति बैरल) |
|---|---|---|---|---|---|
| 74,314.59 ▼ 21.86 | 23,270.60 ▲ 53 | ₹ 1,55,000 ▼ ₹ 600 | ₹ 2,42,000 (बदलाव नहीं) | ₹ 95.89 ▼ ₹ 0.02 | $ 104.1 |

## एक नजर में

### एक अक्टूबर से महंगे होंगे टाटा के वाणिज्यिक वाहन

**नई दिल्ली :** टाटा मोटर्स ने एक अक्टूबर 2026 से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि यह मूल्य संशोधन माडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगा। इसका उद्देश्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और अन्य इनपुट लागतों के प्रभाव को संतुलित करना है। टाटा मोटर्स की ओर से वाणिज्यिक वाहनों के मूल्य में इस वर्ष की दूसरी मूल्य वृद्धि है। (आइएएनएस)

### पेट्रोल, डीजल और एटीएफ निर्यात पर शुल्क घटाया

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाला अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, अब डीजल निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) 20 रुपये प्रति लीटर होगा जो पहले 25 रुपये था। इसी तरह, एटीएफ पर शुल्क 19 रुपये से घटाकर 15 रुपये प्रति लीटर किया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को 1.5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 50 पैसे प्रति लीटर कर दिया गया है। नया शुल्क 16 सितंबर से लागू हो गया है। (प्रेट्र)

### 708 करोड़ का आइपीओ लाएगी वर्मोरा ग्रेनिटो

**नई दिल्ली :** टाइल्स और बाथवेयर निर्माता वर्मोरा ग्रेनिटो लिमिटेड 708 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने जा रही है। यह आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 22-24 सितंबर तक खुलेगा। कंपनी ने आइपीओ के लिए शेयर का मूल्य 140-148 रुपये प्रति इकाई तय किया है। इस आइपीओ में 320 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 388 करोड़ रुपये तक के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। कंपनी ने नए शेयरों के आकार को पहले प्रस्तावित 400 करोड़ रुपये से घटाकर 320 करोड़ रुपये कर दिया है। (प्रेट्र)

# टाटा संस बोर्ड के फैसलों को चुनौती दे सकता है टाटा ट्रस्ट्स

## ट्रस्ट्स ने कहा- चंद्रशेखरन का चेयरमैन को लेकर 12 अगस्त वाला फैसला अंतिम

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** एन चंद्रशेखरन को दोबारा पांच साल के लिए चेयरमैन नियुक्त किए जाने की घोषणा के कुछ देर बाद ही टाटा ट्रस्ट्स ने इस फैसले को खारिज करते हुए इसे कोर्ट में चुनौती देने का संकेत दिया है। ट्रस्ट्स का कहना है कि चंद्रशेखरन का 12 अगस्त वाला फैसला अंतिम था और उत्तराधिकारी चुनने के लिए चयन समिति बनाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए थी। उनके मुताबिक कंपनी के आर्टिकल्स के तहत चेयरमैन संबंधी प्रस्ताव पर ट्रस्ट्स द्वारा नामित दोनों निदेशकों की सहमति जरूरी है। ट्रस्ट्स का यह भी कहना है कि चूंकि नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन को फिर से चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव का विरोध किया है, इसलिए यह प्रस्ताव कानूनी रूप से मान्य नहीं है। नोएल टाटा ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की राय भी बोर्ड के सामने रखी थी, जिसे नजरअंदाज किया गया।




- पूर्व में भी नोएल टाटा चंद्रशेखरन को फिर से चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव का कर चुके हैं विरोध
- हाल में आरबीआइ ने टाटा संस की एनबीएफसी पंजीकरण वापस लेने की अर्जी कर दी थी खारिज

टाटा संस के बयान के मुताबिक यह पूरा मामला 28 जुलाई 2025 से शुरू होता है, जब टाटा ट्रस्ट्स ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर चंद्रशेखरन के 2017 से चले आ रहे नेतृत्व की सराहना की और उनके मौजूदा कार्यकाल खत्म होने के बाद उन्हें अगले पांच साल के लिए कार्यकारी चेयरमैन बनाए रखने का फैसला लिया। इसके बाद सितंबर में टाटा संस के बोर्ड ने सैद्धांतिक सहमति दे दी और फरवरी 2026 में औपचारिक मंजूरी लेने की तैयारी की, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बनने से प्रस्ताव टाल दिया गया। मई और जून, 2026 में भी बोर्ड की बैठक हुई लेकिन इस बारे में किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका। इसके बाद 12 अगस्त को चंद्रशेखरन ने फरवरी 2027 में कार्यकाल खत्म होने पर दोबारा पद न लेने की बात कही थी।

इसी बीच आरबीआइ ने हाल में टाटा संस की एनबीएफसी पंजीकरण वापस लेने की अर्जी खारिज कर दी थी, जिससे कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ सकती है। कंपनी को भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाए या नहीं, यह मामला काफी हद तक टाटा समूह के प्रमोटरों के प्रतिनिधियों के बीच चल रही लड़ाई की वजह है। बोर्ड के कुछ सदस्यों का मानना है कि लिस्टिंग से पहले नेतृत्व की निरंतरता निवेशकों को भरोसा देगी।

### समूह के शेयर चढ़कर बंद हुए

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** एन. चंद्रशेखरन को तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के फैसले से समूह की कंपनियों के शेयर गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई पर टाटा केमिकल्स के शेयर 6.60%, टाटा इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन के शेयर 5.47%, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर्स 4.52%, टाटा स्टील के शेयर्स 2.82%, टाटा पावर के शेयर्स 2.02%, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर्स 1.17%, रैलिस इंडिया के शेयर्स 0.89%, ट्रेंट के शेयर्स 0.86%, टाटा एलेक्सी के शेयर्स 0.49% चढ़कर बंद हुए।

## समूह पर नियंत्रण कम होने से खफा हैं नोएल टाटा!

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** टाटा समूह के बीच विवाद करीब एक साल से चल रहा है लेकिन यह सिर्फ चेयरमैन पद को लेकर नहीं है। यह समूह पर नियंत्रण, इसके निवेश की प्राथमिकताओं को तय करने और भविष्य की रणनीति की लड़ाई ज्यादा है। इसमें दो ग्रुप हैं, एक टाटा ट्रस्ट्स (सामान्य भाषा में मालिक) और दूसरा है, टाटा संस का प्रोफेशनल मैनेजमेंट।

अक्टूबर, 2024 में रतन टाटा के निधन के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन बनने और तब से ही समूह के भीतर प्रबंधन को लेकर कुछ न कुछ विवाद सामने आ रहे हैं। ट्रस्ट्स के पास टाटा संस की करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 18.4 प्रतिशत शापूरजी पलोनजी और 12-13 प्रतिशत विभिन्न सूचीबद्ध कंपनियों के पास है। बची हुई हिस्सेदारी कुछ अन्य पारिवारिक सदस्यों या अन्य व्यक्तियों के


नोएल टाटा

पास है। नोएल का तर्क है कि टाटा समूह को भारी घाटे वाले कारोबार से बाहर निकलना चाहिए और नए-नए क्षेत्रों में भारी भरकम निवेश करने से बचना चाहिए। दूसरी तरफ मौजूदा चेयरमैन के कार्यकाल में टाटा समूह ने ना सिर्फ एअर इंडिया को खरीदा बल्कि टाटा डिजिटल, सेमीकंडक्टर-इलेक्ट्रानिक्स और बैटरी जैसे व्यवसायों में भारी निवेश किया। अब जो कंपनियां सूचीबद्ध हैं उनकी स्थिति तो मजबूत दिखती है लेकिन कई गैरसूचीबद्ध कंपनियां हैं जो पूरे समूह पर बोझ बनी ही हैं। उदाहरण के तौर पर एअर इंडिया और डिजिटल कारोबार। नोएल चाहते थे कि इन कंपनियों को लेकर पांच वर्ष की योजना तैयार की जाए और नए निवेश की जिम्मेदारी तय की जाए।

इसी बीच टाटा संस की लिस्टिंग का पेंच भी सामने आ गया। नोएल टाटा लिस्टिंग के खिलाफ माने जाते हैं, क्योंकि निजी रहने पर ट्रस्ट्स का नियंत्रण और वीटो मजबूत रहता है। ऐसी चर्चा है कि वह चंद्रशेखरन से आश्वासन चाहते थे कि होल्डिंग कंपनी का निर्गम नहीं लाया जाएगा। हालांकि, मौजूदा कानूनी प्रविधानों की वजह से चंद्रशेखरन इस बात का पक्का वादा नहीं कर सकते।

गवर्नेंस और उत्तराधिकार को लेकर नोएल का रुख यह है कि ट्रस्ट्स के पास मालिकाना अधिकार है, इसलिए चेयरमैन की नियुक्ति या विस्तार उनके नामित निदेशकों की सहमति के बिना नहीं हो सकता।

## सेमीकान 2.0 में 12 अरब डालर के निवेश की उम्मीद

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** इलेक्ट्रानिक्स व आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि सेमीकान 2.0 से 11-12 अरब डालर के निवेश और एक लाख नौकरी मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह निवेश सेमीकंडक्टर उत्पादन से जुड़े पूरे इकोसिस्टम में होगा। इनमें उत्पादन से जुड़े विभिन्न प्रकार के उपकरण मैटेरियल, टेस्टिंग, मार्किंग एंड पैकेजिंग यूनिट्स, वेफर्स, केमिकल्स जैसे कई उत्पाद शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने कंपनीवार निवेश किए जाने की जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि कि सेमीकान 2.0 के तहत सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग से जुड़ी 200 स्टार्टअप कंपनियां तैयार की जाएंगी।

सेमीकान 2.0 की घोषणा हाल ही में की गई है जिसके तहत सरकार

- इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस क्षेत्र में एक लाख नौकरी मिलने की संभावना
- सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग से जुड़ी 200 स्टार्टअप कंपनियां तैयार की जाएंगी

सेमीकंडक्टर उत्पादन से जुड़ी कंपनियों को निवेश करने पर वित्तीय सहायता देगी। इस मद में 1.27 लाख करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। सेमीकान इंडिया 2026 में जापान की कई कंपनियों ने भारत में निवेश में दिलचस्पी दिखाई है। टाटा इलेक्ट्रानिक्स के सीईओ रंधीर ठाकुर ने बताया कि उनकी कंपनी यूरोप, जापान व सिंगापुर की कंपनियों के साथ 16 समझौते करने जा रही है। अब देश में सेमीकंडक्टर से जुड़ी 12 कंपनियां काम कर रही है।

### भारत को यूरोपीय संघ से 28 लाख टन इस्पात निर्यात का कोटा मिला

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारत को यूरोपीय संघ (ईयू) में इस्पात निर्यात के लिए सालाना 19 लाख टन का देश-विशेष शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) मिला है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार को उम्मीद है कि निर्यातक शेष कोटा के जरिये अतिरिक्त नौ लाख टन का निर्यात कर सकेंगे, जिससे कुल कोटा 28 लाख टन तक पहुंच जाएगा। बता दें कि पिछले वित्त वर्ष में भारत ने लगभग 30 लाख टन स्टील का सामान निर्यात किया था।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत ने ईयू को होने वाले अपने इस्पात निर्यात के 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से के लिए बाजार पहुंच सुनिश्चित कर ली है। ये शुल्क दर कोटा यूरोपीय संघ के इस्पात सरप्लस क्षमता संबंधी विनियमन के तहत दिए गए हैं, जो एक जुलाई से प्रभावी हुआ है।

## रेडी-टू-मूव घरों को खरीदना पसंद करते हैं देश के 61 प्रतिशत लोग : सर्वे

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** कोलियर्स इंडिया के एक सर्वे के मुताबिक, 61 प्रतिशत लोग रेडी-टू-मूव या लगभग पूरे होने वाले घरों को खरीदना पसंद करते हैं। वहीं केवल 19 प्रतिशत नए लांच प्रोजेक्ट में घर खरीदना पसंद करते हैं। जबकि 31 प्रतिशत को पूरे हो चुके अपार्टमेंट पसंद हैं। रियल एस्टेट कंसल्टेंट ने गुरुवार को "होमबाइंग सेंटीमेंट सर्वे 2026: डिकोडिंग इंडियाज इवाल्विंग बायर प्रेफरेंसेस" रिपोर्ट जारी की। सर्वे में 30 से ज्यादा शहरों के लगभग 1,800 लोगों ने हिस्सा लिया।

सर्वे के नतीजों के मुताबिक, 31 प्रतिशत जवाब देने वालों को रेडी-टू-मूव घर पसंद हैं। जबकि 30 प्रतिशत लगभग पूरे होने वाले और सिर्फ 19 प्रतिशत का झुकाव नए लांच हुए आवासीय परियोजनाओं की ओर है। नए लांच हुए प्रोजेक्ट्स



- कोलियर्स इंडिया के मुताबिक- सिर्फ 19 प्रतिशत की पसंद नए लांच आवासीय परियोजनाएं
- 31 प्रतिशत ने प्रापर्टी खरीदते समय सामर्थ्य और नौकरी की सुरक्षा को प्रमुख चिंता बताया

के लिए संभावित खरीदारों में सुस्ती रियल एस्टेट डेवलपर्स की धारणा पर बुरा असर डालर सकती है, क्योंकि वे लांच पीरियड के दौरान सेल्स बुकिंग पर बहुत ज्यादा निर्भर रहते हैं। सर्वे से पता चलता है कि 50 प्रतिशत जवाब देने वालों ने दो साल के अंदर घर खरीदने की इच्छा जताई है। हालांकि, ऐसे खरीदार कोई भी फैसला लेने से पहले न केवल मूल्य को लेकर संवेदनशील हैं बल्कि बेहतर लोकेशन को प्राथमिकता दे रहे हैं।

कोलियर्स ने कहा कि 31 प्रतिशत जवाब देने वालों ने प्रापर्टी खरीदते समय सामर्थ्य और मूल्य को अपनी मुख्य चिंता बताया। इसके बाद नौकरी की सुरक्षा और आय से जुड़ी चिंताएं बताईं। कंपनी के रेजिडेंशियल ट्रांजेक्शन सर्विसेज के प्रबंध निदेशक रवि शंकर सिंह ने कहा कि भारत का आवासीय बाजार असल में एंड यूजर पर आधारित है, लेकिन खरीदने के इरादे से लेकर अंतिम परिणिति तक पहुंचने का रास्ता मुश्किल होता जा रहा है।

### एनएसई ने अपने ही प्लेटफार्म पर ट्रेडिंग की मंजूरी नहीं मांगी : पांडे

**मुंबई, प्रेट्र:** सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को कहा कि नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) की तरफ से सूचीबद्ध होने के बाद अपने ही प्लेटफार्म पर ट्रेड करने के लिए नियामक से मंजूरी मांगने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

नेशनल बैंक फार फाइनेंसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर कान्क्लेव के मौके पर पांडे ने मीडिया से कहा कि अभी ऐसा कोई आवेदन नहीं मिला है और ऐसी कोई जरूरत भी नहीं है। अभी इस तरह की ट्रेडिंग की मंजूरी नहीं दी जा सकती है। एनएसई का 22,569 करोड़ रुपये का आइपीओ गुरुवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। वायदा कारोबार पर अध्ययन के बारे में पांडे ने कहा कि नतीजों से पता चला है कि कई ट्रेडर्स को तीन से चार साल बाद भी नुकसान होता रहा है।

## राष्ट्रीय फलक

## स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार का असर, ऊर्जा क्षेत्र से प्रदूषण हुआ स्थिर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारत में स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार का असर अब बिजली क्षेत्र के उत्सर्जन पर दिखाई देने लगा है। देश में ऊर्जा क्षेत्र से होने वाला ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन गत दो वर्षों में लगभग स्थिर रहा है, जबकि इसी दौरान बिजली की मांग में करीब सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एक नए विश्लेषण के मुताबिक, बढ़ी हुई बिजली जरूरत का बड़ा हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से पूरा हुआ है।

सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के विश्लेषण के अनुसार, 2026 में ऊर्जा उत्पादन से होने वाला उत्सर्जन 2024 के स्तर के आसपास बना हुआ है। इस दौरान बिजली की मांग में करीब सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन इसके अनुरूप कोयले से बिजली उत्पादन नहीं बढ़ा। सीआरईए ने गुरुवार को जारी विश्लेषण में कहा ,गत 50 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब बिजली उत्पादन में कोयले की खपत में लगातार दो वर्षों के दौरान वृद्धि नहीं हुई। यह स्थिति इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी अवधि में देश की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है।

**सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा ने बढ़ाया उत्पादन:** सीआरईए की विश्लेषकों लारी माइलीविर्टा व अनुभा अग्रवाल के मुताबिक, 2024 की पहली छमाही से 2026 की पहली छमाही के बीच भारत में बिजली की मांग में सात % की वृद्धि हुई। इस अतिरिक्त जरूरत को स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से पूरा किया गया। इस दौरान गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन में करीब 63 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) की वृद्धि हुई। इसमें सौर ऊर्जा का योगदान 44 टीडब्ल्यूएच, पवन ऊर्जा का 13, परमाणु ऊर्जा का आठ टीडब्ल्यूएच रहा। 2024 की पहली छमाही से 2026 की पहली छमाही के बीच गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन में अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी दर्ज हुई।

**कुल उत्सर्जन में बढ़ोतरी अब भी चिंता :** हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि रुक गई है। 2026

**2** वर्षों में 7% बढ़ी बिजली की मांग, पर न कोयले की खपत बढ़ी, न गैस उत्सर्जन

**50** साल में पहली बार थर्मल बिजलीघरों में नहीं बढ़ी कोयले की खपत


प्रतीकात्मक

**भारत में स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का योगदान**

| | |
|---|---|
| सौर ऊर्जा | 44 टीडब्ल्यूएच |
| पवन ऊर्जा | 13 टीडब्ल्यूएच |
| परमाणु ऊर्जा | 8 टीडब्ल्यूएच |

की पहली छमाही में उत्सर्जन में 3.7 % की वृद्धि हुई। इसकी प्रमुख वजह स्टील, सीमेंट और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ती मांग रही। सीआरईए ने स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार को बनाए रखने के लिए बिजली ग्रिड को लगातार मजबूत करने, बिजली भंडारण की क्षमता बढ़ाने और कोयले से बिजली उत्पादन को मांग के मुताबिक अधिक लचीला बनाने की जरूरत बताई है।

**जीवाश्म ईंधन में निवेश जारी :** जीवाश्म ईंधन क्षेत्र में जारी बड़ा पूंजी निवेश भी चुनौती है। इसमें नए थर्मल पावर प्लांट का निर्माण, कोयले को रसायनों में बदलने की योजनाएं और स्टील उद्योग के लिए घरेलू कोकिंग कोल उत्पादन बढ़ाने के प्रयास शामिल हैं। भारी उद्योग से उत्सर्जन भी बड़ी चिंता है। भारत में स्टील, सीमेंट क्षेत्र का उत्सर्जन आठ प% सालाना की दर से बढ़ रहा है। 2026 में कार्बन उत्सर्जन में इन दोनों क्षेत्रों की हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत रही।

### 28 से तीन दिन बैंकों में रहेगी हड़ताल

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। यूएफबीयू की 14 सितंबर को बैठक में 28, 29 व 30 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया। इसके बाद 26 अक्टूबर से बेमियादी हड़ताल शुरू करने की घोषणा की गई है। बैंक यूनियनों ने 18 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना, 20 सितंबर को इंटरनेट मीडिया अभियान और 22 सितंबर को काली पट्टी बांधकर विरोध जताने का कार्यक्रम तय किया है। 24 सितंबर को राज्यों की राजधानियों के अलावा अन्य केंद्रों पर प्रदर्शन होगा। 26 व 27 सितंबर को हड़ताल की तैयारी के लिए बैठकें और अभियान चलाए जाएंगे। यूनियनों का कहना है कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

## 100 % शुल्क के बाद अमेरिका को निर्यात संभव नहीं

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव सीनेट से पारित होने के बाद भारत से अमेरिका होने वाले निर्यात पर अनिश्चितता की तलवार लटक गई है। निर्यातकों का कहना है कि 100 प्रतिशत शुल्क लगने के बाद अमेरिका होने वाला निर्यात बंद हो जाएगा। इतने अधिक शुल्क पर निर्यात व्यावहारिक नहीं रह जाएगा। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जहां सालाना 88 अरब डालर का निर्यात किया जाता है। फिलहाल अमेरिका के बाजार में निर्यात करने पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगता है। सीनेट ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस मामले में फैसला लेने का अंतिम अधिकार दे दिया है।

फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के महानिदेशक एवं सीईओ अजय सहाय ने बताया कि अमेरिका की सीनेट ने प्रस्ताव जरूर पारित कर दिया है, लेकिन भारतीय वस्तुओं पर 100 प्रतिशत का शुल्क

- सीनेट से प्रस्ताव पारित होने के बाद निर्यातकों पर अनिश्चितता की तलवार लटकी



प्रतीकात्मक

लगने से अमेरिका में भी महंगाई बढ़ जाएगी। वहां पहले से ही महंगाई बढ़ी हुई है। इतना जरूर है कि सीनेट के इस फैसले से भारतीय निर्यात अनिश्चितता की ओर बढ़ रहा है। 100 प्रतिशत शुल्क लगने के बाद भारतीय वस्तुएं अमेरिका के बाजार में काफी महंगी हो जाएंगी जिससे उनकी बिक्री खत्म हो जाएगी। अमेरिका में लेदर आइटम का निर्यात करने वाले एवं काउंसिल आफ लेदर एक्सपोर्ट के पूर्व चेयरमैन आरके जालाना ने बताया कि अमेरिका में उनके माल के खरीदारों ने फिलहाल भारत पर 100 प्रतिशत शुल्क लगने के कोई संकेत नहीं दिए है और वे पहले की तरह ही सामान्य रूप से माल खरीदने की बात कर रहे हैं। परंतु 100 प्रतिशत शुल्क लगता है तो अमेरिका होने वाला निर्यात सिर्फ प्रभावित ही नहीं होगा, बल्कि पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

### अभी फार्मा और मोबाइल जैसे भारतीय आइटम पर शुल्क नहीं

फिलहाल अमेरिका फार्मा, मोबाइल फोन जैसे कई भारतीय आइटम पर कोई शुल्क नहीं लेता है या फिर इन पर मात्र 2-2.5 प्रतिशत का शुल्क लगता है। अब देखना यह होगा कि 100 प्रतिशत का शुल्क लगने पर इन आइटम को पहले की तरह शुल्क से मुक्त रखा जाता है या फिर उन पर शुल्क लगता है। फार्मा का सबसे अधिक निर्यात भारत अमेरिका में ही करता है। मोबाइल फोन का निर्यात प्रभावित हुआ तो भारत में मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग पर भी असर पड़ेगा, जिससे रोजगार प्रभावित होने लगेंगे।

### फैबलेस कंपनी से बौद्धिक संपदा के सृजन तक देश में ही करने का प्रयास

प्रथम पृष्ठ से आगे

मोदी ने कहा, भारत में फैबलेस कंपनी के विकास से लेकर बौद्धिक संपदा के सृजन तक देश में ही करने का प्रयास किया जा रहा है। अलग-अलग तरीके के कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स बनाने से लेकर सिलिकान फोटोनिक्स के इकोसिस्टम के साथ पूरी सप्लाई चेन पर भारत काफी अधिक फोकस कर रहा है।

**एआइ के आने से खड़े हुए कुछ सवाल :** मोदी ने कहा कि एआइ के आने से इस इंडस्ट्री के समक्ष कुछ नए सवाल भी खड़े हुए हैं। पिछले दो सालों में सेमीकंडक्टर के वैश्विक बाजार की विकास दर 20 प्रतिशत रही है। इस विकास दर में बहुत बड़ा हाथ एआइ की वजह से पैदा हुई मांग का है। यानी कि अगर आप एआइ पर काम कर रहे हैं तो चुनौती सिर्फ यह नहीं है कि चिप के अंदर क्या है, बल्कि चुनौती यह भी है इसके इर्द-गिर्द क्या हो रहा है।

## एडिडास के गुरुग्राम तकनीकी केंद्र में बड़े पैमाने पर छंटनी

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम**

खेल उत्पाद बनाने वाली वैश्विक कंपनी एडिडास के गुरुग्राम स्थित तकनीकी केंद्र में कर्मचारियों की छंटनी को लेकर बुधवार से चर्चाओं का दौर तेज है। इंडिया टेक हब में करीब 50 प्रतिशत कर्मियों के प्रभावित होने की बात सामने आई थी। हालांकि, कंपनी ने गुरुवार को कहा, भारत में उसके प्रौद्योगिकी संगठन में प्रभावित कर्मियों की संख्या 20 प्रतिशत से भी कम है, लेकिन छंटनी की संख्या सार्वजनिक नहीं की है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम स्थित तकनीकी केंद्र में करीब 700 कर्मी कार्यरत हैं। इनमें से 350 के प्रभावित होने की चर्चा है, जिनमें साफ्टवेयर इंजीनियर, डाटा साइंटिस्ट, डाटा इंजीनियर जैसे पद शामिल बताए जा रहे हैं। कर्मियों को 15 सितंबर को आयोजित बैठक में पुनर्गठन की जानकारी दी गई थी। कुछ को उसी दिन बाहर किए जाने



प्रतीकात्मक

के पत्र दिए जाने की बात सामने आई, जबकि दूसरे समूह को 15 दिसंबर तक काम जारी रखने को कहा गया।

एडिडास ने अपने बयान में कहा है कि बदलती कारोबारी जरूरतों के अनुरूप संचालन ढांचे को बेहतर बनाने के लिए भारत के प्रौद्योगिकी संगठन में कुछ पदों को कम करने का कठिन निर्णय लिया गया है। यह भी कहा, भारत उसके लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है और यहां का तकनीकी केंद्र विकास, नवाचार तथा डिजिटल बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## सिम जैसे पोर्ट होगा फास्टैग, नया खरीदने का झंझट खत्म

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** मोबाइल नंबर या सिम की तरह अब वाहन का फास्टैग भी पोर्ट कराना संभव होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने गुरुवार को फास्टैग पोर्टेबिलिटी की सुविधा 'वन टैग' शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत यूजर को नया फास्टैग लेने या वाहन से मौजूदा फास्टैग स्टिकर हटाने की जरूरत नहीं रहेगी। केवल उसका जारीकर्ता बैंक बदलेगा।

एनएचएआइ के अनुसार, यह सुविधा राजमार्गयात्रा एप में उपलब्ध 'वन टैग' विकल्प के जरिये ली जा सकेगी। एप पोर्टेबिलिटी की पूरी प्रक्रिया में यूजर का मार्गदर्शन भी करेगा। इसके लिए पहले यूजर को अपनी पात्रता जांचनी होगी और वाहन का पंजीकरण नंबर दर्ज करना होगा। राजमार्ग परिवहन मंत्रालय के अनुसार, देशभर में फास्टैग की पहुंच 98 प्रतिशत तक हो चुकी है और करीब 13 करोड़ यूजर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। फास्टैग ने देश की इलेक्ट्रानिक टोल वसूली व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब 'वन टैग' पहल से जारीकर्ता बैंक बदलने की प्रक्रिया आसान होने और फास्टैग व्यवस्था को और सुविधाजनक बनाने की उम्मीद है।

एनएचएआइ के अनुसार, 'वन टैग' पहल से बार-बार नया फास्टैग बनाने की जरूरत कम होगी। इससे टैग के प्रबंधन, भेजने और दोबारा जारी करने पर होने वाला खर्च भी घट सकता है।

### ऐसे कराएं अपने वाहन का फास्टैग पोर्ट

1. **राजमार्गयात्रा एप खोलें:** एप में लाग-इन करने के बाद 'वन टैग' विकल्प पर जाएं और अपने वाहन का पंजीकरण नंबर दर्ज करें।
2. **पात्रता जांचें:** एप के जरिये यह पता करें कि आपका मौजूदा फास्टैग पोर्टेबिलिटी के लिए पात्र है या नहीं।
3. **पोर्टेबिलिटी के लिए आवेदन करें:** पोर्ट करने का विकल्प चुनकर आवेदन करें। इसके बाद मौजूदा फास्टैग जारीकर्ता बैंक की ओर से छह अंकों का मोबाइल सत्यापन कोड (एमवीसी) भेजा जाएगा।
4. **सत्यापन पूरा करें:** प्राप्त कोड के जरिये अधिकृत प्रक्रिया पूरी करें।
5. **नया जारीकर्ता बैंक चुनें:** पोर्टेबिलिटी प्रक्रिया के दौरान नया जारीकर्ता बैंक चुनना होगा। इसके बाद ग्राहक सत्यापन और नए जारीकर्ता बैंक के साथ वालेट की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
6. **वही फास्टैग चलता रहेगा:** पोर्टेबिलिटी सफल होने के बाद वाहन के पंजीकरण नंबर से जुड़ी मौजूदा फास्टैग आइडी वही रहेगी। यानी बैंक बदलने के बावजूद वाहन पर लगा मौजूदा फास्टैग इस्तेमाल किया जा सकेगा।
7. **पुराने वालेट का पैसा वापस होगा:** पोर्टेबिलिटी पूरी होने के बाद पुराना जारीकर्ता बैंक मौजूदा फास्टैग वालेट बंद कर देगा। जरूरी समायोजन के बाद वालेट में बची राशि वापस कर दी जाएगी।
8. **दोबारा पोर्ट करने के लिए छह महीने इंतजार:** एक बार फास्टैग पोर्ट कराने के बाद उसे दोबारा पोर्ट करने से पहले छह महीने का कूलिंग पीरियड पूरा करना होगा।

कल्पमेधा

*एक अच्छे यात्री की कोई तय योजना नहीं होती और वह कहीं पहुंचने के लिए भी हड़बड़ी में नहीं होता।*

*- लाओत्से*

## मनमानी का रास्ता

कुछ समय की नरमी के बाद अमेरिका ने एक बार फिर से आर्थिक मोर्चे पर अपनी मनमानी का रुख अख्तियार कर लिया लगता है। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि मौजूदा भू-राजनीतिक दौर में जब दुनिया बहुध्रुवीय हो रही है, अमेरिका आखिर क्यों यह चाहता है कि कोई देश उसके प्रभाव में खुद को समेट कर रखे और दूसरी ओर न देखे, भले ही इस क्रम में उसे अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर होना पड़े। यह बेवजह नहीं है कि उसकी मनमर्जी को ज्यों का त्यों स्वीकार करने के बजाय कुछ देश अब अपना वैकल्पिक रास्ता भी तैयार रखना चाहते हैं। भारत भी वैसे देशों में एक है, जिसे अमेरिका ने पिछले साल शुल्क दरें बढ़ा कर अपने प्रभाव में लाने और वहीं सीमित रखने की कोशिश की थी, लेकिन भारत ने अपने विवेक का सहारा लेकर वैकल्पिक मोर्चे तैयार रखे और इसी वजह से उसे विपरीत हालात से निपटने में मदद भी मिली। मगर यह भी सच है कि जिन चुनौतियों से सहजता के साथ निपटा जा सकता है, ऐसी स्थिति में उनसे पार पाने में अतिरिक्त ऊर्जा और संसाधन खर्च करने की जरूरत पड़ती है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सौ फीसद शुल्क लगाने की ओर कदम बढ़ाए हैं। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ भारत और चीन जैसे उसके तेल एवं गैस के व्यापारिक साझेदार देशों पर भारी शुल्क लगाने का अधिकार देने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 'लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट आफ 2026' विधेयक पारित किया है। अमेरिकी सीनेट इसे पिछले महीने ही पारित कर चुकी है। ट्रंप अगर इस पर हस्ताक्षर कर देते हैं, तो उसके बाद यह कानून बन जाएगा। यानी ट्रंप के हाथ अब एक ऐसा हथियार है, जिसके जरिए वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब चाहें, शुल्क-युद्ध शुरू कर सकते हैं या उसे किसी खास देश को अपने प्रभाव में लाने के लिए इस्तेमाल में ला सकते हैं। पिछले साल अगस्त में भी अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के सवाल पर भारत पर पचास फीसद तक का शुल्क लगा दिया था, लेकिन एक व्यापारिक समझौते के तहत अतिरिक्त शुल्क को फरवरी 2026 में हटा लिया गया था।

अब फिर से इस बात की आशंका खड़ी हो रही है कि अमेरिका में अगर यह कानून अमल में आ जाता है, तो वह रूस से तेल खरीद के सवाल पर भारत और चीन पर नए सिरे से शुल्क लगाने और अपनी मनमानी थोपने की कोशिश कर सकता है। हालांकि भारत ने इस बार यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अमेरिका की मनमर्जी के प्रभाव में आने के बजाय अपने नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अपने व्यापार तथा आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी 'जरूरी कदम' उठाएगा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत स्रोतों में विविधता लाने और बदलती बाजार परिस्थितियों के मुताबिक अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करता रहेगा। पिछले कुछ सालों के दौरान रूस से कच्चे तेल की खरीद में भारत ने काफी बढ़ोतरी की है। जाहिर है, शुल्क लगाने की धमकी देकर अमेरिका अगर भारत को दायरे में समेटने की कोशिश कर रहा है, तो नई परिस्थितियों में शायद यह मुश्किल होगा। खासतौर पर नई दिल्ली में ब्रिक्स सम्मेलन के बाद भारत के सामने संभावनाएं और विकल्प के नए रास्ते खुल रहे हैं। ऐसे में बेहतर हो कि अमेरिका अपनी शुल्क-नीति के सहारे टकराव के नए मोर्चे खोलने के बजाय अंतरराष्ट्रीय सहयोग का साझीदार बने।

## अपराध के पांव

जिस दौर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों को विकास का पर्याय बना कर पेश किया जा रहा है, उसमें बहुत मामूली बातों पर भी न केवल मारपीट, बल्कि हत्या तक कर देने की घटनाएं आखिर क्या बताती हैं। दिल्ली के कन्हैया नगर इलाके में मंगलवार को एक युवक की इसलिए हत्या कर दी गई, क्योंकि उसने सिगरेट जलाने के लिए माचिस देने से इनकार कर दिया था। यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि इतनी छोटी-सी बात पर कोई किसी जान ले लेगा। मगर हकीकत यही है कि कहीं महज बीड़ी न देने तो कहीं बहुत कम रकम पर उठे विवाद के बाद हत्या तक कर देने की घटनाएं अब धीरे-धीरे आम होती जा रही हैं। दिल्ली में माचिस न देने से उपजे विवाद के बाद चाकू से हुए हमले में शामिल तीन अभियुक्तों में एक नाबालिग भी है। इस घटना में तात्कालिक आवेश और बिना सोचे बेलगाम किसी की जान ले लेने की बढ़ती प्रवृत्ति तो दिखती ही है, लेकिन इससे यह भी साफ है कि किसी हिंसक वारदात को अंजाम देने वालों को बीच कहीं भी कानून का खौफ नहीं दिखता। सवाल है कि यह किसकी नाकामी है।

समाज और पुलिस की नजर में यह सिर्फ एक सामान्य आपराधिक मामला हो सकता है, लेकिन सच यह है कि अक्सर सामने आ रही ऐसी घटनाएं कई स्तर पर चिंताजनक बदलाव का भी संकेत देती हैं। ऐसा लगता है कि हमारा समाज आज एक विचित्र उतावलेपन का शिकार होता जा रहा है, जहां विवेक का उपयोग करते हुए किसी की बात सुनने का धैर्य नहीं बचा दिखता। नाबालिगों के भी बहुत छोटी बातों पर उग्र और हिंसक हो जाने का स्रोत आखिर क्या हो सकता है? यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों से हत्या तथा अन्य जघन्य अपराधों में नाबालिगों की संलिप्तता समूचे समाज और देश के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर रही है। ऐसे किशोरों के मन में न तो अपने भविष्य की फिक्र दिखती है और न ही पुलिस के हाथों पकड़े जाने का डर दिखता है। अर्थव्यवस्था के मामले में किए जाने वाले दावों के समांतर ही अगर समय रहते सामाजिक विकास के मसले पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले वक्त में गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

# बढ़ते तापमान से कृषि पर गहराता संकट



**दुनिया की अधिकांश आबादी की आजीविका का मुख्य आधार आज भी कृषि है। अगर जलवायु परिवर्तन से निपटने के कारगर उपाय नहीं किए गए, तो खाद्य सुरक्षा का संकट पैदा हो सकता है।**

**रवि शंकर**

जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक ताप का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बेशक यह मानवीय गतिविधियों का ही नतीजा है, लेकिन हम ऐसा कोई कारगर उपाय नहीं खोज पाए हैं, जो इस संकट से उबार सके। भारत में बदल रहे मौसम के मिजाज को भी जलवायु परिवर्तन से जोड़कर ही देखा जा रहा है। कभी असमय गर्मी, तो कभी अत्यधिक बारिश की घटनाएं आम हो गई हैं। देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले मानसून की चाल भी बदल रही है। जाहिर है, इससे कृषि पर विपरीत असर पड़ रहा है। बदलते मौसम के प्रभाव से केवल फसलों का उत्पादन ही प्रभावित नहीं हो रहा, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी कम हो रही है। यह देश की खाद्य सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने चेतावनी दी है कि उच्च तापमान सूखा, बाढ़ और मिट्टी की उर्वरता में कमी का कारण बनकर मध्य पूर्व के कई देशों में कृषि को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा सकता है। वहीं 'इंटरनेशनल पैनल आन क्लाइमेट चेंज' ने जून 2021 में जारी चार हजार पन्नों की रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के खतरों से अवगत कराया था। इसमें अनुमान लगाया गया था कि वर्ष 2050 तक आठ करोड़ से अधिक लोग भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर सकते हैं। अगर वर्ष 2040 तक तापमान 1.5 डिग्री तक बढ़ता है, तो फसलों की पैदावार पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ेगा। इस चेतावनी को भविष्य की महज एक संभावना की तरह नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। एक ओर जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ा है, वहीं इसका असर किसानों की आय में कमी और अनाज की बढ़ती कीमतों के रूप में भी देखा जा रहा है।

कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में उपजाऊ मृदा, जल, अनुकूल वातावरण और कीट-पतंगों से बचाव इत्यादि का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। प्रत्येक फसल को तैयार होने के लिए एक उचित तापमान, वर्षा एवं आर्द्रता की आवश्यकता होती है। इनमें से किसी एक मानक में भी परिवर्तन होने से फसलों की पैदावार प्रभावित होती है। आने वाले दिनों में देश की बढ़ती आबादी में अलग-अलग फसलों की मांग भी बढ़ेगी, मगर जलवायु परिवर्तन इस राह में मुश्किलें पैदा कर सकता है। लिहाजा, देश की कृषि नीति को जलवायु परिवर्तन के जोखिमों से निपटने के अनुकूल बनाना होगा और फसल उत्पादकता में सुधार तथा सुरक्षा जाल विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। वैज्ञानिक अध्ययनों के आंकड़े बताते हैं कि इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 3.7 डिग्री से 4.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा।

उदाहरण के लिए आज जहां गेहूं, जौ, सरसों और आलू की खेती हो रही है, वहां तापमान बढ़ने से इन फसलों की खेती बाधित होगी, क्योंकि इन्हें ठंडक की जरूरत होती है। ठीक इसी तरह तापमान बढ़ने से मक्का, धान और ज्वार जैसी फसलों को नुकसान हो सकता है। इन फसलों में



अधिक तापमान के कारण दाना नहीं बनता या कम बनता है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव दुनिया भर में देखने को मिल रहा है, यह बात अलग है कि इसका असर कहीं ज्यादा, तो कहीं कम महसूस किया जा रहा है। तापमान में वृद्धि से वर्षा का क्रम धीमा पड़ता है और मिट्टी की

> **जलवायु परिवर्तन किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, इसलिए वैश्विक स्तर पर ठोस उपायों की जरूरत है। यह न केवल कृषि के लिए, बल्कि संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए एक बड़ा खतरा है। यदि तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी होती रही, तो कृषि पर दिन-प्रतिदिन दबाव बढ़ता जाएगा, जिससे बड़ी आबादी के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाएगा। देश में पिछले चालीस वर्षों से बारिश की मात्रा में निरंतर गिरावट आ रही है। बीसवीं सदी के शुरू में औसत वर्षा 141 सेंटीमीटर थी, जो नब्बे के दशक में घटकर 119 सेंटीमीटर रह गई है। पानी की कमी के कारण खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। भारत के लिए यह और अधिक चिंता की बात है, क्योंकि यहां 70 फीसद से अधिक लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि से जुड़े हुए हैं।**

नमी कम हो जाती है। ऐसे में सूखे की संभावना भी बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन मिट्टी की सेहत को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है, क्योंकि बढ़ता तापमान प्राकृतिक नाइट्रोजन की उपलब्धता कम कर रहा है और इसे बढ़ाने के लिए हम रासायनिक खादों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड बढ़ने से अनाज में प्रोटीन, जिंक और आयरन जैसे पोषक तत्त्वों का स्तर कम हो रहा है। गर्म जलवायु कीट-पतंगों की प्रजनन क्षमता को बढ़ाती है, जिससे खेतों में कीटों और रोगाणुओं का हमला तेज होता है।

जलवायु परिवर्तन जोखिम सूचकांक में भारत शीर्ष बीस देशों में शामिल है। पिछले चार दशकों में धरती का तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जिस कारण बाढ़, सूखा और तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं भी बढ़ी हैं। चूंकि भारत में ज्यादातर किसानों के पास छोटा रकबा है, इसलिए इन आपदाओं के कारण उनकी आमदनी भी प्रभावित हो रही है। आने वाले वर्षों में बढ़ते तापमान की वजह से देश में कृषि पर संकट गहरा सकता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए अभी से कृषि नीति में सुधार पर काम शुरू करना होगा, ताकि किसानों का पारंपरिक कृषि से मोहभंग न हो।

जलवायु परिवर्तन किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, इसलिए वैश्विक स्तर पर ठोस उपायों की जरूरत है। यह न केवल कृषि के लिए, बल्कि संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए एक बड़ा खतरा है। कोई भी देश इसके प्रभाव से बच नहीं सकता। विकास की आंधी में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विश्व की अधिकांश जनसंख्या की आजीविका का मुख्य आधार आज भी कृषि ही है। यदि तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी होती रही, तो कृषि पर दिन-प्रतिदिन दबाव बढ़ता जाएगा, जिससे बड़ी आबादी के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाएगा। वर्ष 2030 तक भुखमरी को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य भी अधूरा रह सकता है। उल्लेखनीय है कि देश में पिछले चालीस वर्षों से बारिश की मात्रा में निरंतर गिरावट आ रही है। बीसवीं सदी के शुरू में औसत वर्षा 141 सेंटीमीटर थी, जो नब्बे के दशक में घटकर 119 सेंटीमीटर रह गई है। गंगोत्री हिमनद भी प्रतिवर्ष सिकुड़ रहा है। नदियों का जल कम हो रहा है। पानी की कमी के कारण खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। भारत के लिए यह और अधिक चिंता की बात है, क्योंकि यहां 70 फीसद से अधिक लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती से जुड़े हुए हैं।

जलवायु परिवर्तन न सिर्फ आजीविका, पानी की आपूर्ति और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, बल्कि खाद्य सुरक्षा के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती है। वर्ष 2050 तक विश्व की आबादी बढ़कर साढ़े नौ अरब से ज्यादा हो जाएगी। इसका अर्थ यह है कि हमें दो अरब अतिरिक्त लोगों के लिए 70 फीसद ज्यादा अनाज पैदा करना होगा। इसलिए खाद्य और कृषि प्रणाली को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाना होगा। चूंकि भारत के ज्यादातर किसानों के पास खेती का रकबा बहुत छोटा है, इसलिए इस तरह की आपदाओं के कारण उनकी आमदनी बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। यह सच है कि जलवायु परिवर्तन के असर से कोई नहीं बच सकता। ऐसे में जरूरी है कि इस संकट को कम करने के लिए हर स्तर पर व्यापक एवं कारगर उपाय किए जाएं, ताकि समय रहते स्थिति को संभाला जा सके।

# प्रश्नों के बीच संवाद

**अनिता वर्मा**

प्रश्नाकुलता जीवंतता की निशानी कही जा सकती है। प्रश्न करना बौद्धिक मंथन का पर्याय है। प्राचीन समय से ही प्रश्न जीवन यात्रा के अहम पड़ाव रहे हैं। जीवन और उसके आसपास के परिवेश पर चिंतन मंथन हमें प्रश्नाकुल बनाता है। लोक जीवन में व्याप्त पहेलियों के जन्म का मूल भी यही रहा है। मानव सदैव से जिज्ञासु है। वह वैसा सब जानना चाहता है, जिनसे वह अनभिज्ञ है, जो उसके भीतर द्वंद्व पैदा करता है, व्याकुल बनाता है, लेकिन आज प्रश्न केवल प्रश्न नहीं रहे। वे प्रतिप्रश्न के साथ जुड़कर संवाद की दिशा बदल रहे हैं। फिर प्रतिप्रश्न का लहजा, बोलने का ढंग, तरीका इतना अजीब है कि ये परिवार, रिश्तों, दोस्तों के बीच गहरी खाई बनते जा रहे हैं। आज भौतिकवादी दौड़ में सब चले जा रहे हैं, कोई किसी को सुनना नहीं चाहता। सब आत्मकेंद्रित होकर स्वयं को सही मानकर चले जा रहे हैं।

प्रारंभ से ही प्रश्न के मूल आधार शब्द क्यों, कब, कैसे रहे हैं। इनके जवाब भी तसल्ली और शालीनता से दिए जाते रहे हैं, पर इन दिनों संवाद शैली में परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आपसी बातचीत और संवाद की शैली ही मानो बदल गई है। सब ओढ़ी हुई व्यस्तता में मस्त है। कुछ उदाहरण यहां उल्लेखनीय हैं। दो मित्रों की बातचीत है। एक मित्र- 'क्या बात है... बहुत दिनों से दिखे नहीं... न तो फोन उठाते हो... न जवाब देते हैं?' प्रत्युत्तर में मित्र ने कहा- 'हां, तो क्या हो गया? अब कह लो, क्या कहना है! कभी व्यस्तता के चलते हो जाता है।' हालांकि जिन्हें घनिष्ठ मित्रों या परिवार जन से सामंजस्य बनाकर चलना होता है, या कहें संबंधों को आगे तक बनाए रखने का मन होता है, वे इसे अनदेखा करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। मगर किया गया प्रतिप्रश्न सामने वाले को भीतर तक आहत तो अवश्य करता है। स्वस्थ रिश्ते मरने लग जाते हैं।

इसीलिए कहा गया है कि बातचीत करना भी एक कला है। भागदौड़ भरे जीवन में मनुष्य यह महसूस नहीं कर पाता कि ऐसे कटु संवाद और व्यवहार से वह क्या खोता चला जा रहा है और एक दिन यही उसके तनाव, अंतर्द्वंद्व अवसाद का प्रमुख कारण बन जाते हैं। रोजाना सड़क पर चलते हुए, आस-पड़ोस, गली-मोहल्ले में ऐसे दृश्य दिखाई देते हैं, जहां बोलना जरूरी होता है, पर सब चुप्पी लगाए रहते हैं। उनका कहना है कि कौन आफत मोल ले। एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी से सिर्फ इतना कहा कि 'गली में गाड़ी जरा धीरे चलाओ.. ये अपना साइलेंसर ठीक करा लो। रोज इतना शोर होता है... छोटे बच्चे भी गली में है!' जवाब मिलता है- 'हां तो? गली में आना-जाना क्या बंद कर दें?' बस यही 'हां तो' का लहजा इतना तकलीफदेह होता है कि वाद-विवाद शुरू हो जाता है। हाथापाई होने लगती है और चारों तरफ तमाशबीन एकत्र हो जाते है। आज कई घरों में भी प्रश्न और प्रतिप्रश्न के बीच संवाद कब टकराहट में बदल जाता है, पता ही नहीं चलता। तर्क तो ठीक है, पर कुतर्क हमेशा विवाद और बहस को जन्म देते हैं। उसका प्रभाव देर तक मस्तिष्क पर रहता है, जो संबंधों में तनाव और अलगाव की स्थिति पैदा करता है। जब तक हम चुप रहते हैं, किसी की गलती को इंगित नहीं करते, तब तक सब ठीक चलता रहता है। बोलते ही उलटा वार शुरू हो जाता है।

आज परिवेश बदल रहा है। प्रत्येक व्यक्ति ज्ञान से समृद्ध है, पर यह ज्ञान कहां और कब प्रयुक्त करना है, इसका अभाव ही विवाद को जन्म देता है। भावों का संप्रेषण सही न होने पर भी स्थितियां विकट हो जाती हैं। कई बार मोबाइल पर किए संवाद आग में घी का काम करते हैं। बात करने वाले के भाव नहीं दिखते, आवाज सुनाई देती है। यहीं पर अनेक प्रश्न उठ खड़े होते हैं। हमेशा प्रश्नात्मक बने रहना भी उचित नहीं रहता। सहजता और सरलता भी जरूरी होती है, जिससे संवाद आनंददायक और प्रभावी बन सके। हालांकि कई बार सहजता से किए गए प्रतिप्रश्न और प्राप्त सही उत्तर उपयोगी और ज्ञानवर्धक भी सिद्ध होते हैं। मनुष्य को समृद्ध भी करते हैं। बोलने का तरीका या लहजा ही सार्थक संवाद की विशिष्टता कहे जा सकते हैं।

प्रश्नाकुल बनना चाहिए, पर स्वयं को समृद्ध करने के लिए, न कि व्यर्थ की बहस में पड़ने के लिए। कई बार ऐसे दृश्य दिखाई पड़ जाते हैं कि कोई व्यक्ति गली में किसी के घर के सामने अपनी गाड़ी कुछ समय के लिए खड़ी करके कोई पता पूछ रहा हो, वहां से गुजरने वाले अन्य वाहनवाले हार्न बजा-बजा कर अहसास दिला देते हैं कि आप गलत हैं। बात सामान्य है, पर जब सामने वाले की भाव-भंगिमा से लगे कि वह कुछ देर में जाने वाला है, वह इशारा भी करे, तो भी उसे भला-बुरा कहा जाए। कई बार सिर्फ इतनी ही बात भयंकर झगड़े का कारण बन जाती है।

भाषा व्यक्तित्व का प्रतिबिंब होती है। भाषा भावों की वाहिनी कही जाती है और बोला गया प्रत्येक वाक्य सामने वाले पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ता है। छोटी-छोटी बातें जिनका ध्यान रखना जरूरी होता है। यही जीवन प्रबंधन का मूल आधार होती है। संवाद व्यक्ति, परिवेश, स्थान, मनोस्थिति के अनुसार अपनी गहरी छाप छोड़ते जाते हैं। बच्चों के साथ किए संवाद की प्रकृति और प्रभाव उसके द्वारा पूछे प्रतिप्रश्न उत्साह और आनंद में वृद्धि करते हैं। मान लिया जाए कि किसी छोटे बच्चे को कोई कहानी सुनाई जाए या कोई बात बताई जाए, तो बालक का यह पूछना कि 'फिर क्या हुआ?' मन को आह्लादित कर देता है। बच्चे द्वारा किया गया प्रतिप्रश्न बिना किसी लाग लपेट सरल भाव से किया गया है। यहां स्वर में न तीक्ष्णता है, न व्यंग्य। मतलब सब कुछ सहज-सरल। फिर क्यों नहीं बालमन की बातें मन को लुभाएंगी। यही सूक्ष्म-सा अंतर समझने की बात है। प्रश्नाकुल बनने में कोई हर्ज नहीं, लेकिन व्यवहार में शालीनता, सरलता, सहजता और बोली की मिठास जरूरी है।

**दुनिया मेरे आगे**

> **प्रत्येक व्यक्ति ज्ञान से समृद्ध है, पर यह ज्ञान कहां और कब प्रयुक्त करना है, इसका अभाव ही विवाद को जन्म देता है। भावों का संप्रेषण सही न होने पर भी स्थितियां विकट हो जाती हैं। कई बार मोबाइल पर किए संवाद आग में घी का काम करते हैं। बात करने वाले के भाव नहीं दिखते, आवाज सुनाई देती है। यहीं पर अनेक प्रश्न उठ खड़े होते हैं।**

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

चौपाल

### पर्यटन की दिशा

ताजमहल की धारण क्षमता तय करने की पहल केवल एक ऐतिहासिक स्मारक को भीड़ से बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह भारत में पर्यटन की दिशा बदलने का संकेत भी बन सकती है। जिस तरह किसी इमारत की अपनी क्षमता होती है, उसी तरह प्रकृति की भी एक सीमा होती है। फर्क इतना है कि इमारत की क्षमता खत्म होने पर उसकी मरम्मत की जा सकती है, लेकिन पहाड़, जंगल, झील और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचने के बाद उसकी भरपाई बेहद कठिन होती है। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के आगरा सर्किल ने ताजमहल की प्रतिदिन की पर्यटक क्षमता निर्धारित करने का प्रस्ताव दिल्ली मुख्यालय भेजा है। ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी जैसे अहम स्मारकों के लिए उसकी क्षमता तय करने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। वर्ष 2014 में नीरी ने भी ताजमहल की धारण क्षमता का अध्ययन किया था। बाद में भीड़ प्रबंधन के लिए मुख्य मकबरे पर 200 रुपए का अतिरिक्त टिकट और पर्यटकों के रुकने की अधिकतम अवधि तीन घंटे करने जैसे कदम उठाए गए। यह सोच अब केवल ताजमहल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

*- विभूति बुपक्या, दिल्ली*

### तकनीक की चुनौतियां

'तकनीक पर नियंत्रण' (संपादकीय, 15 सितंबर) पढ़ा। यह एक बड़ा प्रश्न है कि कृत्रिम मेधा (एआइ) मनुष्य के लिए साधन है या जीवन का संचालक बन गई है? एआइ ने मनुष्य की क्षमता को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। चिकित्सा में रोगों की पहचान, कृषि में मौसम और फसल का विश्लेषण, शिक्षा, उद्योग आदि में बड़े आंकड़ों के विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में एआइ उपयोगी सिद्ध हो रही है। यह तकनीकी प्रगति मानव जीवन को अधिक सुविधाजनक और उत्पादक बना सकती है। मगर प्रश्न यह नहीं कि एआइ कितना सक्षम हो सकती है, बल्कि यह है कि उसके बढ़ते उपयोग के बीच मनुष्य का विवेक और स्वतंत्र निर्णय कितने सुरक्षित रहेंगे। जब समाचार, मनोरंजन, खरीदारी, नौकरी और सामाजिक संपर्क तक एल्गोरिद्म हमारी पसंद को प्रभावित करने लगें, तब सुविधा और निर्भरता के बीच की रेखा बहुत महीन हो जाती है। एआइ की सबसे बड़ी चुनौती मनुष्य का अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग कम कर देना है।

*- इशरत अली कादरी, भोपाल*

### आर्थिक स्वायत्तता

दुनिया जब भू-राजनीतिक टकरावों में उलझती है, तब भारत जैसे विशाल देश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने 140 करोड़ नागरिकों की ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को सुरक्षित रखना होती है। पिछले दिनों रूसी राष्ट्रपति ने नए बीमा तंत्र का प्रस्ताव रखा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के टैंकरों के बीमा पर लगने वाले पश्चिमी प्रतिबंध सीधे तौर पर हमारे घरेलू बाजार, परिवहन लागत और आम भारतीय परिवार की रसोई के बजट को चोट पहुंचाते हैं। सस्ता कच्चा तेल और खाद्यान्न की सुगम आवाजाही हमारे देश के आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता की पहली शर्त है। ब्रिक्स के तहत एक स्वतंत्र समुद्री बीमा तंत्र और साझा अनाज बाजार की व्यवस्था भारत को पश्चिमी दबावों से मुक्त रख कर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने का संबल दे सकती है। इससे न केवल भारतीय जहाजरानी उद्योग को मजबूती मिलेगी, बल्कि वैश्विक संकट के दौर में भी महंगाई पर लगाम लगाना संभव होगा।

*- अंश दुबे, नई दिल्ली*

### कसता शिकंजा

कारोबारी समुदाय के लिए दो हजार रुपए से अधिक के यूपीआइ भुगतान पर शुल्क लगाने के बाद आम लोगों के लिए भी भविष्य में शुल्क देने की स्थिति बन सकती है। जबकि इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूपीआइ भुगतान पर शुल्क लगाने की बात से इनकार किया था, लेकिन अब व्यापारियों के लिए यूपीआइ भुगतान पर 0.4 फीसद शुल्क लगने से वे डिजिटल भुगतान से बचेंगे। ऐसी स्थिति में हर कारोबारी समुदाय यूपीआइ भुगतान के बजाय नकद में कारोबार करने की कोशिश करेगा। ग्राहक द्वारा किए जाने वाले हर भुगतान पर कारोबारी समुदाय से शुल्क वसूलना अनुचित है। अगर सरकार भारत में डिजिटल क्रांति चाहती है, तो उसे यूपीआइ भुगतान पर शुल्क खत्म करना होगा, वरना कोई भी व्यापारी यूपीआइ का विकल्प नहीं चुनेगा और नकदी के जरिए ही कारोबार करना पसंद करेगा।

*- सैयद निसार, कालाडेरा, हैदराबाद*

संपादकीय

# वाढता वाढता वाढे...

**देशाच्या** महागाई निर्देशांकाने पुन्हा वरची दिशा पकडली आहे. ऑगस्टमध्ये देशांतर्गत किरकोळ महागाईचा दर ४.८२ टक्क्यांवर पोहोचला असून जुलैमध्ये तो ४.४५ टक्के होता. शिवाय, अन्नधान्याची महागाई ५.९५ टक्क्यांवर गेली आहे आणि घाऊक महागाईने तर ९.९२ टक्क्यांचा टप्पा गाठल्याचे नुकतेच प्रसिद्ध झाले आहे. त्यातही ग्रामीण भागातील महागाई ५.२३ टक्के, तर शहरी भागातील महागाई ४.३१ टक्के आहे. म्हणजे महागाईची झळ शहरांपेक्षा खेड्यांना अधिक बसत आहे. ग्रामीण अर्थव्यवस्थेचे उत्पन्न शेती, मजुरी आणि अनिश्चित रोजगारावर अवलंबून असते. तेथीलच कुटुंबांच्या खर्चात उत्पन्नाच्या तुलनेत वेगाने वाढ होत असेल तर तो व्यवस्थेसाठी गंभीर इशारा म्हणावा लागेल. आर्थिक निर्देशांक कशाशी खातात हे सुद्धा नीटसे ठाऊक नसलेल्या सामान्यजनांच्या दृष्टीने महिन्याचे उत्पन्न तेवढेच अन् खर्च मात्र सातत्याने वाढता, हेच काय ते त्यातले वास्तव असते. कांदा, लसूण, भाजीपाला, खाद्यतेल, इंधन आणि इतर जीवनावश्यक वस्तूंच्या किमती वाढल्या की त्याचा पहिला फटका गरीब आणि कनिष्ठ मध्यमवर्गीय कुटुंबांना बसतो. श्रीमंताच्या उत्पन्नातील तुलनेने छोटा हिस्सा अन्नधान्यावर खर्च होतो; परंतु गरिबाच्या कमाईतील मोठा हिस्सा स्वयंपाकघरातच संपतो. त्यामुळे अन्नधान्याची महागाई सहा टक्क्यांच्या जवळ पोहोचणे म्हणजे लाखो कुटुंबांच्या ताटातून एखादी भाजी, डाळ किंवा पोषक पदार्थ कमी होणे असाच त्याचा परिणाम संभवतो. पाठोपाठ वाढत्या महागाईचा सर्वाधिक दुष्परिणाम कुपोषण, आरोग्य आणि मुलांचे शिक्षण यावर होत असतो. घरभाडे, वीजबिल, पेट्रोल-डिझेल, शालेय शुल्क, औषधे, प्रवास, दैनंदिन वापराच्या वस्तू आणि किराणा या प्रत्येक आघाडीवर सामान्य माणूस सध्या घेरला गेला आहे. वेतनवाढ वर्षातून एकदा होते. तीसुद्धा बहुतांशाने अल्पशी असते; काहींची तीही होत नाही. परंतु बाजारातील दर रोज बदलतात. परिणामी, महिन्याच्या सुरुवातीला मनात धरलेले घरगुती बजेट अनेकदा मध्यावरच कोसळते. बचत कमी होते, प्रसंगी विमा अथवा गुंतवणुकीचा हप्ता थांबतो वा थकवला जातो आणि अचानक आलेल्या खर्चासाठी कर्ज किंवा क्रेडिट कार्डचा आधार घ्यावा लागतो. शिवाय, महागाई आजचे जगणेच महाग करते असे नव्हे तर उद्याची आर्थिक सुरक्षितताही त्यामुळे पोखरली जात असते. म्हणूनच घाऊक महागाई जवळपास दहा टक्क्यांपर्यंत जाणे हा निश्चितपणे पुढील धोक्याचा संकेत ठरू शकतो. कच्चा माल, ऊर्जा, वाहतूक आणि उत्पादन खर्च वाढला की उद्योग क्षेत्र तो भार फार काळ स्वतः सहन करीत नाही. वाढलेला खर्च अप्रत्यक्षपणे ग्राहकांच्याच माथी मारला जातो. त्यामुळे आजची घाऊक महागाई उद्याच्या किरकोळ दरवाढीत रूपांतरित होण्याची शक्यता बहुतांशाने प्रत्यक्षात उतरते असा अनुभव आहे. त्यातच सध्याच्या जागतिक तणावाच्या परिस्थितीत आंतरराष्ट्रीय बाजारातील कच्च्या तेलाचे चढे दर आणि खाद्यतेलासाठी आयातीवर असलेले मोठे अवलंबित्व यामुळे चिंतेत भरच पडावी अशी स्थिती आहे. महागाई वाढली की रिझर्व्ह बँकेसमोर व्याजदराचे हत्यार वापरण्याचा हमखास पर्याय असतो. मात्र व्याजदर वाढले तर घरकर्ज, वाहनकर्ज आणि उद्योगांचे कर्ज महागते. केवळ व्याजदर बदलून अन्नधान्याच्या किमती कमी होत नाहीत. त्यासाठी पुरवठा साखळी मजबूत करणे, साठेबाजी रोखणे, बाजारातील कृत्रिम तुटवडा दूर करणे आणि शेतमालाचे कार्यक्षम वितरण आवश्यक असते. त्यामुळे सरकार आणि यंत्रणेने महागाईकडे केवळ निर्देशांकाच्या चष्म्यातून पाहणे थांबविले पाहिजे. किरकोळ बाजारातील प्रत्यक्ष दरांवर नियमित देखरेख, साठेबाजांवर कठोर कारवाई, खाद्यतेलावरील करांचा आढावा, सार्वजनिक वितरण व्यवस्थेत आवश्यक वस्तूंची उपलब्धता आणि शेतकऱ्यापासून ग्राहकापर्यंत अनावश्यक मध्यस्थ साखळीवर नियंत्रण असे उपाय विनाविलंब योजायला हवेत. शेअर बाजाराने कितीही नवे उच्चांक गाठले आणि अर्थव्यवस्थेचा आकार कितीही वाढला, तरी सामान्य कुटुंबाचे महिन्याचे गणित जुळत नसेल तर त्या प्रगतीचा आनंद अपुरा ठरतो. त्यामुळे कागदावर भलेही महागाईचा निर्देशांक ४.८२ टक्के असला तरी सामान्यांच्या खिशाला बसणारी झळ त्यापेक्षा कितीतरी मोठी आहे. आपल्याकडे वस्तूंच्या एकदा वाढलेल्या किमती सहसा खाली येत नसल्याने वाढता वाढता वाढे अशीच महागाईची एकूण स्थिती असते. म्हणूनच सरकारने आकड्यांचे स्पष्टीकरण देण्याऐवजी बाजारभाव खाली येतील हे पाहाणे अधिक गरजेचे आहे. कारण महागाईची खरी परीक्षा सांख्यिकीच्या तक्त्यावरून नाही तर सामान्य माणसाच्या रिकाम्या होत चाललेल्या खिशावरून होत असते.

# ब्लू इकॉनॉमी : भारतासाठी संधींचा अथांग सागर!

**हरित आणि श्वेत क्रांतीमुळे जागतिक अन्नसुरक्षेतील भारताची भूमिका मजबूत झाली. आता समुद्रातील निळी क्रांती आपल्याला खुणावते आहे.**



सी. पी. राधाकृष्णन
भारताचे उपराष्ट्रपती

**मा. पंतप्रधान** नरेंद्र मोदी यांच्या दूरदर्शी नेतृत्वामुळे भारताच्या विकासाची गाथा नेहमीच सर्वसमावेशक राहिली आहे- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास.. गेल्या २५ वर्षांत त्यांनी कोट्यवधी लोकांच्या जीवनाला स्पर्श केला आहे, विशेषतः समाजातील दुर्बल आणि वंचित घटकांच्या जीवनाला.

मोदीजींचा विकासाकडे पाहण्याचा दृष्टिकोन अनुकरणीय राहिला आहे. मागास जिल्ह्यांना 'आकांक्षी जिल्हे', सीमावर्ती गावांना 'जिवंत आणि प्रथम गावे' आणि ईशान्य भारताला 'अष्टलक्ष्मी' असे संबोधणे हा परिवर्तनवादी दृष्टिकोन दर्शवतो. या दृष्टिकोनामुळे भौगोलिक वंचिततेचे रूपांतर सक्षमीकरणात झाले असून, विकसित भारताच्या वाटचालीत विविध क्षेत्रांतील लोकांचा सक्रिय सहभाग शक्य झाला आहे. पीएम-जनमन, पीएम-जनधन, पीएम-गरीब कल्याण योजना आणि इतर योजनांमधून सर्वसमावेशक विकास आणि सामाजिक सक्षमीकरणाप्रती त्यांची बांधिलकी दिसून येते. २५ कोटी लोकांना अत्यंत गरिबीतून बाहेर काढण्यात आले आहे. ही केवळ भारताच्या विकासाच्या प्रवासातीलच नव्हे, तर संपूर्ण मानवजातीच्या इतिहासातील एक ऐतिहासिक कामगिरी आहे.

सर्वसमावेशक विकास सुनिश्चित करण्याच्या दिशेने उचललेले आणखी एक महत्त्वाचे पाऊल म्हणजे पंतप्रधान मोदी यांनी 'ब्लू इकॉनॉमी'वर दिलेला भर. १९६०च्या दशकात हरित क्रांतीमुळे आपण तीव्र भुकेची समस्या हाताळण्यात यशस्वी झालो. आज भारत तांदूळ, गहू, कडधान्ये आणि भरडधान्यांच्या उत्पादनात जगातील आघाडीच्या देशांमध्ये आहे. त्यामुळे जागतिक अन्नसुरक्षेतील भारताची भूमिका अधिक मजबूत झाली आहे. हरित क्रांतीनंतर झालेल्या श्वेत क्रांतीमुळे भारतातील दुधाची दीर्घकाळची टंचाई आणि आयात केलेल्या दुग्धजन्य पदार्थांवरील अवलंबित्व संपुष्टात आले. आज भारत हा जगातील क्रमांक एकचा दूध उत्पादक देश आहे आणि या कामगिरीमुळे विशेषतः मुलांमधील प्रथिनांची कमतरता मोठ्या प्रमाणात कमी झाली आहे.

आता निळी क्रांती ही आणखी एक यशोगाथा ठरणार आहे. निसर्गाने आपल्या देशाला ११,००० किलोमीटरपेक्षा अधिक लांबीचा समुद्रकिनारा देऊन विपुल आशीर्वाद दिला आहे. आपली सागरी परंपरा समृद्ध आहे. जवळपास २४ लाख चौरस किलोमीटर क्षेत्रफळात आपले विशेष आर्थिक क्षेत्र पसरलेले आहे. भारताकडे मोठ्या प्रमाणावर सागरी संपत्ती आहे. तरीही या क्षमतेचा मोठा भाग अनेक



दशकांपासून वापरात आलेला नाही. आपली बहुतांश मासेमारी किनाऱ्याजवळच मर्यादित राहिली. आज आपण क्षितिजापलीकडे पाहण्यास सज्ज आहोत.

२०१९ मध्ये मत्स्यव्यवसाय, पशुसंवर्धन आणि दुग्धव्यवसाय मंत्रालयाची स्थापना झाल्यानंतर, मोदींच्या नेतृत्वाखाली प्रथमच मत्स्यव्यवसाय क्षेत्राला स्वतंत्र मंत्रालय मिळाले. माननीय पंतप्रधानांनी म्हटले होते की, आपल्या राष्ट्रीय ध्वजावरील निळे चक्र हे निळ्या क्रांतीची, म्हणजेच महासागराच्या अर्थव्यवस्थेची क्षमता दर्शवते.

गेल्या दशकात भारतातील मत्स्यव्यवसाय आणि जलशेती क्षेत्र खऱ्या अर्थाने आपल्या अर्थव्यवस्थेतील उदयोन्मुख क्षेत्र म्हणून पुढे आले आहे. आज भारत हा जगातील दुसऱ्या क्रमांकाचा मासे उत्पादक देश आहे आणि जागतिक मत्स्य उत्पादनात त्याचा वाटा सुमारे ८ टक्के आहे. या क्षेत्रामुळे जवळपास ३ कोटी मच्छीमार आणि मत्स्यशेतकऱ्यांच्या उपजीविकेला आधार मिळतो आहे. देशातील अन्नसुरक्षा व पोषणामध्ये त्याचे महत्त्वपूर्ण योगदान आहे.

**ब्लू इकॉनॉमीचे भविष्य**

आज भारतातील समुद्री खाद्यपदार्थ १२०हून अधिक देशांमध्ये पोहोचतात. गेल्या आर्थिक वर्षातच आपल्या समुद्री खाद्यपदार्थांच्या निर्यातीने ७३,००० कोटी रुपयांपेक्षा अधिक प्रभावी आकडा गाठला. २०१३-१४च्या तुलनेत ही वाढ १४० टक्क्यांहून अधिक आहे. भारतीय समुद्री खाद्यपदार्थांच्या गुणवत्तेवर जगाने विश्वास आणि विश्वासार्हता निर्माण केली आहे.

डिजिटल अधिकृतता प्रणाली, जहाजांचा मागोवा घेण्याची व्यवस्था, आंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्रे आणि इतर उपाययोजनांमुळे भारतीय समुद्री खाद्यपदार्थांना जागतिक प्रीमियम बाजारपेठांमध्ये आणखी मोठा सन्मान मिळण्यास मदत होईल. मात्र, विकासाचा पाठपुरावा करत असताना निसर्गाप्रति असलेली आपली जबाबदारी आपण कधीही विसरता कामा नये. हजारो वर्षांपासून समुद्राने मानवजातीचे पालनपोषण केले आहे. पुढील हजारो वर्षांसाठी त्याचे संरक्षण करणे हे आपले पवित्र कर्तव्य आहे. मंत्रालयाची नवी मार्गदर्शक तत्त्वे या दिशेने एक सकारात्मक पाऊल आहे.

आपण विकसित भारत@२०४७ हे उद्दिष्ट साध्य करण्याच्या दिशेने वेगाने वाटचाल करत असताना, ब्लू इकॉनॉमीला समृद्ध, सर्वसमावेशक आणि शाश्वत बनवण्यासाठी आम्ही कटिबद्ध आहोत. ब्लू रिव्होल्यूशनच्या या प्रवासात प्रत्येक क्षेत्राची एक भूमिका आहे. आपल्या मच्छीमार समुदायाच्या माध्यमातून भारताची ब्लू इकॉनॉमी पुढे नेली जाईल. माननीय पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या दूरदर्शी नेतृत्वाखाली मत्स्यव्यवसाय मंत्रालय विकास, शाश्वतता आणि समृद्धीच्या नव्या युगाकडे महत्त्वपूर्ण वाटचाल करत आहे, याचा मला आनंद आहे.

# काँग्रेसला मुळे हवीत; पण जुने नकोत, असे का?

**काँग्रेसकडे इतिहास प्रचंड आहे. प्रश्न एवढाच, त्या इतिहासाला भविष्याची भाषा शिकवणार कोण? इतिहास मोठा, वर्तमान कोरा हा काँग्रेसमधील विरोधाभास आहे.**



यदु जोशी
राजकीय संपादक, लोकमत

**महाराष्ट्र** प्रदेश काँग्रेसचे अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ परवा म्हणाले, 'बाहेरून काँग्रेसमध्ये येण्यास इच्छुक असलेले अनेक आहेत, पण त्यांना घेऊ नका असा पक्षात आग्रह आहे, वरच्यांचेही तेच म्हणणे आहे. म्हणून आम्ही त्यांना घेण्याऐवजी आमच्यातील लोकांना, निष्ठावानांना मोठे करू.' वरवर हे विधान खूपच सात्त्विक आणि तात्त्विक वाटते; पण ते प्रत्यक्षात उतरणे कठीण आहे. उद्या कोणी 'येतो' म्हटले रे म्हटले की काँग्रेस त्यांच्यासाठी दार उघडेल. यापूर्वीही तसे घडलेले आहेच.

निष्ठावंत हा शब्द सुंदर वाटतो; निवडणूक मात्र सुंदर शब्दांवर जिंकता येत नाही. शिवाय, निष्ठावंतांना संधी देऊ असे सपकाळ म्हणतात; पण आहेत ते निष्ठावंत आणखी तीन वर्षे लोकसभा निवडणुकीपर्यंत टिकतील का, की त्यातले काही गळतील? सपकाळ यांनी आपल्या गृहजिल्ह्याकडे पाहिले तर बरे होईल. तिकडे धक्क्यांची तयारी सुरू झाली आहे.

पक्षात निष्ठावंत हवेत, कारण झाडाला मुळे लागतात. पण झाडाला नवीन फांद्या नकोत असे म्हणणेही चुकीचे. नवीन माणसे पक्षात यायला हवीत, कारण वाढीसाठी विस्तार आवश्यक असतो. पण बाहेरून आलेल्या प्रत्येकाला लगेच घराची चावी देणेही शहाणपणाचे नसते. 'निष्ठावंतांना संधी देऊ' म्हणणे सोपे आहे; पण निष्ठावंतांमध्ये काम करणारे, जिंकणारे आणि नवीन मतदार जोडणारे शोधून त्यांना मोठे करणे अतिशय कठीण आहे. भाजप ते सातत्याने करतो.

राजकारणाचा एक साधा नियम आहे की पक्ष किती जुना आहे यापेक्षा, तो उद्याच्या मतदाराला किती नवीन वाटतो. काँग्रेसकडे इतिहास प्रचंड आहे. आता प्रश्न एवढाच आहे की त्या इतिहासाला भविष्याची भाषा शिकवणार कोण? झाडाला मुळे हवीत, खोड हवे, फांद्या हव्यात आणि नव्या पालवीचीही गरज असते. फक्त मुळे कुरवाळत बसले तर झाड वाढत नाही. आणि फांद्या वाढवताना मुळे विसरली तर झाड उभे राहत नाही. काँग्रेसच्या संघटनात्मक प्रश्नाचे तत्त्वज्ञान इतकेच आहे. राजकारणात कालची निष्ठा उद्याची हमी नसते आणि आजचा प्रवेश उद्याचा विजय



नसतो. दोन्ही गोष्टींना काळ, काम आणि जनतेचा कौल यांची परीक्षा द्यावीच लागते.

काँग्रेसचा इतिहास मोठा आहे, पण इतिहासाला स्वतःची पुनरावृत्ती आवडते; मतदाराला मात्र नवे उत्तर हवे असते. जुन्या आठवणींवर पक्षाची सभा भरू शकते; पण नव्या मतदाराचे मन जिंकण्यासाठी नवा संवाद लागतो. आणि म्हणूनच काँग्रेससमोरचा प्रश्न केवळ 'बाहेरच्यांना घ्यायचे की नाही' एवढाच नाही. प्रश्न आहे 'दार किती उघडे ठेवायचे, घर किती मजबूत करायचे आणि घरातल्या माणसांना बाहेरच्या जगाशी स्पर्धा करण्याइतके सक्षम कसे करायचे?'... सोडून गेलेल्यांना घ्यायचेच नाही यापेक्षा काय करायचे सुटून गेले आहे हे आज काँग्रेससाठी अधिक महत्त्वाचे आहे.

काँग्रेसकडे इतिहास प्रचंड आहे. आता त्या इतिहासाला भविष्याची भाषा शिकवायची असेल तर निष्ठेला सन्मान, नव्याला संधी आणि दोघांनाही कामाची सक्ती या तीन गोष्टींचे संतुलन साधावे लागेल. नाहीतर इतिहास कितीही मोठा असला तरी वर्तमानाची वही कोरीच राहील. सपकाळ कितीही दावा करत असले तरी काँग्रेसमध्ये जाण्याची आजतरी कोणाची तयारी नाही हेच कटूसत्य आहे, उद्या परिस्थिती बदलेलही कदाचित.

**शिंदेंचे फाडफाड इंग्लिश**

'पाच मिनिटांत फाडफाड इंग्लिश शिका' अशी एका क्लासची पूर्वी जाहिरात असायची. शिंदे परवा लंडनच्या संसदेत फाडफाड इंग्लिशमध्ये बोलले तेव्हा त्या जाहिरातीची आठवण आली. लोक म्हणतात की त्यात काय एवढे? टेलिप्रॉम्प्टरच्या मदतीने कोणीही बोलू शकते, पण ते तेवढे सोपे नाही. शिंदे एरवी चार वाक्येही इंग्लिशमध्ये सलग बोलू शकणार नाहीत, पण त्या दिवशी भारतीय अन् इंग्रजी लोकांसमोर 'सुपर इंग्लिश' बोलले.

मुळात एक ऑटोचालक महाराष्ट्राचा मुख्यमंत्री झाला हे विलक्षण आहे. इंग्लंडच्या संसदेत इंग्लिशमधून बोलण्याची आयडिया त्यांना जवळच्यांनी दिली असणार, पण ती स्वीकारून प्रत्यक्ष बोलून दाखवण्याची हिंमत एकनाथ शिंदेंनी केली याला दाद दिलीच पाहिजे. त्यांचे उच्चारही स्पष्ट होते. आता वडनगरच्या कार्यक्रमात त्यांनी भाषणाची सुरुवात गुजराथी भाषेतून केली, यावर मात्र वाद होईलच.

yadu.joshi@lokmat.com

जगभर

# जेमिमा गोल्डस्मिथ ५२व्या वर्षी दुसऱ्या नात्यात !

**पाकिस्तानचे** माजी पंतप्रधान आणि प्रसिद्ध क्रिकेटपटू इम्रान खान यांचा मैदानावरचा आणि राजकारणातील करिश्मा सगळ्यांनाच माहीत आहे. त्यांच्याच पावलावर पाऊल टाकून अनेक महिलांनी क्रिकेटच्या मैदानावर पाऊल ठेवलं. जेमिमा गोल्डस्मिथ यांच्याबरोबरचा त्यांचा विवाहही त्याकाळी फारच गाजला होता. कालांतरानं त्यांचा घटस्फोट झाला, पण या घटस्फोटानंतर तब्बल २२ वर्षांनी जेमिमा यांनी आयरिश-ऑस्ट्रेलियन कोट्यधीश व्यावसायिक कॅमरॉन ओ'रायली यांना आपला जीवनसाथी म्हणून निवडलं आहे. जेमिमा गोल्डस्मिथ यांनी वयाच्या ५२व्या वर्षी दुसरं लग्न केलं आहे.

इम्रान खान आणि जेमिमा यांचा जून २००४ मध्ये घटस्फोट झाला होता. त्यानंतर जेमिमा आपल्या दोन मुलांसह लंडनला परतल्या. मात्र, त्यांच्या दुसऱ्या लग्नाची माहिती जेमिमा किंवा कॅमरॉन यांनी स्वतः सार्वजनिक केलेली नाही. जेमिमा यांच्या भावाची पत्नी जेमिमा जोन्स यांनी १३ सप्टेंबरला इन्स्टाग्रामवर एक छायाचित्र शेअर करत ही माहिती समोर आणली.

जेमिमा यांनी १९९५ मध्ये इम्रान खान यांच्याशी पहिलं लग्न केलं होतं. त्यावेळी जेमिमा केवळ २१ वर्षांच्या होत्या, तर इम्रान खान यांचं वय ४२ वर्षं होतं. म्हणजेच दोघांच्या वयात २१ वर्षांचं अंतर होतं. त्या काळात इम्रान खान क्रिकेटविश्वातील अतिशय मोठं नाव होते आणि राजकारणात प्रवेश करण्याची तयारी करत होते. जेमिमा आणि इम्रान यांची पार्श्वभूमी आणि संस्कृतीही वेगवेगळी होती.

लग्नानंतर या दाम्पत्याला सुलेमान ईसा आणि कासिम अशी दोन मुलं झाली. घटस्फोटानंतर जेमिमा यांनी लंडनमध्ये डॉक्युमेंटरी फिल्ममेकर आणि पटकथालेखिका म्हणून काम सुरू केलं. याच माध्यमातून त्यांना नवा जीवनसाथी मिळाला. जेमिमा आणि कॅमरॉन यांची ओळख एका चित्रपट आणि



डॉक्युमेंटरीच्या प्रकल्पावर काम करताना झाली. कॅमरॉन या प्रकल्पाचे कार्यकारी निर्माते होते. सुरुवातीला दोघांमध्ये मैत्री झाली आणि पुढे या मैत्रीचं रूपांतर प्रेमसंबंधात झालं.

दोघेही वर्षभरापेक्षा जास्त काळ गुपचूप एकमेकांना डेट करत होते. त्यानंतर त्यांनी खासगी समारंभात लग्न केल्याचं वृत्त आहे. या लग्नाबाबत माध्यमांना आधी कोणतीही माहिती देण्यात आली नव्हती. कॅमरॉन ओ'रायली हे दिवंगत आयरिश माध्यम उद्योजक सर अँथनी ओ'रायली यांचे पुत्र आहेत. त्यांच्या पहिल्या लग्नातून त्यांना चार मुलं आहेत. जेमिमा गोल्डस्मिथ या दिवंगत अब्जाधीश उद्योगपती सर जेम्स आणि लेडी ॲनाबेल गोल्डस्मिथ यांच्या कन्या आहेत. त्यांच्या आई लेडी ॲनाबेल या लंडनमधील प्रसिद्ध सामाजिक व्यक्तिमत्त्व होत्या. त्यांचं सुमारे वर्षभरापूर्वी निधन झालं, तर जेमिमा यांच्या वडिलांचं निधन १९९७ मध्ये झालं.

जेमिमा गेल्या अनेक वर्षांपासून राजकारण, माध्यमं आणि सामाजिक कार्याशी संबंधित राहिल्या आहेत. इम्रान खान यांच्याशी झालेल्या पहिल्या लग्नानंतर आणि घटस्फोटानंतर त्यांनी आपल्या खासगी आयुष्याला माध्यमांपासून मोठ्या प्रमाणावर दूर ठेवलं. त्यामुळे त्यांच्या दुसऱ्या लग्नाची बातमीही त्यांनी स्वतः जाहीर केली नाही.

कॅमरॉन ओ'रायली यांच्याशी झालेल्या या विवाहाबाबत जेमिमा यांनी अद्याप सार्वजनिकरीत्या कोणतंही स्वतंत्र विधान केलेलं नाही. जवळपास दोन दशकांहून अधिक काळानंतर त्यांच्या आयुष्यातील हा नवा अध्याय सुरू झाला आहे. पण यामुळे इम्रान खान आणि जेमिमा गोल्डस्मिथ पुन्हा एकदा नव्यानं चर्चेत आले आहेत.

जनमन

# दारिद्र्य निर्मूलन अहवाल तयार करावा



**भारतातील** दारिद्र्य निर्मूलनावर प्रत्येक ग्रामपंचायतीने स्वतःचा अहवाल तयार केला पाहिजे. हा अहवाल सध्याच्या दारिद्र्यावरचा खराखुरा अहवाल असावा, जरी काही जणांच्या मते, १९४७ मध्ये स्वातंत्र्य मिळाल्यापासून भारत दारिद्र्य संपवण्याच्या पूर्वीपेक्षा अधिक जवळ आहे. जागतिक बँक आणि देशांतर्गत सांख्यिकी कार्यालयांसारख्या संस्थांच्या अलीकडील अंदाजानुसार, अत्यंत दारिद्र्य (दररोज २.१५ डॉलरपेक्षा कमी उत्पन्नावर जगणे) कमी होऊन सुमारे २% ते ५% पर्यंत आले आहे. हे प्रमाण एका दशकापूर्वी २०% पेक्षा जास्त आणि स्वातंत्र्यानंतरच्या दशकांमध्ये ६०% पेक्षा जास्त होते. याला प्रत्यक्ष पुरावा काय? १९९१ च्या ऐतिहासिक बाजार सुधारणांनी भारताला केंद्रीकृत अर्थव्यवस्थेपासून दूर नेले आणि प्रचंड उद्योजकीय व उत्पादकतेच्या वाढीला चालना दिली, असे म्हणतात. पण, गाव आणि गरिबी कुठे आहे, हे प्रत्यक्ष पाहिले पाहिजे. भारताने अनुभवलेल्या थेट लाभ हस्तांतरण, सुमारे दोन-तृतीयांश लोकसंख्येपर्यंत पोहोचणारे अनुदानित अन्न कार्यक्रम आणि ग्रामीण गृहनिर्माण, स्वच्छता व स्वच्छ स्वयंपाकाच्या इंधनाची वाढलेली उपलब्धता यांमुळे मूलभूत राहणीमानाचा दर्जा उंचावला आहे. हे खरं आहे. पण, जन धन योजनेसारख्या उपक्रमांद्वारे बँकिंग सुविधांच्या व्यापक उपलब्धतेमुळे शासकीय मदतीतील गळती कमी झाली आहे आणि लाखो लोकांना औपचारिक अर्थव्यवस्थेत समाविष्ट केले आहे. तथापि, अजूनही काही आव्हानांना सामोरे जावे लागणार आहे.

**- राजेश बाणावलीकर**, वेगसवाडो, हडफडे, बार्देश, गोवा

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे




आंदोलनांचे अंतरंग

# असहकार, बहिष्कार व न्यायासाठी केलेली आंदोलने

**रायगड जिल्ह्यातील एका कुटुंबावर बहिष्कार टाकण्यात आला होता. मी त्या प्रकरणात लक्ष घातल्यानंतर संवादातून प्रश्न समजून घेण्यात आला.**



डॉ. नीलम गोऱ्हे
माजी उपसभापती, महाराष्ट्र विधान परिषद

**असहकार** आंदोलन हे भारतीय स्वातंत्र्यलढ्यातील निर्णायक टप्प्यांपैकी एक होते. समोरची सत्ता अत्यंत बलाढ्य आणि सामान्य माणूस एकटा असताना विखुरलेल्या जनशक्तीला एकत्र आणून सामूहिक ताकद उभी करण्याचे प्रभावी साधन म्हणजे असहकार. मात्र, व्यापक समाजहितासाठी वापरले जाणारे हेच साधन जेव्हा एखाद्या व्यक्तीला किंवा कुटुंबाला शिक्षा देण्यासाठी वापरले जाते, तेव्हा त्याचे रूप सामाजिक बहिष्कारात बदलते.

विशेषतः कोकणात काम करताना मला अशा काही घटना जवळून अनुभवायला मिळाल्या. समुद्रकिनारी राहणाऱ्या मच्छीमार समाजामध्ये भरती-ओहोटीच्या वेळी बोट किनाऱ्यावर आणण्यासाठी संपूर्ण गावाच्या सामूहिक मदतीची आवश्यकता असते. समुद्राला जोरदार भरती असताना बोट मागे खेचली जाण्याचा धोका असतो. अशा वेळी सर्वांनी मिळून बोट सुरक्षितपणे किनाऱ्यावर ओढणे ही केवळ परंपरा नसून जीवित आणि उपजीविकेशी संबंधित गरज असते. मात्र, एखाद्या कुटुंबावर बहिष्कार घातला असेल, तर त्याच्या मदतीला कोणीही जात नाही. अशा प्रकारचा बहिष्कार त्या कुटुंबासाठी आर्थिकच नव्हे, तर जीवघेणाही ठरू शकतो.

रायगड जिल्ह्यातील एका गावामध्ये अशाच प्रकारे एका कुटुंबावर बहिष्कार टाकण्यात आला होता. मी त्या प्रकरणात लक्ष घातल्यानंतर गावकऱ्यांची एकत्रित बैठक झाली. संवादातून प्रश्न समजून घेण्यात आला आणि अन्यायकारक



बहिष्काराच्या परिणामांविषयी चर्चा झाली. गावाची एकजूट ही एखाद्या व्यक्तीला किंवा कुटुंबाला चिरडण्यासाठी नसून संकटाच्या वेळी त्याच्या पाठीशी उभे राहण्यासाठी असते, ही भूमिका समाजाने स्वीकारणे आवश्यक आहे.

जातपंचायतींच्या संदर्भात तर अनेक गंभीर आणि धक्कादायक प्रकार पुढे आले आहेत. काही ठिकाणी पंचांकडून पक्षपाती निर्णय दिले जातात. दंड, वस्तू किंवा अन्य स्वरूपातील लाभ स्वीकारून गंभीर प्रकरणे मिटविण्याचे प्रयत्नही झाले आहेत. माझ्या सामाजिक कामादरम्यान बलात्कारासारख्या गंभीर आरोपावरही कोंबडी आणि दारूच्या मोबदल्यात 'निवाडा' करण्याचा प्रयत्न झाल्याची घटना माझ्यासमोर आली होती. अशा प्रकारे गुन्हेगाराला संरक्षण देण्याचा अधिकार कोणत्याही पंचायतीला असू शकत नाही. या प्रकरणाचा मी गडचिरोलीचे तत्कालीन पोलीस अधीक्षक संदीप पाटील यांच्याकडे पाठपुरावा केला. त्यांनी धाडसाने आणि कायदेशीर पद्धतीने कारवाई केली. पंचांच्या भूमिकेमुळे गुन्हेगारीला संरक्षण मिळत असेल, तर ती व्यवस्था न्याय देणारी राहत नाही.

जातपंचायतींच्या अन्यायाविरोधात महाराष्ट्रात मोठी चळवळ उभी राहिली. महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समितीच्या 'जातपंचायत मूठमाती अभियान'च्या माध्यमातून कृष्णा चांदगुडे, कोमल वर्दे यांच्यासह अनेक कार्यकर्त्यांनी पीडितांना आवाज दिला. वाळीत टाकणे, विवाहांवर बंधने घालणे, मनमानी दंड आकारणे अशा प्रथांविरोधात त्यांनी सातत्याने जनजागृती केली. सामूहिक शक्तीचा वापर कोणासाठी आणि कशासाठी केला जातो, यावर त्या आंदोलनाचे नैतिक मूल्य ठरते. जात, धर्म, परंपरा किंवा वैयक्तिक हितसंबंधांच्या नावाखाली एखाद्या व्यक्तीला, तिच्या कुटुंबाला समाजातून तोडणारा बहिष्कार हे मानवी अधिकारांचे उल्लंघन आहे.

neeilamgorhe@gmail.com

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# भारत से अन्याय

अमेरिका ने अगर भारत सहित पांच देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया, तो इससे तनाव का बढ़ना तय है। अमेरिकी संसद ने इस टैरिफ को मंजूर कर लिया है और अब यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में है कि वह कब इसे लागू करते हैं। वैसे, इस टैरिफ का भारत पर सीधे बड़ा असर नहीं पड़ेगा, पर छोटे असर से इनकार नहीं किया जा सकता। कुछ अमेरिकी नेताओं की सीधी धमकी के बावजूद भारत की दृढ़ता प्रशंसनीय है। भारत ने दोटूक कहा है कि वह अपने व्यापार व आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। भारत अपनी 1.4 अरब आबादी की ऊर्जा सुरक्षा के लिए दृढ़ है। कहना ही चाहिए कि पश्चिम एशिया में अमेरिका ने जब से संकट बढ़ाया है, तभी से भारत तेल आयात के लिए रूस पर ज्यादा निर्भर हो गया है। बीती जुलाई में भारत के कच्चे तेल के कुल आयात का 51.1 प्रतिशत रूस से आया। इतना तेल हमें यूएई, सऊदी अरब, वेनेजुएला, ब्राजील, ओमान और अमेरिका मिलकर भी नहीं देते हैं। ऐसे में, भारत से यह कहना सरासर नाइंसाफी है कि वह रूस के अलावा कहीं और से तेल खरीदे।

अमेरिका ने भारत के साथ ही चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान को भी निशाना बनाया है। इन देशों पर सौ प्रतिशत का विशेष शुल्क लगाने के लिए जो 'सैंक्शनिंग रशिया ऐंड ईरान ऐक्ट 2026' पारित किया गया है, उसकी सिर्फ निंदा हो सकती है। भारत की तरह ही चीन ने भी ताजा अमेरिकी कदम को गलत बताया है। चीन ने रूस से तेल व गैस की खरीद पर शुल्क लगाने को अमेरिकी अधिकार क्षेत्र से बाहर का कदम बताते हुए कहा है कि किसी तीसरे देश द्वारा हस्तक्षेप या दबाव नहीं डाला जाना चाहिए। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी बगैर किसी भी ऐसी कार्रवाई का उचित ही विरोध कर रहा है, पर अफसोस, वह टैरिफ संबंधी अमेरिकी मनमानी को रोक नहीं पाया। वैसे ध्यान रहे, चीन प्रतिबंध के बावजूद ईरान से भी तेल खरीदता रहा है। उसके लिए रूस से तेल खरीदना बहुत आसान है। दोनों देशों की सीमाएं मिलती हैं और पाइपलाइन से आपूर्ति होती है। यह सोचने की बात है कि अमेरिका ने चीन के खिलाफ भी कानून पारित किया है, पर वह भारत के खिलाफ ज्यादा तल्ख है।

**आने वाले दिनों में अपने लिए जबरन व्यापार संतुलन या व्यापारिक लाभ सुनिश्चित करने की अमेरिकी रणनीति से भारत को सावधान रहना होगा।**

यही समय है, जब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था के बचाव में संकल्पित रहना होगा। अमेरिका टैरिफ की धमकी का इस्तेमाल भारत पर दबाव डालने के लिए कर सकता है। इसके जरिये वह चाहेगा कि भारत अब रूस से तेल का आयात न करे और साथ ही, एक असंतुलित व्यापार समझौते लिए तैयार हो जाए। यह सर्वविदित तथ्य है, भारत का अमेरिका के लिए निर्यात तुलनात्मक रूप से ज्यादा है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत जान-बूझकर ऐसे महंगे और गैर-जरूरी आयात को बढ़ाए, जिससे बुनियादी रूप से देश, देशी उत्पादकों व किसानों को चौतरफा नुकसान हो। अमेरिका को धमकी देने की जरूरत तभी पड़ रही है, जब वह भारत से बहुत कुछ अतिरिक्त रूप से मांग रहा है। आने वाले दिनों में अपने लिए जबरन व्यापार संतुलन या व्यापारिक लाभ सुनिश्चित करने की अमेरिकी रणनीति से सावधान रहना होगा। भारत कोई ऐसा छोटा देश नहीं है, जो अपनी आर्थिक नीतियों-रणनीतियों-सौदों-समझौतों को अमेरिका के हित में लगातार बदलते हुए अपना नुकसान करता रहे। भारतीय अर्थव्यवस्था अपने निर्णायक मोड़ पर है, यहां अपने हितों से कोई समझौता संभव नहीं है। अपनी दृढ़ता के दम पर ही हमें आर्थिक संपन्नता की राह पर बढ़ना है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 18 सितंबर, 1951

## कोरिया में लोकतंत्र की रक्षा

कोरिया में लोकतंत्र की रक्षा किस प्रकार की जा रही है, इस पर कनाडा के एक युद्ध-संवाददाता ने, जो कोरिया के युद्ध-क्षेत्र से एक महीने के अवकाश पर स्वदेश लौटा है, प्रकाश डाला है। श्री विल रोस के वक्तव्य ने कोरियाई युद्ध का एक नया ही पहलू हमारे सामने उपस्थित किया है। सैनिकों के स्वभाव में उद्धतता काफी अंश में पायी जाती है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से जो सैनिक कोरिया में लड़ने के लिए गये हैं, उनमें इस दुर्गुण का अभाव नहीं हो सकता, किन्तु सेना के संचालकों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे अपने अधीनस्थ सैनिकों पर पर्याप्त नियंत्रण रखें; उन्हें सीमा का उल्लंघन न करने दें। संयुक्त राष्ट्रीय सैनिक कोरिया के लोगों को साम्यवादियों के कथित अत्याचारों से बचाने के उद्देश्य से गये हैं। वे युद्ध में अपने प्राण इसलिए झोंक रहे हैं कि कोरिया के लोग तानाशाही के शिकार न बनें और लोकतंत्री स्वतन्त्रता का उपभोग कर सकें। संयक्त राष्ट्रीय सेना के इन उद्देश्यों को देखते हुए कोरिया वासियों के दिल में उसके प्रति प्रेम की भावना ही होनी चाहिए। अपनी रक्षा करने वालों को कौन ऐसा कृतघ्न होगा, जो प्यार न करेगा? आखिर संयुक्त राष्ट्रीय सैनिक कोरिया के लोगों के रक्षक और त्राता बनकर ही तो वहां गये हैं।

किन्तु श्री विल रोस के वक्तव्य से पता चलता है कि वस्तु-स्थिति यह नहीं है, जो होनी चाहिए। उनका कहना है कि कोरिया वासियों के दिलों में यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का उद्देश्य उनके देश की रक्षा करना उतना नहीं है, जितना कि साम्यवाद से मुकाबला करना है। कोरिया के लोगों को इस युद्ध में क्या नहीं सहन करना पड़ा। उनके घर-द्वार नष्ट हो गए, उनका माल-असबाब लुट गया और उनके परिवार तितर-बितर हो गये। दक्षिण कोरिया के सामाजिक मंत्री ने हाल ही में बताया है कि कोरिया की 15 महीनों की लड़ाई में दक्षिण कोरिया के दो लाख नागरिक मारे जाने का अनुमान है। इसके अलावा, जो लोग घायल हुए या जिन्हें अपनी सम्पत्ति से हाथ धोना पड़ा, उनकी संख्या 80 लाख तक पहुंच जायेगी।

मंत्री महोदय ने दक्षिण कोरिया में 6 लाख मकानों के नष्ट होने का अनुमान लगाया है। दक्षिण कोरिया की इस हानि के अलावा उत्तरी कोरिया के लोगों की हानि कुछ कम नहीं हुई होगी।

# अमेरिकी टैरिफ से डरने की जरूरत नहीं




यामिनी अग्रवाल | प्रोफेसर, भारतीय वित्त संस्थान

**निश्चय ही अमेरिका हमारा एक बड़ा कारोबारी साझेदार है, लेकिन इस नए बिल के जरिये वह हम पर दबाव नहीं बना सकता। भारत अमेरिकी टैरिफ से बहुत प्रभावित नहीं होगा।**



जिस बात के कयास लगाए जा रहे थे, आखिरकार वही हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाले 'लिंडसे ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया ऐंड ईरान ऐक्ट' को मंजूर कर लिया है। वहां की सीनेट, यानी ऊपरी सदन पहले ही इसे भारी बहुमत से पारित कर चुकी है। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर करते ही यह बिल कानून की शक्ल ले लेगा।

इसमें अमेरिकी प्रशासन को यह अधिकार दिया गया है कि रूस और ईरान से तेल व गैस खरीदने वाले देशों पर वह 100 फीसदी तक टैरिफ लगा सकता है। हालांकि, किस देश पर कितना टैरिफ लगेगा, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि रूस से बड़ी मात्रा में तेल-गैस खरीदने के कारण भारत भी इसकी चपेट में आ सकता है। तथ्य भी यही है कि बदलते भू-राजनीतिक दबावों के बावजूद हम अपने कुल आयात का लगभग 50 फीसदी कच्चा तेल मॉस्को से मंगवा रहे हैं।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब टैरिफ का दांव खेला गया है। 2025 की जनवरी में सत्ता संभालने के तुरंत बाद से ही राष्ट्रपति ट्रंप टैरिफ की धमकी देने लगे थे। एक वक्त तो उन्होंने 'दंडस्वरूप' नई दिल्ली पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान भी कर दिया था। हालांकि, इसको घटाकर वह 10 फीसदी कर चुके हैं, जिसका असर हमारी अर्थव्यवस्था से कहीं अधिक खुद अमेरिकी आर्थिकी पर पड़ रहा है।

पूर्व में अमेरिका ने कई अन्य देशों पर भी टैरिफ लगाए हैं, जिनसे उसके अपने बाजार में उत्पादों की कीमतें बढ़ गई हैं। वहां महंगाई इतनी अधिक है कि लोग हलकान हैं। इसी कारण वहां के संघीय बैंक ने दरों को बढ़ाने का एलान किया है, ताकि बढ़ती कीमतों को कुछ हद तक काबू में किया जा सके। मगर टैरिफ संबंधी नया बिल अमेरिका की मुश्किलें और बढ़ा सकता है। तमाम देशों पर टैरिफ लगाकर वह अपने आयात बिल महंगा कर लेता है, जिससे उसकी अपनी अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है। वहां मंदी जैसे हालात बनने लगते हैं।

रही बात भारत की, तो निस्संदेह अमेरिका हमारा एक बड़ा कारोबारी साझेदार है, लेकिन टैरिफ के जरिये वह हम पर दबाव नहीं बना सकता। पाठकों को याद होगा, पहले भी जब उसने यह शुल्क थोपने का एलान किया था, तब फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों को अछूता छोड़ दिया था, जो खास तौर पर उसकी जरूरत की चीज है। बाकी जिन वस्तुओं पर टैरिफ लगे थे, उनमें से कई वे उत्पाद थे, जो महंगे बिकते ही हैं और अधिक कीमत ही उनको मूल्यवान बनाती है। इनमें रत्न और आभूषण जैसे उत्पाद गिने जाते हैं। चूंकि ये लग्जरी आइटम हैं, इसलिए इन पर टैरिफ लगने से कारोबारियों को कोई नुकसान नहीं होता।

हां, कुछ उत्पादों पर टैरिफ का असर जरूर पड़ता है, क्योंकि उन्हें अन्य देशों से प्रतिस्पर्द्धा करके अपना बाजार बनाना पड़ता है। वे देश, जिन पर टैरिफ नहीं लगा होता या कम होता है, इन उत्पादों को तुलनात्मक रूप से सस्ती कीमत पर बेच सकते हैं। हालांकि, इस मामले में भी भारत के लिए राहत की बात यह है कि प्रतिस्पर्द्धी देशों पर लगे टैरिफ हमसे ज्यादा हैं। नतीजतन, कई उत्पाद अब भी तुलनात्मक रूप से सस्ते ही हैं। दूसरी बात, डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत भी हमें फायदा पहुंचाती है। इससे अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में प्रतिस्पर्द्धा करने की क्षमता बढ़ जाती है, क्योंकि अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान सस्ते हो जाते हैं।

इतना ही नहीं, भारत ने यूरोपीय संघ ही नहीं, कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। साथ ही, हाल ही में संपन्न ब्रिक्स सम्मेलन से इसने खुद को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में स्थापित किया है। इन सबसे दुनिया भर में भारत की कारोबारी स्थिति सुधरी है। वह एक मजबूत व्यापारिक साझेदार के रूप में स्थापित हुआ है। गौरतलब बात यह भी है कि भारत वस्तु-उत्पादन के मामले में प्रतिस्पर्द्धा नहीं करता। हम 'सर्विस इकोनॉमी', यानी सेवा प्रदान करने वाली अर्थव्यवस्था माने जाते हैं। इसका फायदा भी हमें इस 'टैरिफ चाल' को काटने में मिलता है।

सुखद यह भी है कि भारत की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत है। यहां सकल घरेलू उत्पाद में निजी उपभोक्ता व्यय की हिस्सेदारी करीब 60 फीसदी है, जिसका सीधा अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः घरेलू मांग और जनता द्वारा किए जाने वाले खर्च पर निर्भर है। बाकी हिस्सेदारी सरकारी खर्च और निवेश की है। इस कारण भारतीयों की अर्थव्यवस्था में मजबूत दखल बनी हुई है और टैरिफ जैसा कोई डर इसे परेशान नहीं करता।

इसीलिए इस तर्क में दम नहीं दिखता कि मध्यम वर्ग पर अमेरिका के हालिया कदम का कोई खास असर पड़ेगा। बेशक, यह वह वर्ग है, जो बाहर जाकर पढ़ने या काम करने की ख्वाहिश रखता है, लेकिन घरेलू मांग पर निर्भरता और आंतरिक खपत भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देती है। शेयर बाजार के निष्प्रभावी बने रहने की बात भी इसी वजह से कही जा रही है।

यह बात भी ध्यान में रखने की है कि दुनिया भर के निवेशक अब भारत को एक भरोसेमंद बाजार मानने लगे हैं। यह एक ऐसा देश है, जो काफी मजबूत है। यहां राजनीतिक स्थिरता है और माहौल भी उनके अनुकूल है। यहां जिस तरह का डिजिटल ढांचा या जैसी मानव पूंजी है, इसका फायदा भारत को मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। निवेश मूलतः 'रिटर्न' के भरोसे पर किया जाता है। जहां निवेशकों को यह भरोसा मिलता है, वे वहीं निवेश करते हैं। इस मामले में भारत आज कई देशों से आगे खड़ा नजर आ रहा है।

इस स्थिति में अगर अमेरिका टैरिफ लगाता है, तो हम पर ज्यादा असर नहीं डाल पाएगा। मुमकिन है, हमारे कुछ उत्पाद उन देशों के माध्यम से अमेरिका पहुंचने लगें, जो टैरिफ से बाहर हैं। 184 देश आपस में व्यापार कर रहे हैं और इनमें से कई देशों में इस तरह के 'ट्रांजिट रूट' हैं। भारतीय कंपनियां इनका लाभ उठा सकती हैं, जिसका सीधा मतलब है कि व्यापार पूर्ववत होता रहेगा। अमेरिका के लिए इस तरह के रास्ते कई देश पहले ही ढूंढ़ चुके हैं।

कुल मिलाकर, अमेरिका के हालिया कदम से बहुत घबराने की जरूरत नहीं है। यकीनन, वह हमारा बड़ा साझेदार बना रहेगा और हमारी अर्थव्यवस्था भी अपनी गति आगे बढ़ती रहेगी। हां, कुछ उत्पादों पर असर पड़ सकता है, लेकिन कंपनियों के दीर्घकालिक हितों को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# एआई से हमें बहुत फायदा होगा या भारी नुकसान




प्रांजल शर्मा | डिजिटल नीति विशेषज्ञ

मानव सभ्यता की विकास यात्रा में कई अहम मोड़ आए हैं। इन सभी मोड़ों से इंसान को जोखिम और फायदे, दोनों ही मिले। कुछ ने तो सभ्यता का रुख ही बदल डाला। आग और विद्युत की खोज ऐसी ही मोड़ थी। आज मानव समाज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इतना विकसित हो गया है कि यह हमारी तरक्की में मदद कर सकता है या हमारे भविष्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

हालांकि, आग, बिजली और एआई में बड़ा फर्क है। एआई में इंसानी दखल के बिना फैसले लेने, राय बनाने और काम शुरू करने की क्षमता विकसित हो रही है। यह क्षमता इसे एक शानदार, मगर खतरनाक तकनीक बनाती है। एआई पहले से ही हमारे ईमेल, रिसर्च और कारोबारी-निजी फैसलों को प्रभावित कर रहा है। जैसे, किस रेस्टोरेंट में खाना है, कौन से कपड़े खरीदने हैं, कौन सी फिल्म देखनी है, यहां तक कि निजी रिश्तों को कैसे संभालना है, इसके सुझाव भी वही दे रहा है। ऐसे में, अगर वह इंसानी नियंत्रण, या दिशा-निर्देश के बिना कोई कदम उठाने लगे, तो दुनिया भर में अफरा-तफरी और तबाही मच सकती है। एंथ्रोपिक (एआई कंपनी) के पूर्व रिसर्चर जैकब कॉक्सन द्वारा दी गई एक गंभीर चेतावनी ने इस संदर्भ में जोरदार बहस छेड़ दी है। कॉक्सन का कहना है कि 'एआई लैब सुपर इंटेलिजेंस बनाने की होड़ में हमारी जिंदगी के साथ जुआ खेल रही हैं, क्योंकि इनको यकीन है कि इस दशक के अंत तक एआई सबको खत्म कर सकता है।' कॉक्सन की यह चेतावनी बहुत अहम मोड़ पर आई है। एआई क्षेत्र की बड़ी हस्तियां अब इस बात पर सहमत हो रही हैं कि फ्रंटियर एआई के विकास की रफ्तार को शायद नियंत्रित करने की जरूरत है, ताकि सुरक्षा उपाय उसके साथ-साथ हो सकें।

**बहस का बिंदु यह है कि क्या इसके नुकसान संभावित फायदों से ज्यादा होंगे और समाज को इन खतरों को कैसे संभालना चाहिए?**

एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने *वी मस्ट पेस द फ्रंटियर* शीर्षक लेख में लिखा है : 'इसमें दांव बहुत ऊंचे हैं, इसलिए रफ्तार को नियंत्रित करने की प्रक्रिया के मामले में हमें समझदारी दिखानी चाहिए।' ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी इसका समर्थन करते हुए कहा है कि अमेरिका में प्रतिस्पर्द्धा का दबाव कितना भी क्यों न हो, इसमें लापरवाही को सही नहीं ठहराया जा सकता और न ही ऐसा होना चाहिए कि एआई क्षमताएं 'अलाइनमेंट' और निगरानी से आगे निकल जाएं।' टेस्ला के एलन मस्क और गूगल डीपमाइंड के प्रमुख डेमिस हसाबिस ने भी अमोदेई का समर्थन किया। हालांकि, कुछ टेक विशेषज्ञों का मानना है कि ये आशंकाएं बढ़ा-चढ़ाकर बताई जा रही हैं।

बहरहाल, एआई के खतरों पर बहस आज की सबसे अहम चर्चाओं में से एक बन गई है। इस बहस का मुख्य बिंदु यह है कि क्या इसके नुकसान संभावित फायदों से ज्यादा होंगे और समाज को इन खतरों को कैसे संभालना चाहिए? इसके कुछ बड़े खतरे पहले से मौजूद हैं। मसलन, गलत जानकारी का फैलना, एल्गोरिदम में पक्षपात, निजता का उल्लंघन, साइबर हमले और ऑटोमेशन की वजह से रोजगार का छिनना आदि। आलोचकों का कहना है कि अगर एआई सिस्टम को पक्षपाती डाटा पर प्रशिक्षित किया जाए, तो वे मौजूदा सामाजिक विषमताओं को और बढ़ा सकते हैं। उन्नत एआई टूल ऐसी नकली सामग्रियां बना सकती हैं, जिससे लोगों के लिए सच और झूठ के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाएगा।

कुछ रिसर्चरों का तर्क है कि बहुत उन्नत एआई ऐसे लक्ष्य अपना सकते हैं, जो इंसानी मूल्यों के अनुरूप न हों, जिससे वैश्विक स्तर पर खतरे पैदा हो सकते हैं। उनकी दलील है कि टेक्नोलॉजी को एक साधन होना चाहिए, न कि निर्णायक शक्ति। सरकारों व समाज को टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करने में सक्षम होना चाहिए, न कि उनके अधीन हो जाना चाहिए।

जाहिर है, टेक्नोलॉजी कैसे काम करती है, इसे समझना तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। बेहतर डिजिटल साक्षरता लोगों को गलत सूचनाओं, एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रहों की निगरानी में मदद करती है। ऐसे में, एक जागरूक जनता स्वचालित प्रणालियों द्वारा लिए गए फैसलों पर सवाल उठाने और रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा आदि महत्वपूर्ण पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगने के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# संपूर्ण संतोष मिलेगा

आपको विशाल साम्राज्य का आधिपत्य मिल जाए, तब भी मन में एक अतृप्ति रहेगी, क्या आपने इसे महसूस किया है? चाहे कुछ भी मिले, और थोड़ा... और कुछ... की हवस आग की तरह अंदर धधकती रहेगी, आपने इस पर गौर किया है? ऐसा क्यों होता है?

माप में आने वाली कोई भी वस्तु आपको दी जाए, संतोष मिलने वाला नहीं। असल में, आपकी तड़प, मिलने वाली सभी वस्तुओं पर कब्जा करने की नहीं है। तो फिर? अनंत सृष्टि का हिस्सा होकर भी आप अपनी चाहत को नाहक एक छोटे दायरे में सीमित करने में लगे थे, यह इसी का परिणाम है। विकसित होते-होते असीम के साथ मिल जाने की तड़प के कारण ही आपकी इच्छा संपूर्ण संतोष पाए बिना कुछ कमी महसूस करती रहती है। इस बुनियादी सत्य को अच्छे से समझ लें, तो दुख की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

यह विश्व और आप एक ही हैं। इस तथ्य का प्रत्यक्ष अनुभव होते ही इच्छा फौरन अपनी तड़प छोड़ देगी। उसके बाद, इच्छा बाहर से आकर जोर डालने वाली चीज न होकर आंतरिक कामना बनकर रहेगी। तब इच्छा आपको संचालित नहीं करेगी, आप इच्छा का संचालन करेंगे। कैसे? आप जो भी काम करेंगे, उसमें इस तरह तल्लीन हो जाएंगे, मानो वही कार्य आपका संपूर्ण जीवन हो। जब काम का खेल समाप्त हो जाएगा, तो उसके प्रति इच्छा को समेटकर रख भी देंगे। आनंद की अभिव्यक्ति के रूप में इच्छा को पालकर गौर कीजिए। दुख की कहीं गुंजाइश नहीं रहेगी। आपकी प्रसन्नता, परिणाम में मिलने वाली सफलता या हार पर निर्भर नहीं रहेगी।

संपूर्ण जागरूकता के साथ जीना शुरू करेंगे, तो किसी भी वस्तु के स्वामित्व का अभिमान छोड़कर यही अनुभव करेंगे, सब कुछ मैं ही तो हूं। इच्छा का यूं विकास होते-होते पूरे विश्व को अपने अंदर समा लेने का क्षण आ जाएगा, तब आप परमानंद का स्वाद लेंगे। तथागत बुद्ध को जो ज्ञान मिला, वह यहां रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए साध्य है।

मुझसे कुछ लोग यही पूछते हैं, क्या आप ईश्वर द्वारा चुने गए हैं? किस तरह आपका चयन हुआ? पूर्व जन्म के पुण्य से या केवल भाग्य से? सुनकर मुझे हंसी आ जाती है। मैंने कभी यह सोचा ही नहीं कि मैं ईश्वर द्वारा चुना गया हूं। जो लोग यह दावा करते हैं कि वे ईश्वर द्वारा चुने गए हैं, वे अहंकार के शिखर पर रहते हैं। वास्तव में, जो लोग ईश्वर से दूर रहते हैं, वे दुखी रहते हैं।

**यह विश्व और आप एक ही हैं। इस तथ्य का प्रत्यक्ष अनुभव होते ही इच्छा फौरन अपनी तड़प छोड़ देगी। तब इच्छा आपको संचालित नहीं करेगी, आप इच्छा का संचालन करेंगे।**

यदि आपको सिखाया गया है कि ज्ञान पाना केवल चंद लोगों के लिए संभव है, तो इससे बड़ा झूठ और कोई हो ही नहीं सकता। मानव जन्म पाए प्रत्येक व्यक्ति को इस महान सत्य का अनुभव करने का अवसर दिया गया है। अगर मेरे लिए संभव है, तो आपके लिए भी संभव है।

सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव

कमला हैरिस | पूर्व उप-राष्ट्रपति, अमेरिका



**एआई के फायदे को खोए बिना बहुत सारे विशेषज्ञों की चेतावनियों पर ध्यान देना और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करना जरूरी है। यह मुमकिन भी है। समय तेजी से बीत रहा है; ट्रंप प्रशासन को जल्द कदम उठाने चाहिए।**

## अनुलोम-विलोम
### यूपीआई पर शुल्क




# फिर से लौट आएगी नकद व्यवस्था

आगामी 15 अक्तूबर से 2,000 रुपये से अधिक के कारोबारी यूपीआई भुगतान (खरीदार से दुकानदार को किए जाने वाले भुगतान) पर 0.4 प्रतिशत तक का 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लगाने संबंधी निर्देश ने आम लोगों को चिंतित कर दिया है। हालांकि, व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान पहले की तरह निःशुल्क रहेंगे और छोटे व्यापारियों को भी छूट मिलेगी, पर यह आशंका निराधार नहीं है कि अब नकद व्यवस्था फिर से लौट सकती है, जो यूपीआई के शुरू होने के साथ बहुत कम रह गई थी।

यह सही है कि पिछले छह वर्षों में भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान तंत्र खड़ा किया है। चाय दुकान से लेकर मॉल तक 'स्कैन ऐंड पे' सामान्य व्यवहार बन चुका है, पर आर्थिक सिद्धांत यही कहता है कि जब किसी भुगतान माध्यम की लागत बढ़ती है, तो बाजार कम लागत वाले विकल्प की ओर झुकता है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह शुल्क व्यापारी पर लगेगा, उपभोक्ता पर नहीं, लेकिन सच यही है कि व्यापारी अक्सर इस तरह के शुल्क को वस्तुओं की कीमत बढ़ाकर या छूट खत्म करके परोक्ष रूप से ग्राहकों से ही वसूलते हैं। जैसे, यदि कोई सामान दुकानदार 50,000 रुपये में बेचता है और ग्राहक इसका यूपीआई से भुगतान करता है, तो करीब 200 रुपया बतौर एमडीआर दुकानदार पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे बचने के लिए वह ग्राहक पर नकद देने का दबाव बना सकता है। इसकी आशंका इसलिए भी है, क्योंकि भारत में नकद व्यवस्था पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि अर्थव्यवस्था में प्रचलित मुद्रा, यानी सर्कुलर में मौजूद करेंसी अब भी ज्यादा है। यानी, डिजिटल भुगतान बढ़ने के बावजूद लोग बचत, शादी, छोटे व्यापार और अनौपचारिक लेन-देन में नकद का ही उपयोग करते हैं। इसलिए उनको फिर से पूर्णतः नकद लेन-देन की ओर मुड़ने में मुश्किल नहीं आएगी।

दूसरा पक्ष मनोवैज्ञानिक है। यूपीआई की सबसे बड़ी ताकत उसकी 'शून्य लागत' रही है। जैसे ही एमडीआर शुल्क की चर्चा शुरू हुई, सोशल मीडिया पर व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिली कि कहीं यह धीरे-धीरे सभी भुगतानों पर लागू न हो जाए। भरोसा किसी भी भुगतान प्रणाली की सबसे बड़ी पूंजी है; यदि उपभोक्ता को लगेगा कि डिजिटल भुगतान महंगा होता जा रहा है, तो वह नकद को चुन सकता है। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि नया प्रावधान नकदी की वापसी करा सकता है। ऐसे प्रावधानों से बचने की जरूरत थी। इससे आम लोगों की ही जेब हल्की होगी।

दीक्षा कुमारी, टिप्पणीकार

# डिजिटल लेन-देन पर फर्क नहीं पड़ेगा

यूपीआई के नए प्रावधान को लेकर बेजा चिंताएं जताई जा रही हैं। यह डिजिटल भुगतान के मॉडल को टिकाऊ बनाने की कोशिश है, न कि नकद-व्यवस्था को लाने का प्रयास। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि व्यक्ति से व्यक्ति भुगतान पूर्व की तरह ही मुफ्त रहेंगे और छोटे व्यापारी भी कमोबेश एमडीआर से बचे ही रहेंगे।

एमडीआर की किसी भी आलोचना से पहले नए प्रावधानों की पड़ताल जरूर कर लेनी चाहिए। तथ्य यही है कि देश में हर महीने करीब 25 अरब यूपीआई लेन-देन हो रहे हैं और कुल डिजिटल भुगतान में लगभग 85 फीसदी योगदान यूपीआई का है। इतनी विशाल व्यवस्था का संचालन बैंक, फिनटेक कंपनियां, साइबर सुरक्षा नेटवर्क और डाटा ढांचा करते हैं, जिनकी लागत लगातार बढ़ रही है। एमडीआर की नई व्यवस्था लागत पाटने में कंपनियों को मदद करेगी। गौरतलब यह भी है कि नया शुल्क केवल 2,000 रुपये से ऊपर के कारोबारी भुगतान पर लागू होगा। यदि कोई व्यक्ति अपने मित्र, परिवार या किसी अन्य व्यक्ति को 50,000 रुपये भी भेजता है, तो उस पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। यानी, आम नागरिक पर कोई अतिरिक्त भार नहीं डाला गया है। दूसरा तर्क सुविधा का है। डिजिटल भुगतान केवल सस्ता नहीं, बल्कि तेज व सुरक्षित भी है। आज बिजली बिल, रेलवे टिकट, अस्पताल शुल्क, टैक्सी, किराना और सरकारी सेवाएं यूपीआई से जुड़ी हैं। उपभोक्ता केवल एक या दो प्रतिशत संभावित मूल्य-अंतर के लिए फिर से नकद रखने, छुट्टे खोजने और एटीएम जाने की आदत आसानी से शायद ही अपनाएगा। अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही बताता है। यूरोप और एशिया के अनेक देशों में कार्ड और डिजिटल भुगतान पर एमडीआर वर्षों से लागू है, फिर भी डिजिटल भुगतान का उपयोग लगातार बढ़ा है। कारण यह है कि लोग सुविधा को सिर्फ शुल्क से नहीं तौलते; उनके लिए समय और सुरक्षा उतना ही महत्वपूर्ण है।

सरकार ने छोटे व्यापारियों को छूट देकर यह संकेत दिया है कि सड़क किनारे दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। साथ ही नियम यह भी कहता है कि एमडीआर सीधे ग्राहक से वसूल नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर, बहस 'नकद बनाम डिजिटल अर्थव्यवस्था' की नहीं, बल्कि 'मुफ्त डिजिटल सेवा बनाम टिकाऊ डिजिटल ढांचे' की है। यदि भुगतान प्रणाली को लंबे समय तक सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय रखना है, तो उसमें निवेश के नए रास्ते खोजने ही होंगे। इसलिए नए प्रावधान से नकद व्यवस्था की वापसी नहीं होगी, बल्कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और अधिक परिपक्व हो जाएगी।

अमित कुमार, टिप्पणीकार

# अगर अचानक धुंधला-सा दिखने लगे

**बैठे या लेटे रहने के बाद अचानक उठते ही कुछ पल के लिए आंखों के आगे अंधेरा छाना एक आम अनुभव होता जा रहा है। अक्सर इसे कमजोरी मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। अगर धुंधला दिखना, चक्कर या बेहोशी की स्थिति बार-बार हो रही हो, तो यह शरीर में पनप रही किसी समस्या का संकेत हो सकता है, बता रही हैं शमीम खान**



आपके साथ क्या कभी ऐसा हुआ है कि चलते-फिरते या अचानक उठते समय कुछ पलों के लिए आंखों के सामने अंधेरा छा गया हो और फिर कुछ ही सेकंड बाद आप सामान्य हो गए हों। अमेरिका की सरकारी रिसर्च संस्थान नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के आंकड़ों के अनुसार, पचास प्रतिशत से अधिक लोग जीवन में एक या अधिक बार ऐसे अनुभव से गुजरे हैं। कभी-कभार यह स्थिति स्वस्थ लोगों में भी दिख जाती है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, आंखों के सामने अंधेरा छाने के 80 प्रतिशत मामले सामान्य कारणों से होते हैं, जबकि 20 प्रतिशत मामलों के पीछे कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या छिपी होती है।

कुछ पलों के लिए आंखों के सामने अंधेरा छाना एक चिकित्सीय स्थिति है। इसके सामान्य से लेकर गंभीर कारण हो सकते हैं। आमतौर पर, जब मस्तिष्क तक पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं पहुंचता, तब ऐसा होता है। अगर यह स्थिति कुछ सेकंड्स से अधिक समय तक बनी रहती है, तो पीड़ित का सिर घूमने लगता है, दिल की धड़कनें तेज हो जाती है और वह बेहोश होकर गिर सकता है।

## इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी भी वजह

जब शरीर में सोडियम, पोटैशियम व मैग्नीशियम जैसे खनिज की कमी हो जाती है, तो इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाता है। ज्यादा पसीना, उल्टी-दस्त, पानी की कमी और कुछ दवाओं के असर से ऐसा हो सकता है। गंभीर स्थिति में धड़कन अनियमित और बेहोशी हो सकती है।

इसके अलावा शरीर में खून की कमी होने या बवासीर आदि की स्थिति में अधिक खून बहने पर भी शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति ढंग से नहीं होती। इस कारण अचानक धुंधला दिखना व चक्कर की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। रक्तचाप में कमी, अधिक शराब पीना या बीपी, डिप्रेशन, हृदय रोगों व पेशाब बढ़ाने वाली कुछ दवाओं के असर से ऐसा हो सकता है।

**ये हो सकते हैं गंभीर कारण :**

- **मिनी स्ट्रोक :** इसे ट्रांजिएंट इस्कीमिक अटैक भी कहते हैं। यह तब होता है, जब आंखों को खून पहुंचाने वाली धमनी में थक्का अटकने से कोई रुकावट आ जाती है। यह स्थिति अक्सर कुछ मिनटों में ही ठीक हो जाती है, पर इसे भविष्य के लिए चेतावनी के तौर पर लेना चाहिए।

**हृदय रोग :** हृदय से जुड़ी समस्याओं जैसे एरिदमिया (अनियमित धड़कन), हृदय के वाल्व की बीमारी और कार्डियोमायोपैथी होने पर भी आंखों के सामने अंधेरा छा सकता है।

**लो ब्लड शुगर :** इसे हाइपोग्लाइसीमिया भी कहते हैं। यह स्थिति अक्सर डायबिटीज के मरीजों में देखने को मिलती है।

**माइग्रेन :** कई लोगों में माइग्रेन का ऑरा शुरू होने से पहले आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है। यह आमतौर पर कुछ मिनटों तक रहता है और फिर धीरे-धीरे सामान्य दृष्टि लौट आती है।

## अचानक खड़े होने पर अंधेरा छाए

यह अनुभव खासतौर पर लंबे समय तक बैठे या लेटे रहने के बाद अचानक खड़े होने पर होता है। इसे ऑर्थोस्टेटिक हाइपोटेंशन कहा जाता है। अचानक खड़े होने पर गुरुत्वाकर्षण के कारण शरीर के निचले हिस्से में कुछ मात्रा में रक्त जमा हो जाता है। सामान्य स्थिति में शरीर तुरंत इसकी भरपाई कर लेता है, पर कुछ लोगों में यह प्रतिक्रिया थोड़ी देर से होती है। इससे रक्तचाप गिर सकता है और आंखों के सामने अंधेरा छा सकता है। अगर ऐसा बार-बार हो तो जांच जरूरी है। खासकर, बुजुर्गों में यह दिल, दिमाग व तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या हो सकती है।

**35** फीसदी लोग, जीवन में एक या अधिक बार बेहोशी का सामना करते हैं, 35 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों पर हुए एक अध्ययन में। ऐसे में बेहोशी से पहले आंखों के आगे अंधेरा छाने व चक्कर जैसे लक्षण देखे गए।

**25** फीसदी से अधिक बुजुर्गों में ऑर्थोस्टैटिक हाइपोटेंशन के मामले देखे जाते हैं। ऐसे में अचानक खड़े होने पर रक्तचाप गिरने से आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है। बीपी व शुगर की दवाओं के कारण ऐसा होता है।

## स्थिति की गंभीरता समझें

- **सामान्य स्थिति :** किसी स्पष्ट वजह से आंखों के आगे अंधेरा छाए। कुछ सेकंड में ठीक हो जाए। कोई दूसरा गंभीर लक्षण न हो।
- **डॉक्टर से सलाह करें :** समस्या बार-बार हो। कोई नई दवा शुरू करने के बाद ऐसा हो रहा हो। धड़कनें तेज हो जाती हैं।
- **तुरंत चिकित्सा मदद लें :** बेहोशी आ जाए। सीने में दर्द या सांस लेने में परेशानी हो। बोलने में दिक्कत हो। चेहरे, हाथ-पैर में सुन्न होने का एहसास हो। अचानक दिखना कम हो जाए। बहुत तेज सिरदर्द व चक्कर आने लगे।

## अचानक ऐसा हो, तो क्या करें

- **तुरंत बैठें या लेट जाएं :** गिरने से बचें। लक्षण ठीक होने के बाद भी धीरे-धीरे उठें।
- **पानी और ओआरएस लें :** गर्मी, ज्यादा पसीना या उल्टी-दस्त के कारण ऐसा हो, तो इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन के लिए पानी या ओआरएस लें।
- **लो शुगर :** पूरी तरह होश में हों, तो ब्लड शुगर जांचें और जरूरत के अनुसार तुरंत शर्करा लें।
- **ठंडा पानी :** एक गिलास पानी पीना कुछ स्थितियों में मदद कर सकता है, इससे शरीर को रिलैक्स करने वाले हार्मोन का स्राव होता है, लेकिन इसे हर तरह के चक्कर का इलाज न मानें।

## जब मरीज बेहोश हो जाए

बेहोशी में व्यक्ति कुछ समय के लिए होश खो देता है और सामान्य प्रतिक्रिया नहीं करता। कई बार यह वैसोवेगल सिंकोप जैसी सामान्य प्रतिक्रिया के कारण हो सकता है। लंबे समय तक खड़े रहना, डर, तेज दर्द, भावनात्मक तनाव, गर्मी या अचानक खड़े होने जैसे कारण इसमें भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, बेहोशी हृदय की गंभीर बीमारी, अनियमित धड़कन या तंत्रिका तंत्र संबंधी आपातस्थितियों में भी हो सकती है, इसलिए अचानक बेहोश हो जाना या व्यायाम के दौरान हुई बेहोशी को हमेशा गंभीरता से लें।

## क्या करें, क्या न करें

- सबसे पहले बेहोश व्यक्ति की प्रतिक्रिया देखें। यह जांचें कि सांस सामान्य चल रही है या नहीं। अगर सांस सामान्य नहीं है या उल्टी आ रही हो, तो तुरंत अस्पताल जाएं।
- अगर आप प्रशिक्षित हैं, तो सीपीआर शुरू करें। अगर सांस सामान्य है, तो मरीज को सुरक्षित जगह पर ले जाएं। पूरी तरह होश में आने तक अकेला न छोड़ें।
- बेहोश व्यक्ति को पानी या कोई पेय न पिलाएं
- उसे तुरंत उठाकर बैठाने या खड़ा करने की कोशिश न करें।
- मुंह में हाथ या कोई चीज न डालें।

**विशेषज्ञ :** डॉ. ए. के. झिंगन, सीनियर डायरेक्टर, इंटरनल मेडिसिन, बीएलके मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली।
डॉ. सुषमा शर्मा, प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

## बचाव के लिए छोटी-छोटी सावधानियां

- लंबे समय तक खाली पेट न रहें
- पर्याप्त पानी पिएं, खासकर गर्मी और व्यायाम के दौरान
- लंबे समय तक बैठने या लेटने के बाद धीरे-धीरे उठें
- बहुत गर्म जगह में लंबे समय तक खड़े रहने से बचें
- पर्याप्त नींद लें
- शराब का सेवन न करें
- रक्तचाप या डायबिटीज की दवाएं खुद से बंद या कम न करें
- बार-बार समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह लें।

---

**सवाल-जवाब**

## मिर्गी की दवाएं बिना सलाह बंद न करें

**■ सवाल : मैं लगभग दस साल से मिर्गी की दवा ले रहा हूं। मुझे चिंता होती है कि लंबे समय तक यह दवा लेने से शरीर पर इसके क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं? क्या इस बिमारी का इलाज संभव है?**

**जवाब :** मिर्गी की लगातार दवा लेने से मिर्गी के दौर कम हो जाते हैं और अगर 3 साल तक कोई दौरा न पड़े, तो दवाएं बंद भी कर सकते हैं। मिर्गी के दौरे पड़ते रहना, मिर्गी की दवा लेने से कहीं अधिक नुकसान पहुंचाता है। आप लगातार डॉक्टर को दिखाते रहें। समय-समय पर रक्त और दूसरी जांच के जरिये वे आपकी सेहत पर बेहतर निगरानी कर सकते हैं।



**डॉ. जुगल किशोर**
निदेशक, प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन, सफदरजंग हॉस्पिटल, नई दिल्ली

**■ सवाल : मुझे सिर के पिछले हिस्से में लगातार दर्द रहता है। मुझे क्या करना चाहिए? किस तरह का उपचार और दवाएं मुझे लेनी चाहिए**

**जवाब :** सिर के पिछले हिस्से में दर्द होने का कारण नजर कमजोर होना या हाई ब्लड प्रेशर हो सकता है। आप अपने डॉक्टर से मिलें, वे अन्य लक्षण के आधार पर एक्स-रे या एमआरआई करवा सकते हैं। अपने आप दर्द की दवाएं खाते न रहें। यह दिमाग से जुड़ी कोई समस्या भी हो सकती है, इसका पता लगाना जरूरी है।

**■ सवाल : मेरी उम्र 71 वर्ष है, जब भी रात को या दिन में सोता हूं, तो मेरे मुंह से लार गिरती है। कई बार पेट के कीड़ों को मारने की दवा भी खा चुका हूं, कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे क्या करना चाहिए?**

**जवाब :** सोते समय मुंह से लार गिरना कई कारणों से हो सकता है। यह केवल पेट के कीड़ों की वजह से नहीं होता, इसलिए बिना सलाह के कीड़ों की दवा दोबारा न लें। पहले दांत और मसूड़ों की जांच के लिए डेंटिस्ट को दिखाएं। अगर समस्या बनी रहती है या खाना-पानी निगलने में परेशानी, खांसी, आवाज में बदलाव जैसी शिकायत भी है, तो फिजिशियन या ईएनटी विशेषज्ञ से जांच कराएं। सोते समय मुंह खुला रहना, करवट लेकर सोना या लार निगलने में दिक्कत होने पर भी ऐसा होता है।

**भेजें अपने सवाल**

सेहत से जुड़े सवाल **tanmanhindustan@gmail.com** पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं- **तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301**

---



## पकड़ कमजोर होने के शुरुआती संकेत

सर्वाइकल मायलोपैथी का शुरुआती संकेत हाथों की पकड़ और काम करने की कुशलता में कमी आना होता है। ऐसे में हाथ से चीजें बार-बार छूटना, मोबाइल पर टाइप करने, लिखने या बटन लगाने में परेशानी होने लगती है। इसके साथ उंगलियों, हाथों या बाजुओं में कमजोरी, झनझनाहट और सुन्न होने का एहसास होता है।

# क्या हाथ से बार-बार छूटने लगा है फोन?

**बार-बार हाथ से वस्तुएं छूटना सर्वाइकल मायलोपैथी का संकेत हो सकता है। यह स्थिति गर्दन की नस पर दबाव पड़ने के कारण पैदा होती है। इस कारण हाथ-पैर में कमजोरी भी महसूस होती है।**

कभी-कभार हाथ से फोन या कोई दूसरी चीज छूट जाना सामान्य है। अगर ऐसा बार-बार होने लगे, बटन लगाने, चाबी घुमाने या लिखने में परेशानी हो या हाथों की पकड़ पहले जैसी न रहे, तो इसे केवल लापरवाही या उम्र का असर मानकर नजरअंदाज न करें। पकड़ कमजोर होने के साथ अगर हाथ-पैर सुन्न होते हैं, उनमें झनझनाहट, कमजोरी या चलने में परेशानी हो रही है, तो डॉक्टरी जांच जरूरी है। रीढ़ की नसों पर दबाव पड़ने के कारण ऐसा हो सकता है।

## क्या है सर्वाइकल मायलोपैथी?

स्पाइन स्पेशलिस्ट डॉ. हितेश गर्ग के अनुसार, रीढ़ के ऊपरी हिस्से यानी गर्दन की स्पाइनल कॉर्ड पर दबाव पड़ने की स्थिति को सर्वाइकल मायलोपैथी कहा जाता है। रीढ़ की हड्डी मस्तिष्क और शरीर के अलग-अलग हिस्सों के बीच संदेश पहुंचाने का काम करती है। इस पर दबाव पड़ने से हाथ-पैरों की हरकत, संवेदना व संतुलन प्रभावित हो सकता है। यह समस्या अक्सर उम्र बढ़ने के साथ रीढ़ में होने वाले बदलावों के कारण होती है। गठिया, हड्डियों में अतिरिक्त वृद्धि, नसों के आसपास के ऊतकों का मोटा होना या डिस्क का बाहर उभरना भी इसके कारण हो सकते हैं।

## कैसे होती है जांच?

डॉ. हितेश गर्ग के अनुसार, सबसे पहले डॉक्टर मरीज की पूरी जानकारी लेते हैं और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी जांच करते हैं। इसमें हाथ-पैर की ताकत, संवेदना, चाल और शरीर के संतुलन जैसी चीजों को देखा जाता है। इसके बाद जरूरत पड़ने पर गर्दन की एमआरआई कराई जा सकती है। इससे रीढ़ की हड्डी, नस पर दबाव, उसके आसपास की जगह और डिस्क की स्थिति को देखा जाता है। इलाज समस्या के कारण और उसकी गंभीरता पर निर्भर करता है। कुछ लोगों में दवा, नियमित निगरानी, फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा सुझाए गए व्यायाम या बिना ऑपरेशन के इलाज पर्याप्त हो सकता है। लेकिन अगर रीढ़ की हड्डी पर दबाव काफी ज्यादा हो, तो ऑपरेशन की जरूरत पड़ सकती है। यह समझें कि लंबे समय तक इसकी अनदेखी करने पर नसों में स्थायी नुकसान भी हो सकता है।

## चाल के बदलाव पर भी दें ध्यान

सर्वाइकल मायलोपैथी का असर चाल पर भी पड़ सकता है। पैर भारी या अकड़े हुए लग सकते हैं। व्यक्ति बार-बार ठोकर खा सकता है या चलते समय दीवार या किसी सहारे को पकड़ने की जरूरत महसूस हो सकती है। इस स्थिति में गर्दन में अकड़न भी रह सकती है। हालांकि, हर व्यक्ति को गर्दन में दर्द या अकड़न की शिकायत हो, यह जरूरी नहीं है।

# त्वचा के इन बदलावों को नजरअंदाज न करें

**कभी-कभार मुहांसे, खुजली या चकत्ते होना सामान्य है। अगर ये समस्याएं बार-बार हों या लंबे समय तक ठीक न हों, तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें। त्वचा में अचानक आने वाले बदलाव किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकते हैं।**

- **बार-बार मुहांसे होना :** दर्दनाक और सूजे हुए मुंहासे बार-बार होने पर त्वचा पर निशान छोड़ सकते हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. चित्रा के अनुसार बार-बार ऐसा होने से त्वचा का रंग भी काला पड़ सकता है।
- **त्वचा पर चकत्ते :** ये एक्जिमा, सोरायसिस, फंगल संक्रमण या किसी अन्य त्वचा रोग का संकेत हो सकते हैं। सूजन, दर्द या बुखार हो, तो डॉक्टर को दिखाएं।
- **अचानक बाल झड़ना :** डॉ. चित्रा के अनुसार, तनाव या बीमारी के अलावा पोषक तत्वों की कमी, हार्मोन असंतुलन और ऑटोइम्यून समस्याओं में भी तेजी से बाल झड़ते हैं।
- **लगातार काले दाग :** त्वचा पर काले दाग कई कारणों से हो सकते हैं। इनका इलाज भी अलग-अलग होता है। कारण जाने बिना कोई क्रीम न लगाएं।
- **जलन या चुभन :** त्वचा में लगातार जलन, लालिमा या रूखापन त्वचा की अंदरूनी सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचने का संकेत हो सकता है। आमतौर पर ऐसा त्वचा पर किसी हानिकारक उत्पाद के इस्तेमाल से होता है।

---

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों से बेकार के वाद-विवाद से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय बढ़ेगी। विदेश जाने का योग है।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। यात्रा पर जा सकते हैं।

**कन्या :** संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिल सकता है। स्थान परिवर्तन होगा।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वाणी में मधुरता रहेगी। कारोबार के लिए पिता से धन मिल सकता है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु :** मन प्रसन्न तो रहेगा, परंतु फिर भी बातचीत में संयत रहें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि भी होगी।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**मीन :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र भी बढ़ेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

18 सितंबर, शुक्रवार, **शक संवत्** : 27 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 02 आश्विन मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 06 रबि-उल्सानी, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद शुक्ल सप्तमी तिथि दोपहर 01.02 मिनट तक पश्चात अष्टमी तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 10.45 बजे तक पश्चात, वणिज करण, चंद्रमा वृश्चिक राशि में रात्रि 10.45 बजे तक उपरांत धनु राशि में।

**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। भद्रा दोपहर 01.02 मिनट से रात्रि 02.15 मिनट तक। श्री महालक्ष्मी व्रत प्रारंभ। गंडमूल विचार।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**अगर नया वाहन खरीदें, तो शुभता के लिए अपनाएं ये वास्तु उपाय :**

- वाहन मंगलवार एवं शनिवार को नहीं खरीदना चाहिए।
- जब नया वाहन लाएं, तो उस पर गंगाजल के छीटें लगाएं।
- हनुमानजी के चरणों का सिंदूर लेकर उससे वाहन पर स्वास्तिक बनाएं।
- एक नारियल लेकर उसको वाहन के ऊपर से सात बार घुमाकर वाहन के आगे फोड़ दें। उस नारियल का जल वाहन पर सब ओर छिड़कें।
- वाहन को शोरूम से लेकर पहले घर न जाकर सीधे मंदिर या किसी धार्मिक स्थल पर जाएं। एक लाल चुनरी लेकर वाहन के स्टीयरिंग पर बांध दें।

### वर्ग पहेली : 8455



**ऊपर से नीचे**
1. मनौती मानना (3,3)
2. एक दल छोड़कर दूसरे में जाने का कार्य (5)
3. एक-एक रग; दनस नस; प्रत्येक नस; सारा शरीर (2,2)
4. धारण कराना; पहनने में सहायता करना (4)
8. कनकनाने का भाव; कनकनापन; चिड़चिड़ाहट (6)
11. डाह करना; बराबरी करना; स्पर्धा करना (2,3)
13. धीरे-धीरे मलना; हाथ फेरना; गुदगुदाना; खुजलाना (4)
14. बरतन का ऊपरी भाग; गला; ग्रीवा (4)

**बाएं से दाएं**
1. मदद देना; सहायता करना; सहारा देना (3,3)
5. हरे रंग का; हरित; ताजा; प्रसन्न; प्रफुल्लित (2)
6. आद्र करना; गीला करना; तर करना; भिगोना (5,3)
7. घ्राणेंद्री; नासा; इज्जत; मान (2)
9. कुटैव; बुरी आदत; व्यसन (2)
10. अत्यंत रूपवती; पंखों वाली कल्पित सुंदर स्त्री; परम सुंदरी (2)
12. नाक से सुरकी जाने वाली औषध; सुंघनी (2)
15. अंतरित करना; नाम करना; संपत्ति देना (5,3)
16. दरवाजा बंद करने की कल; कुलुफ; जंदरा (2)
17. हवा बहने का शब्द; खौलते पानी का स्वर; सन-सन की आवाज (6)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8454

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छ | ■ | 2 पा | ■ | 3 बा | 4 त | र | 5 ख | ना |
| 6 वि | त | रि | त | ■ | ह | ■ | ट | ■ |
| ब | ■ | वा | ■ | 7 र | सी | ला | प | न |
| 8 ना | ग | रि | 9 क | ■ | ल | ■ | ट | ■ |
| ना | ■ | 10 क | मा | नी | दा | 11 र | ■ | 12 म |
| ■ | 13 क | ■ | ई | ■ | 14 र | म | क | ना |
| 15 क | म | ला | क | र | ■ | णी | ■ | क |
| ■ | सि | ■ | र | ■ | 16 आ | य | क | र |
| 17 म | न | ब | ना | ना | ■ | ता | ■ | ना |

### सुडोकू : 8409

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 4 | | |
| 1 | | | | | | 8 | | |
| | | 4 | | 6 | 9 | | | |
| 8 | | | | 4 | | | 1 | 2 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 4 | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | 1 | | |
| | | 1 | | | | | | 5 |
| | | 6 | 5 | | | | 8 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8408

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 |
| 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 | 9 | 6 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 |

## प्रेरणा

प्रतिभा शुरुआत करा सकती है, लेकिन अभ्यास ही उसे पूर्णता तक पहुंचाता है। **-माइकल जॉर्डन**

### संपादकीय

# अगर कृषि उत्पादन गिरा तो महंगाई रोकना कठिन होगा

**महाराष्ट्र** में सूखे के कारण किसानों ने खड़ी सोयाबीन पर ही ट्रैक्टर चला दिया, क्योंकि वे इसे बनाए रखने में आने वाली अतिरिक्त लागत का बोझ नहीं उठा सकते थे। दूसरी तरफ यूपी के बुंदेलखंड में अति-वृष्टि से दलहन काफी हद तक बर्बाद हो चुका है। यानी कहीं अति-वृष्टि है तो कहीं अनावृष्टि। खरीफ में खेती का रकबा भी घट गया है। इससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम और बढ़ेंगे। अल नीनो अपना दुष्प्रभाव दिखा रहा है। तभी तो खरीफ में खाद का काफी कम उठान हुआ है। किसान के पास खाद के लिए न तो पैसा है, और ना ही ये भरोसा है कि खाद में लगा पैसा फसल से वापस मिलेगा। देश की आबादी और करोड़ों पशुओं के चारे के लिए रोजाना क्रमशः 75 लाख और 25 लाख क्विंटल अनाज चाहिए। वर्तमान उत्पादन लगभग इस जरूरतभर का ही है। अक्टूबर में बैंक की मॉनिटरिंग पॉलिसी समिति की बैठक होने वाली है, जिसमें ब्याज दरें बढ़ाने पर फैसला लिया जा सकता है। रेपो-रेट में परिवर्तन भी सम्भव है। सरकार की कोशिश होगी कि महंगाई रोकने के लिए बाजार में पैसा कम छोड़े ताकि खपत पर अंकुश लगे। लेकिन रोजमर्रा की वस्तुओं की खरीद बढ़ाना एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहित करता है, जिससे रोजगार सृजन होता है। आरबीआई की कोशिश रहती है कि महंगाई को 4% से कम रखे, पर कृषि उत्पादन गिरा तो महंगाई रोकना मुश्किल होगा।

### जीने की राह

**पं. विजयशंकर मेहता**
humarehanuman@gmail.com



# हमारे युवा अंगद व अभिमन्यु की तरह निर्भय हों और संस्कारी रहें

**अनादिकाल** से संसार युवाओं में भविष्य देखता रहा है। संसारभर के युवा एक जैसे ही हैं। लेकिन भारत की युवा-अवस्था कुछ विशेष हो जाती है। क्योंकि, यहां संस्कार की सम्भावना अभी बनी हुई है। शिक्षा तो सारे संसार में पसर रही है। लेकिन शिक्षा के साथ संस्कार का आग्रह भारत के रज-रज और कण-कण में है। जो बात युवाओं के लिए विवेकानंद जी ने कही, उसी बात को स्वामी अवधेशानंद गिरी जी बढ़ाकर कहते हैं कि अब मानवता के भविष्य के प्राण युवा हैं। दुनिया की सबसे पहली युवा धर्म-संसद अंगद ने आयोजित की थी और वो भी रावण के दरबार में। काफी कुछ दृश्य आज भी ऐसा ही है। अंगद ने जो पैर ठोका था रावण की सभा में, उसकी धमक युवाओं को आज सुननी चाहिए। रामायण के अंगद और महाभारत के अभिमन्यु हमारे युवाओं के दो आदर्श प्रतीक हैं। अभिमन्यु कुछ अधूरे रह गए थे पर अंगद ने काम पूरा किया था। युवा संसद का उद्देश्य यही होना चाहिए कि हमारे युवा अंगद, अभिमन्यु की तरह निर्भय हों, संस्कारी रहें। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**दूरदृष्टि** • हर देश ने इसे अलग तरह से मैनेज किया है

# दक्षिण एशिया के कई देशों में बदलाव के स्वर उठ रहे हैं

### युवा-मन

**शशि थरूर**
पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद
office@tharoor.in



**बीते** पांच वर्षों में दक्षिण एशिया में युवाओं के नेतृत्व वाले 6 ऐसे सत्ता-विरोधी आंदोलन देखे गए हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य को बुनियादी रूप से बदला है। इन आंदोलनों में कई समानताएं थीं- सभी में युवा आकांक्षाओं की झलक थी, ये डिजिटल रूप से संगठित थे, आर्थिक निराशा और सत्ता-कुलीन वर्ग से मोहभंग दिखाई दिया था। लेकिन जिन राजनीतिक व्यवस्थाओं में ये आंदोलन हुए, उन्होंने इन असंतोषों को अलग-अलग तरीके से मैनेज किया। इसीलिए आंदोलनों के नतीजे भी अलग रहे।

इस कहानी की शुरुआत म्यांमार से होती है, जहां फरवरी 2021 में सेना ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को सत्ता से हटा दिया और व्यापक विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए। नई सत्ता ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई शुरू कर दी। लोकतंत्र की शांतिपूर्ण बहाली का रास्ता बंद हो जाने के बाद युवाओं के सामने सिविलियन डिफेंस फोर्स बनाने और जातीय सशस्त्र संगठनों के साथ मिलकर लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। नतीजतन, गृहयुद्ध छिड़ गया।

मार्च 2022 में श्रीलंका का अरागालया आंदोलन आर्थिक बदहाली से पैदा हुआ। पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो गया था, लंबे समय तक बिजली कटौती और आर्थिक दिवालिएपन की स्थिति ने राजपक्षे परिवार की सत्ता की वैधता खत्म कर दी। यह परिवार दो दशकों से देश की राजनीति पर हावी था। विरोध-प्रदर्शन पूरे द्वीप में फैल गए और आखिरकार प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन तक पर कब्जा कर लिया। लेकिन म्यांमार के विपरीत श्रीलंका में ज्यादा हिंसा नहीं हुई। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने दबाव में इस्तीफा दे दिया।

पाकिस्तान में मई 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद दंगे भड़क उठे थे। यह ऐसा मामला था, जिसमें एक लोकप्रिय नेता के पीछे एक जनवादी आंदोलन लामबंद होकर सेना के प्रभुत्व को चुनौती दे रहा था। जवाब में सेना तैनात की गई, इंटरनेट बंद कर दिया गया और विपक्ष के औपचारिक पार्टी स्ट्रक्चर को समाप्त कर दिया गया। बढ़ते राजनीतिक अलगाव की कीमत चुकाकर भी पाकिस्तान की 'हाइब्रिड' शासन-व्यवस्था को बचाया गया।

बांग्लादेश में जुलाई 2024 का विद्रोह इस बात का उदाहरण था कि किस तरह एक सीमित नीतिगत विवाद- सरकारी नौकरियों में कोटा-व्यवस्था के खिलाफ छात्रों का विरोध- जनांदोलन में बदल सकता है। शेख हसीना की निरंकुश सरकार के खिलाफ आंदोलन बढ़ा तो कर्फ्यू लगा दिया गया, सेना तैनात हुई और उल्लंघन करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए। लेकिन जब सेना ने भी आदेश मानने से इनकार कर दिया तो हसीना देश छोड़कर भाग गईं और अंतरिम सरकार के गठन का रास्ता खुल गया।

नेपाल में सितम्बर 2025 के विरोध-प्रदर्शनों का निशाना कोई एक नेता नहीं, बल्कि पूरा राजनीतिक वर्ग था, जो एक दशक से प्रधानमंत्री की कुर्सी को लेकर 'म्यूजिकल चेयर' खेल रहा था। जबकि दूसरी ओर, युवा बेरोजगारी और अवसरों की कमी से जूझ रहे थे। सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर लगाए बैन ने निराश जेन-जी को भड़का दिया। नेपाली युवाओं ने वीपीएन और दूसरे एप्स का इस्तेमाल करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए। सरकार ने इसे बलपूर्वक दबाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने भी जवाबी प्रतिरोध किया और अंततः संसदीय ढांचे को नष्ट किए

**राजनीतिक व्यवस्थाओं ने युवाओं के आंदोलनों को अलग-अलग तरीके से मैनेज किया है। इसीलिए आंदोलनों के नतीजे भी एक-दूसरे से काफी अलग रहे। लेकिन इन 6 देशों में से भारत की प्रतिक्रिया सबसे उल्लेखनीय रही थी।**

बिना राजनीतिक कुलीन वर्ग को सत्ता से बाहर कर दिया। 35 वर्षीय युवा को प्रधानमंत्री चुना गया।

और अंततः गत जुलाई में भारत में भी विद्यार्थियों के नेतृत्व वाले व्यापक विरोध-प्रदर्शन हुए। शुरुआत प्रवेश परीक्षाओं में पेपर-लीक के मसले से हुई और फिर रोजगारविहीन आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती बेचैन ने इसे व्यापक बना दिया। लेकिन भारत में इस आंदोलन ने संवैधानिक व्यवस्था के लिए खतरा बनने के बजाय उलटे उसकी मजबूती को ही प्रदर्शित किया। सरकार ने अहम रियायतें दीं, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार किया और प्रशासनिक तथा नीतिगत सुधारों का प्रस्ताव रखा, ताकि विरोध की ऊर्जा को फिर से स्थापित लोकतांत्रिक माध्यमों की ओर मोड़ा जा सके।

हाइपर-कनेक्टिविटी और आर्थिक-राजनीतिक अलगाव का कॉम्बिनेशन ताकतवर होता है। डिजिटल दुनिया में पली-बढ़ी युवा पीढ़ी स्थापित ढांचों को बायपास करते हुए बड़े पैमाने पर लोगों को एकत्र कर सकती है। पिछली पीढ़ियों के मुकाबले युवा प्रदर्शनकारी इस भावना से अधिक प्रेरित हैं कि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं। वे सरकारी रियायतों से प्रभावित नहीं होते और दमन का सीधे सामना करते हैं। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। **(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)**

**सरोकार** • समाज के 'सहज-क्रांतिकारियों' को नमन

# इतिहास में जिनके नाम नहीं हैं, उनमें भी नायकों को तलाशें

### जनचेतना

**ज्यां द्रेज़**
प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री



**हम** अक्सर चे ग्वेरा और महात्मा गांधी जैसे नायकों की प्रशंसा करते हैं, जिन्होंने आराम की जिंदगी छोड़कर दूसरों की भलाई के लिए काम किया। लेकिन वैसे लोग भी नायक होते हैं, जिन्होंने खुद गरीबी में रहते हुए दूसरों की फिक्र की और उनकी मदद करने के जतन किए। ऐसे लोग मुझे तो बहुत मिले हैं- मजदूर, रिक्शावाले, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य। उनमें से बहुतों ने ज्यादा पढ़ाई नहीं की होती है। लेकिन मैंने उनमें सहानुभूति, शोषण की समझ और न्याय की गहरी भावना पाई है। आप उन्हें 'सहज-क्रांतिकारी' कह सकते हैं।

क्रांतिकारी से मेरा मतलब यह नहीं है कि वे व्यवस्था को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मतलब यह है कि उन्होंने रूढ़ियों की बेड़ियां तोड़ीं और अपने तरीके से एक नई दुनिया बनाने के लिए काम किया।

उनमें से एक थे नियामत अंसारी, जो झारखंड के मणिका प्रखंड में रहते थे। जब मैं उनसे करीब बीस साल पहले मिला था, तब वे अपने दोस्त भूखन के साथ मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे थे। नियामत मुसलमान थे और भूखन आदिवासी, लेकिन दोनों सगे भाइयों जैसे थे। दोनों नियामत की पुरानी, खटारा मोपेड पर बैठकर गांव-गांव जाते थे और मनरेगा के कामों की जांच करते थे।

भूखन और नियामत ने कई भ्रष्ट ठेकेदारों का भंडाफोड़ किया था। जाहिर है, वैसे ठेकेदार उनसे नाराज हो गए और उनसे बदला लेने में लग गए। नियामत और भूखन को झूठे केस में फंसा दिया गया। दोनों को कुछ समय जेल में भी बिताना पड़ा। जेल में उनके साथ जो हुआ, उसके बारे में उनकी बातें तो मैं कभी नहीं भूलूंगा। वहां रात में कैदियों को टॉयलेट जाने की भी सुविधा नहीं थी।

लेकिन जेल से छूटते ही नियामत और भूखन ने फिर से भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष शुरू कर दिया। ठेकेदार उनकी हत्या की साजिश में लग गए। 2 मार्च 2011 को ठेकेदारों के इशारे पर माओवादियों के एक दस्ते ने नियामत को पीट-पीटकर मार डाला। भूखन ने एक खेत में छिपकर अपनी जान बचाई।

ऐसे 'सहज-क्रांतिकारियों' में कई महिलाएं भी हैं। मणिका में ही मैं ऐसी कई महिलाओं को जानता हूं। उनमें से एक थीं श्यामा सिंह। नियामत की तरह श्यामा भी अत्याचार करने वालों के सामने खड़े होने से नहीं डरती थीं। उन्होंने मणिका की कई महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की प्रेरणा दी।

2015 में इन महिलाओं ने बहुत कम पैसे खर्च करके ग्राम पंचायत के मुखिया का चुनाव जीतने में श्यामा की मदद की थी। लेकिन ज्यादातर मुखियाओं के विपरीत, श्यामा ने पद का इस्तेमाल पैसा कमाने के लिए नहीं किया। पांच साल बाद भी उनका घर लगभग वैसा ही रहा जैसा पहले था, और उनके पास सस्ती स्कूटी के अलावा कोई और वाहन नहीं था।

जब नियामत को आधी रात में पीटा गया था, तब मणिका थाना पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। ऐसे में श्यामा ही हिम्मत करके 10 किलोमीटर दूर अपने घर से निकलकर नियामत को अस्पताल ले जाने के लिए वहां पहुंच गईं। जबकि उस समय श्यामा नियामत से नाराज थीं। लेकिन उन्होंने अपनी नाराजगी भुला दी और उनकी मदद के लिए दौड़ी चली आईं, क्योंकि नियामत उनके साथी थे।

**आज हमें उन लोगों की प्रशंसा करना सिखाया जाता है, जो अपने लिए अच्छा करते हैं- करोड़पति, नेता, टॉपर, स्टार आदि। इससे ऐसा लगता है कि सिर्फ अपने लिए जीना चाहिए। लेकिन बहुत-से लोगों के आदर्श इससे कहीं ऊंचे होते हैं।**

18 जुलाई 2026 को घर में झाड़ू लगाते समय श्यामा को नाग ने काट लिया। कुछ दिन बाद बारिश में उनका अंतिम संस्कार हुआ। गांव के हर घर से कोई न कोई वहां आया। उनके पड़ोसियों, रिश्तेदारों और दोस्तों ने गांव के आदिवासियों की सरल और सच्ची भाषा में उनके बारे में बातें कीं। यहां तक कि नए मुखिया की आंखों में भी उनके बारे में बोलते समय आंसू थे, जबकि वे श्यामा के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी थे।

भूखन, नियामत और श्यामा जैसों का नाम इतिहास की किताबों में नहीं मिलता, लेकिन वे हमारे लिए प्रेरणा और उम्मीद हैं। आज की प्रचलित विचारधारा हमें उन लोगों की प्रशंसा करना सिखाती है, जो अपने लिए अच्छा करते हैं- करोड़पति, नेता, टॉपर, स्टार आदि। इससे हमें ऐसा लगता है कि सिर्फ अपने ही लिए जीना स्वाभाविक है। लेकिन बहुत-से आम लोगों के आदर्श इससे कहीं ऊंचे होते हैं। मैं उन्हें सलाम करता हूं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक

**एंथ्रोपिक :** अमेरिकी एआई कंपनी

# प्रतिद्वंद्वियों से ही निवेश लिया, एआई की शीर्ष कंपनी एंथ्रोपिक सबसे बड़ा आईपीओ ला रही

**डायबिटीज** और मोटापे की दवा बनाने वाली कंपनी नोवो नॉर्डिस्क (जिसने मशहूर दवा ओजेम्पिक बनाई) ने क्लॉड से बना टूल 'नोवोस्क्राइब' इस्तेमाल कर क्लिनिकल स्टडी रिपोर्ट तैयार करने का समय महीनों से घटाकर सिर्फ 10 मिनट कर दिया है। ऐसे ही स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के 'Biomni' सिस्टम ने एप क्लॉड का इस्तेमाल कर एक जीनोम रिसर्च, जो आमतौर पर महीनों लेती है, सिर्फ 20 मिनट में पूरी कर दी। एआई कंपनी एंथ्रोपिक के एप क्लॉड द्वारा ऐसे दर्जनों काम किए जा रहे हैं, जो मेडिकल से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में चमत्कार की तरह साबित हो रहे हैं।

2021 में बनी मात्र 5 साल पुरानी यह कंपनी इस समय दुनिया की शीर्ष एआई कंपनी बन चुकी है, लेकिन इन पांच सालों में एंथ्रोपिक के लिए कई बार अस्तित्व संकट जैसी समस्याएं सामने आ चुकी हैं। सबसे खतरनाक पल 2025 का कॉपीराइट मुकदमा था। जुलाई 2025 में यह साफ हुआ कि कंपनी ने लाखों किताबें पायरेसी साइटों से डाउनलोड की थीं। सांता क्लारा लॉ स्कूल के प्रोफेसर एड ली ने इसे सीधे तौर पर 'बिजनेस-एंडिंग' यानी कंपनी को खत्म कर देने वाला जोखिम बताया था। हालांकि कंपनी ने समय रहते समझौता कर इस संकट से खुद को उबार लिया।





**सबक...** सही सिद्धांत पर हमेशा टिके रहना चाहिए, भले ही आपको उसकी कितनी भी कीमत चुकानी पड़े।

**3** लाख से ज्यादा बिजनेस ग्राहक हैं दुनियाभर में।

**73%** हिस्सेदारी है एंथ्रोपिक की एंटरप्राइज एआई खर्च में।

**2300** से ज्यादा कर्मचारी हैं अब कंपनी के पास।

**184** देशों/क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है एंथ्रोपिक।

### इन चुनौतियों से जूझी थी...

- **चिप की भारी कमी :** एंथ्रोपिक चिप के लिए पूरी तरह अमेजन, गूगल और एनवीडिया पर निर्भर रही है। जैसे-जैसे क्लॉड की मांग बढ़ी, चिप की समस्या विकराल होती गई। अप्रैल 2026 में सिर्फ दो हफ्तों में सात बार सर्विस ठप हुई।
- **एफटीएक्स निवेशक संकट :** 2022 में अलामेडा रिसर्च कंपनी ने 50 करोड़ डॉलर एंथ्रोपिक में लगाए। यह कंपनी क्रिप्टो एक्सचेंज फर्म एफटीएक्स के फाउंडर सैम बैंकमैन फ्राइड की थी, जो दिवालिया हो गई।
- **कॉपीराइट मुकदमा :** एंथ्रोपिक ने क्लॉड को ट्रेन करने के लिए लाखों किताबें यूज की थीं। इससे कंपनी को अरबों डॉलर का हर्जाना देना पड़ा।
- **प्रतिद्वंद्वियों पर ही निर्भरता :** एंथ्रोपिक को टिके रहने के लिए अरबों डॉलर चाहिए थे। इसके लिए वह गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसे एआई प्रतिद्वंद्वियों पर ही निर्भर थी।

### इस तरह की वापसी...

- **मल्टी-क्लाउड रणनीति :** एंथ्रोपिक ने अमेजन, गूगल और एनवीडिया तीनों से एक साथ डील की। 2025-26 में गूगल से करीब 3.9 लाख करोड़ का निवेश व 5 गीगावाट कंप्यूट क्षमता जुटाई। साथ ही खुद की चिप बनाने पर काम शुरू किया।
- **एफटीएक्स से दूरी बनाई :** एफटीएक्स मामले में एंथ्रोपिक का कोई सीधा दोष नहीं था। इसलिए कंपनी बच गई। अलामेडा की हिस्सेदारी बाद में बेच दी गई। इससे एंथ्रोपिक की साख बरकरार रही।
- **14,300 करोड़ में समझौता :** कॉपीराइट मामले में करीब 14,300 करोड़ रु. में सेटलमेंट किया। एआई की किताबों से ट्रेनिंग के लिए कानूनी मंजूरी भी मिली
- **विविधता और गवर्नेंस से संतुलन :** गूगल, अमेजन जैसे बड़े नामों के अलावा सिंगापुर के जीआईसी, सिकोइया जैसे दर्जनों संस्थाओं से फंड जुटाया।

• वर्तमान स्थिति

### आज 92 लाख करोड़ रुपए की कंपनी है

आज एंथ्रोपिक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली टेक कंपनियों में शुमार है। मई 2026 तक इसकी वैल्यूएशन करीब 92 लाख करोड़ रु. तक पहुंच चुकी है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक कंपनी अक्टूबर 2026 तक करीब 192 लाख करोड़ रुपए का आईपीओ लाने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो यह इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। एक अनुमान के मुताबिक एंटरप्राइज एआई खर्च में एंथ्रोपिक की हिस्सेदारी करीब 73% तक है और डेवलपर्स के बीच 'क्लाउड कोड' सबसे पसंदीदा एआई कोडिंग टूल है।

### शुरुआत : चैटजीपीटी वाली ओपन एआई के ही 7 लोगों ने रखी नींव

2020 में ओपनएआई के रिसर्च वाइस प्रेसिडेंट डारियो अमोदेई और उनकी बहन डेनिएला अमोदेई को लगा कि कंपनी सुरक्षा से ज्यादा कॉमर्शियल प्रोडक्ट लॉन्च करने पर काम रही है। इसके बाद दोनों समेत सात लोगों ने ओपन एआई से अलग होकर जनवरी 2021 में 'पब्लिक बेनिफिट कॉरपोरेशन' के तौर पर एंथ्रोपिक की स्थापना की।

### नए कदम : चिप बनाने से लेकर मेडिसिन के क्षेत्र तक में दांव

एंथ्रोपिक अब खुद की एआई चिप बनाने, और एआई स्टार्टअप 'डेकार्ट' को करीब 57 हजार करोड़ रु. में खरीदने की योजना पर काम कर रही है। सीईओ डारियो अमोदेई मानते हैं कि एआई 2036 तक ज्यादातर बड़ी बीमारियों के इलाज में क्रांति ला सकती है। यानी कंपनी अब चैटबॉट से आगे बढ़कर मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में भी बड़ा दांव लगा रही है।

**ऐसे पड़ा नाम :** एंथ्रोपिक शब्द ग्रीक भाषा के 'एंथ्रोपोस' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'मनुष्य'। यह नाम कंपनी के मिशन को दिखाने के लिए चुना गया है।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** सबसे बड़ी टक्कर ओपनएआई से है। फिर गूगल डीपमाइंड, मेटा, मिस्ट्रल और डीपसीक जैसी कंपनियां हैं। ग्रोक भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## पीपुल भास्कर

**झांग यिमिंग,** टिकटॉक के फाउंडर

# चौथी कक्षा से पढ़ने लगे थे अखबार, यिमिंग ने अपनी शादी की फोटो तक नहीं खिंचाई

**चर्चा में क्यों :** हाल ही में गौतम अदाणी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर शख्स बने हैं। इनकी संपत्ति 8 लाख करोड़ से अधिक है।

**2001**, टिकटॉक एप के फाउंडर झांग यिमिंग इस समय कॉलेज में एडमिशन के लिए सोच-विचार कर रहे थे। कॉलेज चुनने के लिए उन्होंने कुछ ऐसा क्राइटेरिया बनाया था- कॉलेज ऐसी जगह होना चाहिए जहां बर्फ पड़ती हो, स्थान समुद्र के करीब हो क्योंकि उन्हें सी-फूड पसंद था और जहां लड़के-लड़कियों का अनुपात बेहतर हो।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार कॉलेज जैसे निजी चुनाव के लिए भी इस तरह क्राइटेरिया निर्धारित करना बताता है कि यिमिंग कितने अधिक तार्किक व्यक्ति हैं। 2008 में उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी बस इसलिए छोड़ दी थी कि वहां का काम उन्हें चुनौतीपूर्ण नहीं लगा था। काम खत्म करने के बाद उनके पास किताबें पढ़ने के लिए काफी समय बच जाता था। उनकी जीवनी 'अटेंशन फैक्ट्री' के अनुसार चौथी कक्षा तक वे उपन्यास, जीवनी, अखबार और पत्रिकाएं पढ़ने लगे थे। आज भी उन्हें ऑनलाइन रहना, पढ़ना और भविष्य की संभावनाओं के बारे में सोचना पसंद है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार झांग यिमिंग का जीवन अन्य टेक सीईओ से काफी अलग था। बाइट डांस में सीईओ रहने के दौरान भी वे कैफेटेरिया में खाना खाते थे। टी-शर्ट और जींस पहनते थे। सिलिकॉन वैली स्टाइल का स्टार्टअप कल्चर उन्हें पसंद है। उनके कर्मचारी उन्हें यिमिंग कहकर बुलाते थे। एक साक्षात्कार में यिमिंग बताते हैं कि वे नीरस व्यक्ति नहीं है। शुरुआत में खूब वीडियो गेम खेलते थे। यहां तक कि कई बार फोन देखने, संगीत सुनने, टिकटॉक पर कंटेंट देखने में कई कामों में लेट तक हो जाते थे।



**शादी के बारे में यिमिंग ने तर्क देते हुए कहा था कि मान लीजिए आपके लिए 20,000 लोग सही जीवनसाथी हो सकते हैं। आपको बस उनमें से एक को ढूंढना है।**

**जन्म :** 1 अप्रैल 1983, चीन
**शिक्षा :** नानकाई यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग में स्नातक।
**परिवार :** पत्नी- वॉन्ग रुई (चाइनीज सोर्स के अनुसार)
**संपत्ति :** करीब 10 लाख करोड़ रु. (फोर्ब्स के अनुसार)

• परिवार

### माता और पिता दोनों सरकारी कर्मचारी थे

यिमिंग के माता और पिता दोनों ही सरकारी कर्मचारी थे। 2001 में यिमिंग ने तियानजिन की नानकाई यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। शुरुआत में उन्होंने माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग चुनी थी, लेकिन दूसरे साल सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में ब्रांच बदल ली। वजह- उन्हें 'हाथों-हाथ काम करने और जल्दी नतीजे' वाला विषय चाहिए था।

• विवाह

### गर्लफ्रेंड ने पहले शादी से कर दिया था मना

झांग यिमिंग की भावी पत्नी से मुलाकात नानकाई यूनिवर्सिटी में हुई थी। यिमिंग पढ़ाई के साथ-साथ कम्प्यूटर भी ठीक करते थे। एक दिन एक लड़की का कम्प्यूटर ठीक करने पहुंचे। यहीं से दोनों की पहचान हुई। हालांकि शुरुआत में लड़की ने उन्हें ना कह दिया था, लेकिन बाद में शादी हुई। खास बात यह है इस शादी का न कोई फोटो शूट हुआ और न ही भोज।

• कॅरिअर

### ट्रैवल वेबसाइट से लेकर सीईओ तक

2006 में ट्रैवल वेबसाइट कुक्सुन से जुड़े। 2008 में माइक्रोसॉफ्ट जॉइन किया, लेकिन जल्द छोड़ दिया। फिर फैनफू स्टार्टअप जॉइन किया, जो नाकाम रहा। 2009 में खुद की रियल एस्टेट सर्च कंपनी 99फैंग.कॉम शुरू की। मार्च 2012 में बीजिंग के एक चार कमरों वाले अपार्टमेंट से लियांग रूबो के साथ मिलकर बाइटडांस की शुरुआत की।

### रोचक : इनका एआई असिस्टेंट चीन का सबसे लोकप्रिय एप

- 2026 में झांग यिमिंग का एआई असिस्टेंट 'दाओबाओ' चीन का सबसे लोकप्रिय एआई एप बन गया। इसके करीब 34.5 करोड़ यूजर्स हैं।
- टिकटॉक के अलावा कैपकट, लार्क (एंटरप्राइज टूल) और दाओबाओ (एआई असिस्टेंट) जैसे कई सफल प्रोडक्ट्स खड़े किए।

### उपलब्धि : टाइम की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में

- 2019 में टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किए गए।
- 2018 में फॉर्च्यून की '40 अंडर 40' व 2013 में फोर्ब्स चाइना की '30 अंडर 30' सूची में रहे।
- 2024 और 2026 में चीन के सबसे अमीर व्यक्ति चुने गए।

### प्रभाव : टिकटॉक के 100 करोड़ से ज्यादा यूजर्स

- 2012 में एआई आधारित न्यूज एप टूटियाओ लॉन्च किया। इसके दो साल के अंदर 1.3 करोड़ रोजाना यूजर्स हासिल कर लिए।
- 2017 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टिकटॉक लॉन्च किया। अब 100 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं।
- 6500 करोड़ रु. में Musical.ly को खरीदा।

## बिजनेस ब्रीफ

### एनएसई का आईपीओ पहले दिन 43% भरा

मुंबई| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 22,569 करोड़ रुपये का मेगा आईपीओ गुरुवार को खुला और पहले ही दिन 43% सब्सक्राइब हो गया। यह हुंडई मोटर इंडिया के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू है। नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों का कोटा 72%, रिटेल का 44% और क्यूआईबी का 19% भरा। प्राइस बैंड 1,700-1,785 रुपए प्रति शेयर है।

### दुनिया की हर 5वीं चिप की डिजाइन अब भारत में

नई दिल्ली| दुनिया की हर पांचवीं चिप का डिजाइन अब भारत में हो रहा है। इस सेक्टर में देश की हिस्सेदारी 20% हो गई है। इंटेल के मुताबिक, यहां 85 हजार से ज्यादा सेमीकंडक्टर एक्सपर्ट्स तैयार हो चुके हैं। 355 से अधिक यूनिवर्सिटीज एडवांस्ड कोर्स चला रही हैं। भारतीय संस्थान अब तक 250 से ज्यादा स्वदेशी चिप्स बना चुके हैं।

### यूपीआई शुल्क से ब्रोकर चिंतित, सेबी विचार करेगा

मुंबई| सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि शेयर ब्रोकर्स द्वारा बड़े यूपीआई फंड ट्रांसफर पर नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर उठाई गई चिंताओं पर सेबी विचार करेगा। 15 अक्टूबर से लागू होने वाला यह शुल्क 0.02% (अधिकतम 300 रुपए) है। ब्रोकर्स का कहना है कि क्लाइंटस के फंड वापस करने पर उन्हें बिना आय के अतिरिक्त लागत उठानी पड़ेगी।

### गोल्ड बॉन्डः प्री-मैच्योर रिडेम्पशन में 4 गुना रिटर्न

मुंबई| सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2019-20 सीरीज IV का समयपूर्व रिडेम्पशन गुरुवार को 15,173 रुपए प्रति ग्राम पर हुआ। ऑनलाइन खरीदारों के लिए इश्यू प्राइस ₹3,840 प्रति ग्राम रहा। इसका मतलब है कि एक लाख रुपए के निवेश की वैल्यू 6 साल में सिर्फ कैपिटल गेन से 3.95 लाख रुपए हो गई है, जिसमें 2.5 फीसदी सालाना ब्याज शामिल नहीं है।

### सीएसआर खर्च 17% बढ़ा, 205 कंपनियां भी बढ़ीं

मुंबई| 2024-25 में लिस्टेड कंपनियों का सीएसआर खर्च 17.5% बढ़कर 22,563 करोड़ रुपए हो गया। क्रिसिल के मुताबिक, रिपोर्टिंग करने वाली कंपनियों की संख्या 205 बढ़कर 2,013 पहुंच गई, जो एक दशक में सबसे तेज वृद्धि है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च हुआ। पर्यावरण और खेल पर खर्च में तेज बढ़ोतरी देखी गई।

---

**भास्कर एनालिसिस** अर्थशास्त्रियों को अब भारत में भी कर्ज महंगा होने की आशंका

# महंगाई बढ़ा रही दबाव... इस साल 0.75% तक बढ़ सकती हैं आपके लोन की किस्त

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ाए जाने के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक भी अक्टूबर से रेपो रेट बढ़ाने पर विचार कर सकता है। इसका सीधा असर होम लोन की किस्तें, एफडी की ब्याज दरें और शेयर बाजार के रुझान पर पड़ सकता है।

फेड ने बुधवार को बेंचमार्क ब्याज दर 0.25% बढ़ाकर 3.75-4% कर दी। यह 2023 के बाद पहली बढ़ोतरी है। फेड के चेयरमैन केविन वॉर्श ने कहा कि अमेरिका में महंगाई अब भी ऊंचे स्तर पर है, इसलिए आगे एक और बढ़ोतरी की गुंजाइश है। इधर भारत में भी अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 4.82% हो गई, जो जुलाई में 4.45% थी। थोक महंगाई करीब 10% पहुंचने से लागत का दबाव बढ़ा है।

एसबीआई रिसर्च और अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि रिजर्व बैंक अक्टूबर और दिसंबर, दोनों बैठकों में नीतिगत दरें 0.25-0.25% बढ़ा सकता है। कुछ अनुमान में ये बढ़ोतरी 0.75% तक भी बताई गई है। इससे रेपो रेट 6% तक पहुंच जाएगा। ऐसे में लोन की ब्याज दरें बढ़ जाएंगी क्योंकि बैंक के लिए दरों का आधार रेपो रेट ही होता है। आरबीआई की एमपीसी की बैठक 5 से 7 अक्टूबर तक होगी। रेपो दर पर फैसला 7 अक्टूबर को घोषित होगा।

**दुनियाभर में देखा जा रहा ब्याज दरों में बढ़ोतरी का ट्रेंड**

| देश/क्षेत्र | बढ़ोतरी | नई दर | कब |
|---|---|---|---|
| अमेरिका | 0.25% | 4.00% | 16 सितंबर |
| यूरोजोन | 0.40% | 2.65% | 10 सितंबर |
| ऑस्ट्रेलिया | 0.25% | 4.35% | 6 मई |
| न्यूजीलैंड | 0.25% | 2.75% | 2 सितंबर |
| डेनमार्क | 0.25% | 1.85% | 12 जून |



**ट्रिगर • महंगाई 6% पहुंचते ही शुरू हो सकती है बढ़ोतरी**

रिजर्व बैंक अक्टूबर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी शुरू कर सकता है, बशर्ते रिटेल महंगाई 6% की ऊपरी सीमा के करीब पहुंच जाए। ये अनुमान इनका...

**एसबीआई •** बैंक के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, रिटेल महंगाई 6.5% के पार जा सकती है। इसके बाद 2027 की शुरुआत में यह 6% से नीचे आएगी। इसीलिए दिसंबर तक दो किस्तों में रेपो रेट 0.50% बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद बढ़ोतरी रोकी जा सकती है।

**विदेशी ब्रोकरेज •** एचएसबीसी, डॉयचे बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर में दो बार रेपो रेट में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक •** नीतिगत दरों में बढ़ोतरी का दौर अक्टूबर से शुरू होगा। कुल मिलाकर 0.50% से लेकर 0.75% बढ़ोतरी की जा सकती है।

**देश में तीन कारणों से बढ़ रही है महंगाई**

**1. खाना महंगा हो रहाः** अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, महंगाई को लेकर जोखिम खाने-पीने की चीजों और ईंधन की कीमतों से जुड़ा है। कमजोर मानसून के चलते खाने की चीजों की महंगाई में व्यापक बढ़ोतरी देखी गई है।

**2. ईंधनः दाम बढ़ने का रिस्क :** कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से आगे पेट्रोल-डीजल महंगा होने का खतरा है। कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव यह जोखिम बढ़ा रहे हैं।

**3. कंपनियों की रणनीतिः** उत्पादन लागत बढ़ने का बोझ कंपनियां धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं, जिससे महंगाई और बढ़ सकती है। इस बीच रुपया कमजोर होने से आयात महंगा होता जा रहा है।

**यहां ज्यादा असर...**

**...पर डिपॉजिट रेट भी समान रेश्यो में बढ़ेंगे, ये जरूरी नहीं**

बैंकबाजार के सीईओ आदिल शेट्टी के मुताबिक, अगर रेपो रेट बढ़कर 5.75% होता है, तो इसका सीधा असर फ्लोटिंग रेट वाले रिटेल लोन, खास तौर पर होम लोन पर पड़ेगा। उनके मुताबिक, अगली रीसेट तारीख पर कर्जदारों की ईएमआई, लोन अवधि, या दोनों बढ़ सकते हैं। हालांकि, रेपो रेट बढ़ने का यह मतलब नहीं है कि बैंक एफडी की ब्याज दरें भी उसी अनुपात में बढ़ा देंगे। एफडी की दरों में बदलाव चुनिंदा होगा, जो बैंकों में कैश की स्थिति, फंडिंग की जरूरतों और अलग-अलग अवधि के लिए बाजार में प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करेगा।

**शेयर बाजारः कंपनियों की उधारी लागत बढ़ेगी**

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के वीके विजयकुमार का कहना है कि आमतौर पर जब कर्ज महंगा होता है, तो कंपनियों की उधारी लागत बढ़ जाती है, जिसका असर उनके मुनाफे और शेयरों के वैल्युएशन पर पड़ता है। बैंकिंग, ऑटो और रियल एस्टेट जैसे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील सेक्टरों के शेयरों में ज्यादा उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।

---

**रिकॉर्ड •** 30 साल में पहली बार 1 दिन में 6 बड़ी लिस्टिंग

# बाजार में सुस्ती के बीच 4 मेनबोर्ड आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग

भास्कर न्यूज़| मुंबई

शेयर बाजार के कमजोर प्रदर्शन के बीच गुरुवार को 6 मेनबोर्ड आईपीओ लिस्टिंग हुई, इनमें से 4 ने शानदार रिटर्न दिया। 1996 के बाद एक दिन में इतनी कंपनियों के लिस्ट होने का यह पहला मौका है। दिसंबर 2024 में एक दिन में 5 की लिस्टिंग हुई थी। दूसरी तरफ, सेंसेक्स क्लोजिंग ऑक्शन सेशन में शुरुआती 341 अंक की बढ़त गंवाकर 22 अंकों की गिरावट के साथ 74,315 पर बंद हुआ। इस सुस्त माहौल में भी रेंटोमोजो, करमतारा इंजीनियरिंग, एलसीसी प्रोजेक्ट्स और स्टीमहाउस इंडिया प्रीमियम पर लिस्ट हुए और बढ़त के साथ ही बंद हुए।

एलसीसी प्रोजेक्ट्स को बीएसई पर सबसे ज्यादा 31.4% प्रीमियम मिला, जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी एआरसीआईएल फ्लैट लिस्टिंग के बाद हल्की गिरावट के साथ बंद हुई। इन छह कंपनियों के आईपीओ में करीब 1.4 लाख करोड़ की बोलियां मिलीं।

**लिस्टिंग के दिन बीएसई पर नए शेयरों के बंद भाव के आधार पर रिटर्न 38% तक**

| कंपनी | प्राइस | बंद भाव | लाभ/नुकसान |
|---|---|---|---|
| करमतारा इंजीनियरिंग | 254 | 351.95 | ▲ 38.6% |
| रेंटोमोजो | 404 | 532.95 | ▲ 31.9% |
| स्टीमहाउस इंडिया | 81 | 102.20 | ▲ 26.2% |
| एलसीसी प्रोजेक्ट्स | 146 | 172.75 | ▲ 18.3% |
| मणिपाल पेमेंट | 339 | 345.75 | ▲ 2.0% |
| एसेट रिकंस्ट्रक्शन | 139 | 137.05 | ▼ 1.4% |

**भास्कर रिसर्च • पहली छमाही औसत लिस्टिंग गेन 1.7% था, जुलाई से अब तक 20.45%**

इस साल जनवरी से जून के बीच में आए 22 आईपीओ का लिस्टिंग के दिन औसत रिटर्न सिर्फ 1.72% था। लेकिन दूसरी छमाही से यह ट्रेंड पलट गया है। एक जुलाई से 16 सितंबर तक सूचीबद्ध 45 मेनबोर्ड आईपीओ के उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, पहले दिन का औसत लिस्टिंग गेन 20.45% रहा। इनमें 35 कंपनियों के शेयर इश्यू प्राइस से ऊपर बंद हुए, जबकि 10 में नुकसान हुआ। यानी करीब 78% आईपीओ ने पहले दिन कमाई कराई। ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन पहले दिन इश्यू प्राइस से 111.75% ऊपर बंद हुआ। अन्नू प्रोजेक्ट्स में पहले दिन 23.64% नुकसान हुआ।

---

इंपैक्ट फीचर

# शुगर बढ़ रही, आयुर्वेद पर लौट रहा मरीजों का भरोसाः स्टडी




भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत में टाइप-2 डायबिटीज से जूझ रहे लोग 10 करोड़ से ज्यादा हैं। ज्यादातर की बीमारी काबू में नहीं है। एक हालिया स्टडी में 7,192 भारतीयों के सर्वे में शामिल 37% लोग डायबिटिक पाए गए। इनमें से 301 टाइप-2 मरीजों पर स्टडी की गई। इसमें औसत फास्टिंग शुगर 153 और पोस्ट- मील शुगर 209 एमजी/डीएल मिली, जबकि स्वस्थ सीमा 140 एमजी/डीएल है। औसत एचबीए1सी 7.2% रहा, जो अनियंत्रित रेंज में आता है। मरीजों का कहना है कि वे नियमित तौर पर एक हफ्ते से ज्यादा दवा नहीं ले पाते। वजह दवाओं के साइड इफेक्ट हैं। मरीजों ने कमजोरी या चक्कर, पाचन, गैस जैसे शिकायत की। इन सबके चलते मरीजों का आयुर्वेद की तरफ भरोसा लौट रहा है।

**48% घरेलू नुस्खे आजमा रहे**

सर्वे में शामिल हर 2 में से 1 (48%) प्रिस्क्राइब्ड दवा के साथ-साथ घरेलू नुस्खे आजमाते हैं। लोकप्रिय विकल्प हैं...




**घरेलू नुस्खे अपनाने में चुनौतियां...**

27% लोगों का कहना है कि परिणाम आने में बहुत समय लगता है।
20% लोगों को इन्हें तैयार करने में एकरूपता की समस्या लगती है।
20% लोग यह स्वीकार करते हैं कि उन्हें इस्तेमाल की सही मात्रा का पता नहीं होता।

**97% मरीज लक्षणों से परेशान**

97% मरीजों के लिए बार-बार पेशाब आना, थकान, धुंधला दिखना, पैरों में झनझनाहट जैसे लक्षण आम हो गए हैं।

65% शुगर कंट्रोल के लिए सभी स्रोतों से ऊपर डॉक्टर पर भरोसा करते हैं। डॉक्टर द्वारा समर्थित आयुर्वेदिक समाधानों को इस वर्ग के बीच भरोसे का लाभ मिलता है।

**शुगर लेवल मैनेज करने में मदद करता है कपिवा डाया फ्री जूस**

स्वस्थ ब्लड शुगर लेवल्स बनाए रखना केवल शुगर रीडिंग तक सीमित नहीं; मरीजों को बार-बार पेशाब आना, पैरों में झनझनाहट, कम ऊर्जा और रोजाना जीवनशैली में बदलावों को बनाए रखने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कपिवा डाय फ्री जूस 11 मानकीकृत आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों को आसान दैनिक फॉर्मेट में साथ लाता है, जो डॉक्टर की सलाह, निर्धारित दवाओं, जीवनशैली में बदलावों के साथ ब्लड शुगर मैनेजमेंट में सहयोग करता है।



-डॉ. आर. गोविंदराजन, चीफ इनोवेशन ऑफिसर, कपिवा (M.Pharm, Ph.D.)

---

**मौका अच्छा •** जेफरीज के ग्लोबल इक्विटी स्ट्रैटजी हेड के अनुमान

# सोने की कीमत दोगुनी होगी, भारतीय शेयर 1 साल में 15% रिटर्न दे सकते हैंः क्रिस वुड

जेफरीज के ग्लोबल इक्विटी स्ट्रैटजी हेड **क्रिस वुड** ने भारतीय शेयर बाजार और सोने को लेकर बड़ी बातें कही हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के **पुनीत वाधवा** के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि अगले एक साल में भारतीय बाजार से करीब 15% रिटर्न मिल सकता है, बशर्ते भू-राजनीतिक हालात और न बिगड़ें। पेश हैं इस इंटरव्यू के मुख्य अंशः

**अगले एक साल में भारतीय शेयर बाजार से कितना रिटर्न मिल सकता है?**

भू-राजनीतिक जोखिम न हो तो करीब 15% रिटर्न मिल सकता है। यह कंपनियों की कमाई बढ़ने के अनुरूप है। हालांकि आईपीओ के जरिए लगातार आ रही इक्विटी सप्लाई रिटर्न सीमित कर रही है।

**सोने को लेकर क्या नजरिया है?**

सोना आखिरकार 10,000 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता (अंतरराष्ट्रीय बाजार में मौजूदा कीमत करीब 4,300 डॉलर) है। लेकिन इसके लिए अमेरिका में फेडरल रिजर्व को दरें बढ़ाना बंद करना होगा। अमेरिका पर कर्ज इतना ज्यादा है कि ऊंची दरें उसके लिए बोझ बन सकती हैं।

**लंबी अवधि के निवेश में आधा हिस्सा स्मॉल-मिडकैप में रखें**



क्रिस वुड की सलाह है कि लंबी अवधि में निवेशकों को अपने निवेश का आधा हिस्सा स्मॉल-मिडकैप फंड में लगाना चाहिए, यहीं दिलचस्प ग्रोथ स्टोरी मिलती हैं। हालांकि सही फंड मैनेजर चुनना बेहद जरूरी है।

**भारतीय बाजार के लिए आगे सबसे बड़ा जोखिम क्या हो सकता हैं?**

अगर भारतीय बाजार में म्यूचुअल फंड में निवेश अचानक रुक जाए, तो बाजार में बड़ी गिरावट आ सकती है। हालांकि फिलहाल यह निवेश स्थिर बना हुआ है।

**अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़ने से भारतीय शेयर बाजार को कितना खतरा है?**

अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड का यील्ड 5% के करीब हैं, अगर यह 5.5-6% तक पहुंचे तो बाजार के लिए असहज स्थिति बन सकती है।

**आगे कच्चे तेल की कीमतों को लेकर क्या आशंका है?**

पोर्टफोलियो में एनर्जी शेयर जरूर होने चाहिए, क्योंकि यही भू-राजनीतिक जोखिम से बचाव का एकमात्र जरिया है। हालात को देखते हुए कच्चा तेल 120-150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकता है, हैरानी की बात है कि अब तक यह इतना नहीं बढ़ा।

---

देश में सालाना वेतन 388 करोड़ तक

## सैलरी पैकेज में पर्सिस्टेंट के संदीप कालरा टॉप सीईओ

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की बड़ी कंपनियों के सीईओ को करोड़ों रुपए का वेतन मिला। कैपिटलाइन के आंकड़ों के मुताबिक, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के सीईओ संदीप कालरा सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले एग्जिक्यूटिव बनकर उभरे हैं, उनका पैकेज पिछले साल के मुकाबले करीब 162% बढ़ा है। इसमें स्टॉक ऑप्शन का बड़ा योगदान बताया जा रहा है।

**ये हैं देश के टॉप-10 हाई-पेड सीईओ**

| नाम | सालाना पैकेज |
|---|---|
| संदीप कालरा (पर्सिस्टेंट) | 388 |
| सी. विजयकुमार (HCL टेक) | 172 |
| पवन मुंजाल (हीरो मोटोकॉर्प) | 122 |
| एस.एन. सुब्रह्मण्यन (एलएंडटी) | 121 |
| मुरली के. दिवि (दिवीज लैब्स) | 100 |
| सलिल पारेख (इंफोसिस) | 83 |
| नीरज कंवर (अपोलो टायर्स) | 78 |
| एचएम बांगड़ (श्री सीमेंट) | 69 |
| अंबरीश केंघे (एंजल वन) | 68 |
| मोहित जोशी (टेक महिंद्रा) | 67 |

आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोतः कैपिटलाइन

**दिलचस्पः** टॉप-10 में से आधी से ज्यादा कंपनियां आईटी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हैं, जबकि पहले नंबर पर मौजूद कालरा का पैकेज दूसरे नंबर वाले विजयकुमार से करीब दोगुना है।

---

टाटा संस 18 महीने में खरीदेगी शेयर

## टाटाः एसपी ग्रुप को 25 हजार करोड़ का ऑफर

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने गुरुवार को टाटा संस की बोर्ड बैठक में शापूरजी पालोनजी (एसपी) ग्रुप की ₹25,000 करोड़ की हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव रखा। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और एसपी ग्रुप के चेयरमैन शापूर मिस्त्री के साथ बनी सहमति के बाद लाया गया यह प्रस्ताव एसपी ग्रुप को नकदी देने और महंगे ब्याज से राहत दिलाने के लिए है। योजना के तहत टाटा संस 18 महीनों में दो किस्तों में सिलेक्टिव कैपिटल रिडक्शन के जरिए स्टर्लिंग और साइरस इन्वेस्टमेंट्स से शेयर खरीदेगी। इसके लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की मंजूरी ली जाएगी। शेयरों की कीमत आयकर नियम 11यूए के न्यूनतम वैल्युएशन पर तय होगी। टाटा संस इसके लिए इंटरनल कैश फ्लो, लिस्टेड कंपनियों के शेयर बेचकर और नए बिजनेस में बाहरी निवेशकों को लाकर फंड जुटाएगी।

---

## सऊदी ने खोला लग्जरी याट क्लब, इसमें 19 हजार करोड़ निवेश





रियाद| सऊदी अरब ने पर्यटन से आय बढ़ाने के लिए लाल सागर के तट पर अमाला याट क्लब शुरू किया है। इसका मकसद विदेशी पर्यटक आकर्षित करना और रोजगार बढ़ाना है। यहां 130 मीटर तक लंबी 119 आलीशान नौकाएं ठहर सकती हैं। क्लब की लागत करीब ₹19 हजार करोड़ रुपए आंकी गई है। यहां यूरोप के पर्यटकों को सर्दियों में गर्म मौसम वाला ठिकाना मिलेगा। उन्हें भूमध्य सागर से अटलांटिक पार करके कैरेबियाई द्वीपों तक नहीं जाना पड़ेगा।

---

## प्रीमियम चावल एक साल में 50% तक महंगा; सोना, मसूरी 80 रुपए

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

कम बारिश और बुवाई घटने से अच्छी किस्म के चावल के दाम सालभर में 50% बढ़ गए हैं। सोना, मसूरी और पोन्नी जैसी किस्में ₹80 किलो बिक रही हैं। कारोबारियों को आशंका है कि इस साल उत्पादन घटने से कीमतें और बढ़ सकती हैं। राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बीवी कृष्णा राव के मुताबिक, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में प्रीमियम धान की बुआई प्रभावित हुई है। इनका रकबा 30-40% कम रह सकता है। दक्षिण में 17 सितंबर तक बारिश सामान्य से 28% कम रही। यूपी और बिहार में भी धान की बुआई घटी है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, धान का रकबा पिछले साल के 443.78 लाख हेक्टेयर से घटकर 426.81 लाख हेक्टेयर रह गया है। कर्नाटक में 4.54 लाख और तेलंगाना में 4.46 लाख हेक्टेयर की कमी आई है।

---

वृद्धि मानक किराए से अलग

## इंडिगोः अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर भी सर्विस चार्ज बढ़ाया

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस ने घरेलू उड़ानों के साथ-साथ अब अंतरराष्ट्रीय रूट पर भी अपनी सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। एयरलाइन ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 5 से 12 साल के बच्चों के अकेले सफर करने का शुल्क बढ़ाकर 12,999 तय किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एयरपोर्ट पर लाइन में लगे बिना पहले चेक-इन और बोर्डिंग कराने का शुल्क अब हर रूट पर 850 होगा। एयरलाइन से जुड़े लोगों के मुताबिक यह बढ़ोतरी सहायक सेवाओं की समीक्षा और उन्हें अपडेट करने की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। ये संशोधित दरें केवल संबंधित सेवाओं पर लागू होंगी और इनका मानक टिकट किराए या तय बैगेज सीमा से कोई संबंध नहीं है।

---

## यूपीआई के इस्तेमाल की आदत पर केंद्र की नजर

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सरकार 15 अक्टूबर से यूपीआई पर नई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) व्यवस्था लागू होने के पहले दिन से ही लेनदेन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेगी। इसका मकसद यह पता लगाना है कि नई फीस लगने से यूपीआई के इस्तेमाल और उसे अपनाने की रफ्तार पर कोई असर पड़ता है या नहीं। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, रोलआउट के बाद लेनदेन के ट्रेंड नियमित तौर पर परखे जाएंगे, खासकर इसलिए क्योंकि व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच यूपीआई का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होता है। नई व्यवस्था के तहत ₹2,000 से ज्यादा के यूपीआई लेनदेन पर व्यापारियों को 0.4% एमडीआर देना होगा, जिस पर 18% जीएसटी अलग से लगेगा। इससे छोटे व्यापारियों, खास तौर पर जो जीएसटी में रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन पर ज्यादा बोझ पड़ सकता है। वे इनपुट टैक्स क्रेडिट का फायदा नहीं उठा पाएंगे। इसके बावजूद सरकार को भरोसा है कि यूपीआई लेनदेन की रफ्तार बनी रहेगी। 15 अक्टूबर के बाद के आंकड़े ही तय करेंगे कि व्यापारी और यूजर्स नई व्यवस्था कैसे अपनाते हैं।

---

**बिजनेस एंकर** 'नेपोली ऑन द रोड' बनी दुनिया की नंबर-1 पिज्जा चेन, सिर्फ एक फूड वैन से शुरू हुआ था सफर

# लंदन की पिज्जा चेन ने पहली बार इटली का वर्चस्व खत्म किया

बिजनेस संवाददता | लंदन

ब्रिटेन की छोटी पिज्जा चेन 'नेपोली ऑन द रोड' ने इटली को शिकस्त देकर दुनिया की नंबर-1 पिज्जा चेन का खिताब जीत लिया है। पिज्जा के जन्मदाता इटली का इस ग्लोबल अवाॅर्ड्स में सात में से छह साल दबदबा था। इटली के नेपल्स स्थित तेआत्रो मर्कदांते थिएटर में जब '50 टॉप पिज्जा' अवार्ड्स के 10वें संस्करण के नतीजे आए, तो इटैलियन शेफ्स का एकाधिकार खत्म हो गया। परिणाम सुनते ही 34 वर्षीय संस्थापक शेफ मिकेले पासकेरेला स्तब्ध रह गए और इसे पिज्जा जगत का ऑस्कर बताया। गुप्त इंस्पेक्टरों ने स्वाद, सामग्री की शुद्धता और डाइनिंग अनुभव के आधार पर मूल्यांकन किया था। कैसर्टा में पिज्जा बनाना सीखने वाले पासकेरेला लंदन के चिसविक, रिचमंड और सोहो में तीन आउटलेट चला रहे हैं। पासकेरेला को 2023 के अवार्ड्स में 'ग्लोबल पिज्जा मेकर ऑफ द ईयर' चुना गया था। इससे पहले उनकी पिज्जा चेन यूरोप की बेस्ट पिज्जेरिया का खिताब भी जीत चुकी है। हालांकि उस यूरोपियन रैंकिंग में इटली के रेस्तरां को शामिल नहीं किया गया था। इस बार सीधे इटैलियन दिग्गजों से कड़ा मुकाबला था। एक फूड वैन से शुरू हुआ यह सफर अब लंदन में तीन स्थायी रेस्तरां तक बढ़ चुका है। इस जीत ने कैसर्टा (इटली) शहर स्थित प्रसिद्ध 'आई मसानीली' पिज्जेरिया के लंबे दबदबे को समाप्त कर दिया। शेफ फ्रांचेस्को मारतुची का ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ पिज्जा बनाने के लिए नेपल्स या इटली में होना ही जरूरी नहीं है। ब्रिटेन के दो अन्य रेस्तरां '50 कालो' 23वें और 'स्टाइल नेपोलितानो' 74वें स्थान पर रहे। ओवरऑल लिस्ट में 31 रेस्तरां के साथ इटली पहले और 22 के साथ अमेरिका दूसरे नंबर पर रहा। लिस्ट में जापान समेत 36 देशों के रेस्तरां शामिल हुए।

**खासियत • पांच इटैलियन चीज से बना है 'चीजविक' पिज्जा**



'नेपोली ऑन द रोड' की सफलता के पीछे 34 वर्षीय शेफ मिकेले पासकेरेला का अनूठा प्रयोग है। उन्होंने मशहूर 'मार्गरीटा' के अलावा एक खास 'चीजविक' पिज्जा तैयार किया। इसमें 5 तरह के विशेष इटैलियन चीज और घर पर बने टमैटो जैम का इस्तेमाल होता है। पासकेरेला ने इसे बड़ी चेन बनाने के व्यावसायिक ऑफर इसलिए ठुकरा दिए ताकि स्वाद की गुणवत्ता, सामग्री की शुद्धता बनी रहे।

**टॉप-10 पिज्जा चेन में लंदन की सिर्फ एक**

| रैंकिंग | पिज्जा चेन का नाम | शहर |
|---|---|---|
| 1 | नेपोली ऑन द रोड | लंदन, यूके |
| 2 | उना पिज्जा नेपोलिताना | न्यूयॉर्क, यूएस |
| 3 | कॉनफाइन | मिलान, इटली |
| 4 | आई मसानीली | कैसर्टा, इटली |
| | सेउ पिज्जा इलुमिनाती | रोम, इटली |
| 5 | पिज्जेरिया सेई | लॉस एंजिलिस, यूएस |
| | टोनीज पिज्जा नेपोलिताना | सैन फ्रांसिस्को, यूएस |
| 6 | लेगेरा पिज्जा नेपोलिताना | साओ पाउलो, ब्राजील |
| 7 | रिस्टोपिज्जा बाय नेपोली स्टा का | टोक्यो, जापान |
| 8 | बाल्डोरिया | मैड्रिड, स्पेन |
| 9 | द पिज्जा बार ऑन 38थ | टोक्यो, जापान |
| 10 | रज्जा | जर्सी सिटी, यूएस |

---

## कोरे डिजिटल के सीईओ, एमडी पर सेबी की पाबंदी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सेबी ने वित्तीय आंकड़ों में गड़बड़ी, गैर-वास्तविक अधिग्रहण और फंड के कथित गलत इस्तेमाल के मामले में कोरे डिजिटल और उसके तीन शीर्ष अधिकारियों को शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। कंपनी के एमडी रविंद्र दोशी, सीएफओ कश्मीरा दोशी और सीईओ चैतन्य दोशी पर भी शेयरों की खरीद-बिक्री पर रोक है। सेबी ने एनएसई को कंपनी के एसएमई प्लेटफॉर्म से मेनबोर्ड में माइग्रेशन पर भी रोक लगाने को कहा है। नियामक के मुताबिक 541.3 करोड़ रुपए की आय में भी गड़बड़ी मिली।

## चिंतन

# भारत की दो टूक, देश के लोगों के हित सर्वोपरि

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद भारत ने भी दो टूक प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों के हित, जरूरत और ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि हैं। भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा। अमेरिकी विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था और करोड़ों परिवारों का जीवन ऊर्जा की कीमतों से सीधे जुड़ा है। कच्चे तेल की लागत में बड़ी वृद्धि का असर परिवहन, विनिर्माण, बिजली, खाद्य पदार्थों की कीमतों और अंततः महंगाई पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत ने वाशिंगटन को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश अपने आर्थिक और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत का रुख हमेशा से साफ रहा है कि भारत किसी तीसरे देश के एकतरफा प्रतिबंधों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और उसके फैसले केवल राष्ट्रीय हितों से संचालित होते हैं। रूस से सस्ता कच्चा तेल मिलने के कारण पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रिफाइनरियों की खरीद में उसकी भूमिका बढ़ी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का स्वरूप बदला और भारत ने उपलब्ध बाजार अवसरों का इस्तेमाल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया है। इसके पीछे तर्क है कि ऊर्जा खरीद किसी राजनीतिक पक्षधरता से अधिक उसके उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था की जरूरतों से संचालित होती है। दूसरी ओर, अमेरिका का दृष्टिकोण रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने से जुड़ा है। उसकी चिंता यह है कि रूसी ऊर्जा की खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है। इसलिए भारत और चीन जैसे बड़े खरीदारों को निशाना बनाने का प्रावधान रूस पर दबाव की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, यदि बड़े खरीदारों पर भारी शुल्क लगाया जाता है तो वैश्विक तेल व्यापार में आपूर्ति, कीमत और परिवहन लागत प्रभावित हो सकती है। भारत-अमेरिका संबंध आज व्यापार, तकनीक, रक्षा, निवेश और रणनीतिक सहयोग के कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में ऊर्जा व्यापार को लेकर मतभेदों को व्यापक संबंधों पर हावी होने देना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। ऐसे में भारत के सामने चुनौती संतुलन बनाने की है। रूस के साथ पुराने रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए अमेरिका के साथ बढ़ते सहयोग को भी आगे बढ़ाना है। इसके लिए सबसे कारगर रास्ता किसी एक पक्ष के दबाव में आने के बजाय ऊर्जा स्रोतों का लगातार विविधीकरण, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और वैश्विक बाजार में अपने विकल्प मजबूत करना है। नई दिल्ली का संदेश मूलतः यही है कि विदेश नीति में मित्रता और साझेदारी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अंतिम कसौटी राष्ट्रीय हित है। ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरत को भू-राजनीतिक दबाव का साधन नहीं बनने दिया जा सकता। भारत को अपने लिए उपलब्ध हर वैध और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प खुला रखना होगा। आज की वैश्विक व्यवस्था में आत्मनिर्भरता का अर्थ इतने विकल्प तैयार रखना है कि किसी एक स्रोत पर निर्भरता मजबूरी न बने। भारत की ऊर्जा नीति को इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरत, आर्थिक स्थिरता और व्यापक राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं। यही भारत की स्पष्ट और संतुलित नीति का आधार होना चाहिए।

# यूनिफार्म सिविल कोड पर विलाप क्यों



**मुद्दा**
अरविंद जयतिलक

> केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। गौर करें तो पहली बार नहीं है जब यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ वितंडा खड़ा किए जाने की कोशिश हो रही है। याद होगा कि स्वाधीनता दिवस की 78वीं सालगिरह पर जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत पर बल दिया था, उस दरम्यान भी विरोध के बोल ऊंचे हुए थे। यह प्रवृत्ति देशहित में नहीं है। सबके लिए एक समान कानून होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। लेकिन मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेकुलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरूप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिफार्म सिविल कोड की जरूरत पर बल देते हैं तो यह उचित ही है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो।

अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं, तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है। अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक



प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह कि विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलंबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए।

1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया, लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में वैयक्तिक विधि का संहिताकरण करके समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के मामले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गई, फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निर्देश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का मामला उछला तब भी इसकी आवश्यकता महसूस की गई। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी, जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानो ने जीविका का कोई साधन न होने के कारण अपने पति से गुजारा भत्ता लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गई। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## मॉर्फ्ड तस्वीरें

डॉ. मोनिका शर्मा



# तकनीक ही नहीं, विचार भी अपडेट होने चाहिए

हाल में आपत्तिजनक वस्त्रों में गंगा स्नान करती एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो साझा करने वाले बहुत से यूजर्स ने न केवल महिला के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया बल्कि ऐसे कपड़ों में गंगा स्नान करने के लिए रोष भी जताया। हरिद्वार के हरकी पैड़ी जैसे पवित्र स्थल से आए इस वीडियो को लेकर लोगों ने धार्मिक स्थलों पर मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की बात भी कही। बाद में सामने आया कि यह वीडियो नकली है। असली वीडियो में महिला सलवार-सूट पहनकर स्नान करती दिखती है। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर एआइ से कपड़े बदलकर महिला को आपत्तिजनक कपड़ों में दिखाया गया। वस्तुतः इस वीडियो ने महिलाओं की निजता और सुरक्षा को लेकर अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। किसी सार्वजनिक स्थल पर स्त्रियों का सभ्य पहनावे में उपस्थित होना भी अब जोखिमपूर्ण हो गया है। ध्यातव्य है कि तकनीक के गलत इस्तेमाल का चिंतनीय उदाहरण बना यह वीडियो सोशल मीडिया क्रिएटर सोनम यादव का है। सोनम ने स्वयं इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर बताया कि वायरल वीडियो को एआई की मदद से बनाया गया है। उनके असली वीडियो के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की है। गौरतलब है कि इन्हीं दिनों अभिनेत्री शालिनी पांडे का भी टॉपलेस वीडियो सामने आया। शालिनी ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि ' मेरा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह से बनावटी है और इसमें मैं नहीं हूं।' कुछ समय पहले मराठी और हिंदी की चर्चित अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले की भी एआई-जनित तस्वीरें सोशल मीडिया हुई थीं। एक वीडियो जारी कर गिरिजा ने बताया था कि ' सोशल मीडिया पर बिना किसी नियम के ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाई और फैलाई जाती हैं। दुखद है कि चर्चित चेहरों से लेकर आम महिलाओं तक, एआई से बनी तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते ऐसी घटनाएं डिजिटल यौन उत्पीड़न का रूप लेने लगी हैं। चिंतनीय है कि ऐसी नकली सामग्री की पहुंच भी बहुत अधिक होती है। मैकऐफी की 'सबसे खतरनाक सेलेब्रिटी -डीपफेक धोखे की सूची' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 75 प्रतिशत लोग डीपफेक कंटेंट देखते हैं। वहीं 2020 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में 118 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनमें महिलाओं की मॉर्फ की गई तस्वीरों के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। जबकि निजता का हनन करने वाले ऐसे वीडियो से किसी महिला के लिए सामाजिक-पारिवारिक जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नकली कंटेन्ट को हटाने की प्रक्रिया भी आसान नहीं है। अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले ने अपनी मॉर्फ्ड तस्वीरें वायरल होने पर कहा था कि मेरी ये तस्वीरें इंटरनेट पर हमेशा रहेंगी। यह सोचकर मुझे डर लगता है कि मेरा बारह साल का बेटा इन्हें देखेगा।' समझना कठिन नहीं कि किसी महिला का आपत्तिजनक फेक कंटेन्ट भी उसे असुरक्षित और अपमानित महसूस कराता है। ऐसी सामग्री की बार-बार चर्चा होती है। वायरल वीडियो के यहां-वहां दिखने और उस पर आई यूजर्स की असभ्य प्रतिक्रियाएं मानसिक तनाव बढ़ाती हैं। यही वजह है कि कुछ समय पहले भारत में डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए लोकसभा में रेगुलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। ज्ञात हो कि डीपफेक तकनीकी टूल्स के जरिये किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिलकुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। वास्तविक लगने वाले ऐसे कंटेन्ट का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ने वाली सोची-समझी करतूत होती है। असल में एआई टूल्स की सहज उपलब्धता इस समस्या की जड़ है। इन्टरनेट पर तस्वीरों को बदलने वाले एप्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहुंच में हैं, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़े हैं। रचनात्मक मोर्चे पर तकनीक का बेहतरीन उपहार मानी जाने वाली आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयार डीपफेक कंटेन्ट ने आमजन को कमोबेश सभी को भय और असुरक्षा के घेरे में ला दिया है। जबकि सृजनशील सोच के साथ तकनीक उपयोग करने वालों के लिए एआई वरदान से कम नहीं। आवश्यक है कि आमजन स्त्रियों की निजता का मान करना सीखें। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग अपने विचारों को भी अपडेट करें।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित

**दर्शन**

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इसपर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए। यही कारण है कि आधुनिक वित्तीय व्यवस्था में धनशोधन की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है। - *संदीप शुक्ला, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### नासा के यान ने चंद्रमा पर खोजा रोम के कोलोसियम से बड़ा गड्ढा

वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक ऐसे नए गड्ढे की खोज की है जो रोम के कोलोसियम से भी बड़ा है। यह गड्ढा दो साल पहले हुई एक शक्तिशाली टक्कर के कारण बना था, लेकिन उस समय इसका पता नहीं चल पाया था। करीब 728 फुट चौड़ा और 141 फुट तक गहरा यह गड्ढा हाल के समय में सौर मंडल में बना ज्ञात सबसे बड़ा प्रभाव-गड्ढा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इतनी बड़ी टक्कर की घटना करीब 132 साल में एक बार होने का अनुमान है। नासा द्वारा चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आधार बनाने की तैयारी के बीच यह घटना वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का दुर्लभ अवसर है।



'साइंस एडवांसेज' पत्रिका में बुधवार को प्रकाशित दो अध्ययनों में से एक में वैज्ञानिकों ने कहा कि यह घटना 'सांख्यिकीय रूप से दुर्लभ, लगभग जीवन में एक बार होने वाला अवलोकन' है। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने मई 2024 में चंद्रमा के पृथ्वी की ओर वाले हिस्से में इस गड्ढे को देखा था। यह किसी क्षुद्रग्रह या धूमकेतु के टुकड़े के चंद्रमा से टकराने के बाद बना था। पृथ्वी और अंतरिक्ष में मौजूद दूरबीनें वास्तविक समय में इस टक्कर का पता नहीं लगा सकीं।

## ऑफ बीट

### लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है- ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।



## X ट्रेंड f

### आस्था के केंद्र



वडनगर (गुजरात) में स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर, भारतीय वास्तुकला और आस्था का एक अनूठा संगम है। इस मंदिर की बारीक नक्काशी और स्वयंभू शिवलिंग सदियों से आस्था के केंद्र रहे हैं।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### अंगदान संकल्प अभियान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर, दिल्ली के ऑनलाइन अंगदान संकल्प अभियान की शुरुआत की और अंगदान करने का अपना संकल्प भी दर्ज कराया। अंगदान के पीछे गहरी सोच है। एक जीवन की यात्रा पूरी होने के बाद भी, यह किसी और के लिए नई शुरुआत बन सकता है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हार्दिक बधाई



शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई। हर घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। मैं उन सभी श्रमिकों और कारीगरों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूँ जो मेहनत और कौशल से देश की प्रगति को आगे बढ़ाते हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### लोकतंत्र में लूट



राजस्थान में लोकतंत्र को खुलेआम लूटा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय का एक आईएएस अधिकारी कलेक्टरों और एसडीएम को धमका रहा है कि वे किसी भी तरह बीजेपी का बोर्ड बनवाएं। जो लोग मना करते हैं, उन्हें पुलिस जबरदस्ती उठा ले जाती है।
- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Click Here